You Tube kanwhizztimes

@kanwhizztimes

@kanwhizztimes

www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-200 ❑ रविवार, 24 अगस्त 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12




आज ही के दिन वर्ष 2023 में हमारे महान वैज्ञानिकों ने भारत के गौरव 'चंद्रयान-3' की चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग कराकर वैश्विक अंतरिक्ष इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी थी। यह मिशन 'नए भारत' के असीम सामर्थ्य का प्रतीक है। **योगी आदित्यनाथ**


देश की प्रगति के लिए 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' जरूरी : चौहान 11

मुख्यमंत्री ने हिन्दी सेवी सम्मान पुरस्कार से 12 साहित्यकारों को किया सम्मानित 12


## संक्षेप

### सरकार ने मुरादाबाद के कमिश्नर आन्जनेय सिंह को मूल कैडर के लिए किया रिलीव

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने मुरादाबाद के मंडलायुक्त आन्जनेय सिंह को उनके मूल सिक्किम कैडर के लिए रिलीव कर दिया है। नियुक्ति विभाग ने प्रतिनियुक्ति की समाप्ति पर नियमानुसार मिलने वाले 60 दिन का अवकाश भी उनके लिए स्वीकृत कर दिया है। बताते चलें कि आन्जनेय सिंह करीब 10 साल यूपी में प्रतिनियुक्ति पर रहे। वर्ष 2005 बैच के आईएएस अधिकारी आन्जनेय सिंह फरवरी 2015 में प्रतिनियुक्ति पर यूपी आए थे। वे यहां बुलंदशहर, फतेहपुर और रामपुर के डीएम रहे। 2 मार्च 21 से मुरादाबाद के कमिश्नर थे। नियुक्ति विभाग ने मुरादाबाद के कमिश्नर का चार्ज वहां के जिलाधिकारी को दे दिया है। शासन के सूत्रों के मुताबिक, अब यह केंद्र पर निर्भर करेगा कि उनकी प्रतिनियुक्ति की अवधि बढ़ाता है या नहीं।

### उत्तर प्रदेश में कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में गंगा, यमुना, घाघरा और शारदा समेत कई प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। सरकार ने 43 जिलों को बाढ़ प्रभावित घोषित कर दिया है। उत्तर प्रदेश राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश के 43 जिलों में एक लाख 44 हजार 945 हेक्टेयर कृषि भूमि सहित दो हजार 505 गांव बाढ़ की चपेट में हैं, जिससे नौ लाख 29 हजार 828 लोग प्रभावित हुए हैं। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने कहा कि बाढ़ के कारण विभिन्न जिलों में 639 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और 606 मकान मालिकों को मुआवजा दिया गया है। सरकार ने 1,376 बाढ़ आश्रय स्थल स्थापित किए हैं और 91,105 बाढ़ पीड़ितों को आश्रय स्थलों में स्थानांतरित किया गया है। सरकार ने राहत और बचाव कार्यों के लिए 3,273 नावें और मोटर बोट भी तैनात की हैं। लगातार बारिश के कारण लखीमपुर खीरी, सीतापुर, पीलीभीत, बाराबंकी और अन्य जिलों के कई इलाकों में बाढ़ आ गई है, लेकिन नदियों की सफाई के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश के कारण बाढ़ का प्रभाव न्यूनतम रहा है।

### शाह ने सीपी राधाकृष्ण से की मुलाकात

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने उप राष्ट्रपति पद के लिए सत्तारुढ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से शनिवार को राजधानी में भेंट की। श्री शाह ने श्री राधाकृष्णन का स्वागत करते हुए उन्हें पटका पहनाया और गुलदस्ता भेंट किया। इस मुलाकात के बारे में गृहमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में श्री राधाकृष्णन को एक अनुभवी नेता बताया और कहा कि उन्हें संगठन और प्रशासन में काम करने का विशाल अनुभव है। श्री शाह ने लिखा, 'मुझे विश्वास है कि वह अपने विषद अनुभवों के साथ भारत में राष्ट्रीय विमर्श को समृद्ध करेंगे।

# अमेरिका के लिए डाक सेवाएं सस्पेंड

**ट्रंप टैरिफ के खिलाफ भारत का बड़ा एक्शन**

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत के डाक विभाग ने शनिवार को अमेरिका के लिए आने वाली सभी प्रकार की डाक वस्तुओं को अस्थायी रूप से निलंबित करने का फैसला किया। यह आदेश 25 अगस्त, 2025 से प्रभावी होगा।

आधिकारिक सूचना के अनुसार इस निर्णय के तहत अमेरिका के लिए हर मूल्य की डाक वस्तु पर देश-विशिष्ट अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम-आईईईपीए टैरिफ के अनुसार सीमा शुल्क के अधीन होंगी। सरकार ने हालांकि 100 डॉलर मूल्य तक के उपहार की वस्तुओं को इस शुल्क के दायरे से मुक्त रखने का फैसल किया है।





इस आदेश के अनुसार डाक नेटवर्क से पहुँचने वाले परिवहन वाहकों या अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा-सीबीपी द्वारा अनुमोदित अन्य 'पक्षों का डाक शिपमेंट पर शुल्क वसूलना और भेजना महत्वपूर्ण है। हालाँकि सीबीपी ने 15 अगस्त को कुछ दिशानिर्देश जारी किए थे लेकिन 'पक्षों' के पदनाम और शुल्क वसूली एवं सामान भेजने वाले तंत्र से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रक्रियाएँ अभी निर्धारित नहीं हुई हैं। इसी का परिणाम है कि अमेरिका जाने वाले हवाई वाहकों ने परिचालन और तकनीकी तैयारी की कमी का हवाला देते हुए 25 अगस्त से डाक खेप स्वीकार करने में असमर्थता व्यक्त की है। डाक विभाग ने इन स्थितियों को ध्यान में रखते हुए 25 अगस्त से अमेरिका जाने वाली सभी प्रकार की डाक वस्तुओं की बुकिंग अस्थायी रूप से निलंबित करने का निर्णय लिया है लेकिन उन पत्रों तथा दस्तावेजों और उपहार की वस्तुओं को इसके दायरे से बाहर रखा गया है जिनका मूल्य 100 डॉलर तक है। इन छूट प्राप्त श्रेणियों को सीबीपी और यूएसपीएस से आगे स्पष्टीकरण मिलने के बाद, अमेरिका में स्वीकार और भेजा जाना जारी रहेगा। सरकार का कहना है कि जिन ग्राहकों ने पहले ही ऐसी सामग्री बुक कर ली है जो इन परिस्थितियों के कारण अमेरिका नहीं भेजी जा सकती, वे डाक शुल्क वापसी की मांग कर सकते हैं। डाक विभाग ग्राहकों को हुई असुविधा के लिए गहरा खेद व्यक्त करता है और आश्वासन देता है कि अमेरिका के लिए पूर्ण सेवाएँ जल्द से जल्द बहाल करने के लिए हर संभव उपाय किए जा रहे हैं।

भारतीय डाक विभाग ने कहा है कि जिन कस्टमर्स ने पहले से ही ऐसी सर्विस बुक कर ली थी और अब वे इन परिस्थितियों के कारण अमेरिका पार्सन नहीं भेज सकते हैं, वह रिफंड के लिए क्लेम कर सकते हैं। डाक विभाग ने ग्राहकों को हुई असुविधा के लिए दुख व्यक्त किया है और आश्वासन दिया है कि अमेरिका के लिए पूर्ण सेवाएं जल्द बहाल करने के उपाय किए जाएंगे।

गौरतलब है कि अमेरिका ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया है और 27 अगस्त से इसे बढ़कर 50 फीसदी करने का प्लान किया है, जिसका मतलब है कि अमेरिका में भारतीय वस्तुएं अब पहले से ज्यादा महंगी हो जाएंगी. वहीं दोनों देशों के बीच व्यापार तनाव को भी पैदा कर रहा है।

# अमेरिका से कोई 'कुट्टी' थोड़े हो गयी है : जयशंकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। अमेरिका से कोई 'कुट्टी' थोड़े ही गयी है ! विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को यहां एक निजी टेलीविजन चैनल के एक परिचर्चा कार्यक्रम में एक सवाल के जवाब में ये बात कही।

अमेरिका के साथ व्यापारिक, राजनयिक संबंधों पर चर्चा के दौरान श्री जयशंकर ने कहा कि अमेरिका से बातचीत चल रही है। इस पर चैनल की ओर से बातचीत कर रहे मीडियाकर्मी के इस सवाल पर कि , क्या अब भी जबकि अब अमेरिका से व्यापार वार्ता के लिये आने वाला दल अब नहीं आ रहा है। इस पर विदेश मंत्री ने श्रोताओं के ठहाके के बीच कहा, कोई कुट्टी थोड़े ही हुईक्ष् उन्होंने कहा कि वार्ताकार दल की यात्रा स्थगित होने का मतलब यह थोड़े है कि हमारी बातचीत बंद हो गयी है।

श्री जयशंकर ने कहा कि व्यापार के क्षेत्र में वर्तमान में उठे मुद्दे को लेकर अन्य क्षेत्रों में अमेरिका के साथ सहयोग के संबंध बरकार है। उन्होंने कहा कि व्यापार के मामले में भारत की सरकार के रूप में अपने देश के किसानों और छोटे उत्पादकों के हित हमारे लिए ' लक्ष्मण रेखा है।' इस पर हम कोई समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि इसी तरह रणनीतिक स्वायत्तता के मामले में भारत की पिछली 50 साल की यही नीति रही है कि हमें पाकिस्तान के साथ मुद्दों को लेकर किसी तीसरे देश की मध्यस्थता मंजूर नहीं। उन्होंने कहा , ' इस समय जो लोग हमारी आलोचना कर रहे हैं उनसे मेरा उल्टा सवाल है कि क्या हम किसानों के हित को छोड़ दे, क्या हम अपनी रणनीति स्वायत्तता को छोड़ दें। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत अपने किसानों और संवेदनशील क्षेत्रों के हितों के साथ समझौता नहीं कर सकता। श्री जयशंकर ने पिछले ढाई दशक में अमेरिका के साथ बढ़ते संबंधों में अचानक आये मोड़ पर अपनी राय पूछे जाने पर कहा कि राष्ट्रपति क्लिंटन (बिल) की यात्रा, राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश के समय अमेरिका के साथ परमाणु समझौता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2014 की अमेरिका यात्रा, इस अवधि में मजबूती की दिशा में बड़ी घटनायें रही। उन्होंने कहा कि इस दौरान पाकिस्तान , और चीन को लेकर अमेरिका की नीति (जी2) जैसे कुछ मुद्दे भी उभरे लेकिन समय के साथ संबंधों में कुल मिला कर शुद्ध रूप में प्रगति होती रही । समय के साथ यही दिखा कि समय के साथ बातें अच्छी ही हुईं। विदेश मंत्री ने कहा कि ' हम बड़े देश हैं, हमारे बहुत से देशों के साथ संबंध होते हैं। ..अंततः मुद्दों का समाधान महत्व रखता है।'



**दो टूक**

❑ व्यापार समझौते में हमारे सामने कुछ सीमाएं हैं : विदेश मंत्री

यह पूछे जाने पर कि क्या यह अजीब नहीं है कि अमेरिका भारत जैसे एक रणनीतिक भागीदार पर राष्ट्रीय सुरक्षा के बहाने आयात शुल्क लगा रहा है? विदेश मंत्री का कहना था कि शुल्क की घोषणा तो दूर अमेरिका ने इससे पहले सार्वजनिक बयानों के जरिये विदेश नीति का संचालन नहीं किया। श्री ट्रम्प अपने देश और बाहरी दुनिया के साथ जिस ढंग से व्यवहार कर रहे हैं वह अलग ही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ इस समय तीन मुद्दे हैं इनमें पहला मुद्दा द्विपक्षीय व्यापार का है जिसमें भारत ने स्पष्ट किया है कि हमारी - एक लक्षमण रेखा है। हम इस पर समझौता नहीं करेंगे।' उन्होंने कहा कि दूसरा मुद्दा तेल खरीद के जरिये रूस की सैन्य-मशीन के वित्तपोषण के आरोप का है और यहां रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार भारत नहीं चीन है। रुस से सबसे अधिक एलएनजी ईंधन आयात यूरोपीय संघ कर रहा है। यूरोपीय संघ का रूस के साथ व्यापार रुस और भारत के व्यपार से कहीं ज्यादा है।

रूस का कच्चा तेल खरीद कर मुनाफाखोरी करने के अमेरिकी अधिकारियों को दो टूक जवाब देते हुए विदेश मंत्री ने कहा, ' आप को (अमेरिका और यूरोपीय संघ को) दिक्कत है तो , आप मत खरीदिए।' उन्होंने अमेरिकी अधिकारियों पर तंज कसते हुए यह भी कहा, यह हास्यास्पद है कि जो लोग एक व्यापार-समर्थक अमेरिकी सरकार के लिए काम करते हैं, वे दूसरों पर व्यापार करने का आरोप लगा रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर रोकने संबंधी ट्रम्प के दावे के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने ● शेष पेज 11 पर

# अनिल अंबानी के ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित बैंक धोखाधड़ी के सिलसिले में शनिवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसके परिसरों पर छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

आरोप है कि इस धोखाधड़ी से भारतीय स्टेट बैंक को 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई आरकॉम और उसके प्रवर्तक निदेशक अनिल अंबानी से जुड़े परिसरों पर छापेमारी कर रही है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पिछले महीने लोकसभा में एक लिखित जवाब में बताया था कि इन संस्थाओं को 13 जून को धोखाधड़ी करने वाले संस्थानों के रूप में वर्गीकृत किया गया था। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पिछले महीने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा था कि धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन से संबंधित भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निर्देशों और धोखाधड़ी के वर्गीकरण, रिपोर्टिंग व प्रबंधन से जुड़े बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार 13 जून को इन संस्थाओं को धोखाधड़ी करने वाली संस्थाओं के रूप में वर्गीकृत किया गया था। उन्होंने कहा था, 24 जून, 2025 को बैंक ने आरबीआई को धोखाधड़ी की सूचना दी थी और सीबीआई में भी शिकायत दर्ज कराई जा रही है। इस मामले में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।






❑ एफआईआर भी दर्ज हुई, भारतीय स्टेट बैंक से 2929 करोड़ रुपए के लोन-फ्रॉड का मामला

# नयी उभरती अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है भारत : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सेमी क्रायोजेनिक रॉकेट इंजन और विद्युत प्रणोदन प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और देश अपने वैज्ञानिकों के प्रयास से जल्द ही गगनयान की उड़ान भरेगा। श्री मोदी ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर देश के वैज्ञानिकों और तकनीक सेवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में निरंतर नए आयाम तय कर रहा है। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का प्रशासन और जन सुविधा के क्षेत्र में इस्तेमाल हो रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा, आज भारत सेमी क्रायोजेनिक इंजन और इलेक्ट्रिक प्रपल्सन जैसी नयी उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। जल्द ही, आप सब वैज्ञानिकों की मेहनत से, भारत गगनयान की उड़ान भी भरेगा...और आने वाले समय में, भारत अपना स्पेस स्टेशन भी बनाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस भारत के युवाओं में उत्साह और आकर्षण का अवसर बन गया हैजो देश के लिए गर्व की बात है। श्री मोदी ने कहा, मैं स्पेस सेक्टर से जुड़े सभी लोगों को, वैज्ञानिकों को, सभी युवाओं को नेशनल स्पेस डे की बधाई देता हूँ। आज अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी भारत में राजकाज का भी हिस्सा बन रही है। उन्होंने कहा कि फसल बीमा योजना में उपग्रह आधारित आकलन हो रहा है। मछुआरों को उपग्रह से मिल रही जानकारी और सुरक्षा प्रदान की जा रही ह। आपदा प्रबंधन का कार्य हो या प्रधानमंत्री गज शक्ति कार्यक्रम में भू स्थानक सूचना का अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल हो आज अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की प्रगति सामान्य नागरिकों का जीवन आसान बना रही है।



### अंतरिक्ष यात्रियों का पूल तैयार करने की योजना

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को देश के वैज्ञानिकों को आकाशगंगा से भी दूर अंतरिक्ष के अन्वेषण की चुनौती दी और निजी क्षेत्र को अंतरिक्ष में और ज्यादा काम करने के लिए आमंत्रित किया। अंतरिक्ष दिवस पर यहां भारत मंडपम में आयोजित एक कार्यक्रम में वीडियो संदेश में श्री मोदी ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में देश के ● शेष पेज 11 पर

# आजमगढ़ में पुलिस मुठभेड़ में एक लाख का इनामी बदमाश ढेर

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने आजमगढ़ जिले के जहानागंज क्षेत्र में शनिवार तड़के एक सशस्त्र मुठभेड़ में एक लाख रुपए के इनामी बदमाश को मार गिराया। एसटीएफ वाराणसी इकाई को सूचना मिली थी कि लूट और हत्या के मामलों में वांछित एक लाख रुपए का इनामी अपराधी शंकर कनौजिया आजमगढ़ क्षेत्र में अपने गिरोह के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इस सूचना के आधार पर निरीक्षक पुनीत परिहार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक आलोक सिंह, मुख्य आरक्षी अनिल चौरसिया, सुमित सिंह और राजेंद्र पांडेय की टीम ने जहानागंज थाना क्षेत्र में कार्रवाई शुरू की।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी के दौरान शंकर कनौजिया ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाना शुरू कर दिया। पुलिस टीम के सदस्य बाल-बाल बच गए। जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से शंकर कनौजिया गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां ● शेष पेज 11 पर

# कर्नाटक के कांग्रेस विधायक गिरफ्तार

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बताया कि कर्नाटक के कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र कुमार उर्फ 'पप्पी' को कथित अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी मामले में शनिवार को सिक्किम से धन शोधन निरोधक कानून के तहत गिरफ्तार किया गया। संघीय जांच एजेंसी ने यह भी बताया कि उसने शुक्रवार को कई राज्यों में की गई छापेमारी के बाद 12 करोड़ रुपये नकद (लगभग एक करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा सहित), 6 करोड़ रुपये के सोने के आभूषण, लगभग 10 किलोग्राम चांदी और चार वाहन जब्त किए।

ईडी ने बताया कि चित्रदुर्ग के 50 साल के विधायक को शुक्रवार को सिक्किम की राजधानी गंगटोक में एक नामित मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया और बंगलूरू की न्यायिक अदालत में पेश करने के लिए ट्रांजिट रिमांड हासिल की गई। ईडी का बंगलूरू जोन मामले की जांच कर रहा है।



❑ 12 करोड़ रुपये नकद, 6 करोड़ रुपये के सोने के आभूषण, लगभग 10 किलोग्राम चांदी और चार वाहन जब्त

एजेंसी ने बताया कि विधायक अपने सहयोगियों के साथ एक कसीनो लीज पर लेने के लिए व्यावसायिक यात्रा पर गंगटोक गए थे। वीरेंद्र के भाई केसी नागराज और उनके बेटे पृथ्वी एन राज के ठिकानों से संपत्ति से जुड़े कई दस्तावेज भी जब्त किए गए। ईडी ने कहा, 'उनके अन्य सहयोगी, जैसे कि एक और भाई केसी थिप्पेस्वामी, दुबई से ऑनलाइन गेमिंग का संचालन संभाल रहे हैं। इससे पहले ईडी ने बीते दिन धन शोधन मामले में वीरेंद्र और कुछ अन्य लोगों से ● शेष पेज 11 पर

**उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के 42वें अधिवेशन में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

# न्यायिक व्यवस्था सुगम और त्वरित होना जरूरी : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन का लक्ष्य तभी प्राप्त हो सकता है, जब हमारी न्यायिक व्यवस्था सुगम, त्वरित और सुलभ हो। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए विकसित उत्तर प्रदेश का निर्माण आवश्यक है और इसके लिए एक मजबूत और त्वरित न्यायिक व्यवस्था अनिवार्य है। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के 42वें अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे।

लखनऊ में आयोजित इस भव्य सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी ने न्यायिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए न्यायपालिका को सुशासन का रक्षक बताया और कहा कि इसके सुदृढ़ीकरण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर सीएम ने संघ की स्मारिका का अनावरण भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने न्यायिक सेवा संघ के लिए 50 करोड़ रुपये का कॉर्पस फंड देने की घोषणा भी की।



मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के 42वें अधिवेशन को 'न्यायिक अधिकारियों का महाकुंभ' बताते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल एकता और परस्पर सहयोग का प्रतीक है, बल्कि व्यावसायिक दक्षता और बेस्ट प्रैक्टिस को बढ़ावा देने का भी मंच है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी उपस्थित न्यायमूर्तियों, अवकाश प्राप्त न्यायमूर्तियों और प्रदेश भर से आए न्यायिक अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह अधिवेशन ऐसे समय में आयोजित हुआ, जब भारत अपने संविधान के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि संविधान की मूल थीम 'न्याय, स्वतंत्रता और बंधुता' इस आयोजन का आधार है। उन्होंने प्रयागराज के महाकुंभ का जिक्र करते हुए कहा कि जिस तरह महाकुंभ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है, उसी तरह यह अधिवेशन न्यायिक अधिकारियों की एकता और उनकी पेशेवर दक्षता को प्रदर्शित करता है। मुख्यमंत्री ने गर्व के साथ कहा कि उत्तर प्रदेश में देश का सबसे बड़ा उच्च न्यायालय मौजूद है। प्रयागराज में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ और लखनऊ में इसकी बेंच प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। यह न केवल हमारे लिए, बल्कि देश और दुनिया के सामने उत्तर प्रदेश की छवि को विश्वास के रूप में प्रस्तुत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि 102 वर्षों के अपने इस इतिहास में ● शेष पेज 11 पर

### न्यायिक कार्यों में लगी महिलाओं के लिए आयेगा सुरक्षा प्रस्ताव

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के 42 वें सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि न्यायिक कार्यों में लगी महिलाओं की सुरक्षा संबंधी प्रस्ताव भी सरकार जल्द लाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिला जज के लिए एसी लगाया जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार मदद करेगी। न्यायिक कार्य करने वालों के सरकार कॉर्पस फंड भी लाएगी। योगी ने कहा ल्ल मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि सन 2018 के अधिवेशन में भी मुझे सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ था। उस समय भी यह बात स्पष्ट थी कि न्यायिक सेवा से जुड़ी संस्थाएं न केवल संगठन का स्वरूप देती हैं, बल्कि न्याय प्रणाली के भविष्य को तय करने में भी एक निर्णायक भूमिका निभाती हैं। 42वें अधिवेशन के अवसर पर, राज्य की राजधानी में आपकी गरिमामयी उपस्थिति न केवल हमें प्रेरित करती है, बल्कि हमें नए उत्साह और प्रेरणा के नए स्रोत की ओर भी ले जाती है। मैं आप सभी का यहाँ स्वागत करता हूँ। इससे पहले अधिवेशन में जस्टिस मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि जिला न्यायपालिका की अहमियत, चुनौतियों और तकनीकी बदलावों पर जोर देते हुए कहा ल्लसंविधान तभी सशक्त है जब उसे लागू करने वाले लोग निष्पक्ष और साहसी हों। न्यायालय केवल फैसले देने का स्थान नहीं, बल्कि आम जनता के विश्वास की पहली सीढ़ी है। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सही कहा था कि संविधान चाहे कितना भी अच्छा हो, अगर उसे लागू करने वाले सही नहीं हैं तो वह असफल हो जाएगा। भारत का संविधान सबसे बड़ा धरोहर है, लेकिन यह तभी प्रभावी होता है जब इसे निष्पक्षता और साहस के साथ लागू किया जाए।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा की अध्यक्षता में नगर विकास विभाग की वर्चुअल समीक्षा बैठक संपन्न

**बैठक में जल स्तर कम होते ही स्वच्छता अभियान चलाने, बाढ़ प्रभावित जिलों में नगर विकास विभाग द्वारा अपना फ्लड मैन्युअल बनाने एवं प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन तक विशेष स्वच्छता पखवाड़ा चलाए जाने के दिये निर्देश**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा की अध्यक्षता में नगर विकास विभाग की वर्चुअल समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जल स्तर कम होते ही स्वच्छता अभियान चलाने, बाढ़ प्रभावित जिलों में नगर विकास विभाग द्वारा अपना फ्लड मैन्युअल बनाने एवं प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन से दो अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता पखवाड़ा चलाए जाने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बाढ़ का पानी कम होने के साथ ही नगर निकायों में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाए।उन्होंने अगले तीन महीने तक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाए जाने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव वाले क्षेत्रों में संचारी रोग फैलने की आशंका अधिक रहती है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी एवं निकायकर्मी इसकी विशेष निगरानी रखें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी क्षेत्र में लापरवाही बरती गई और संचारी रोग फैलने की स्थिति उत्पन्न हुई तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।मंत्री श्री शर्मा ने सभी बाढ़ प्रभावित जिलों के लिए फ्लड मैनुअल तैयार करने के निर्देश दिए ताकि बाढ़ प्रबंधन एवं राहत कार्य समयबद्ध और प्रभावी ढंग से किए जा सके। उन्होंने कहा कि अक्सर अधिकारियों के स्थानांतरण होते रहते हैं, फ्लड मैन्युअल से किसी भी अधिकारी को बाढ़ की चुनौतियों से निपटने के लिए अग्रिम कार्य योजना बनाने एवं आवश्यक कार्यवाही करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही नगर विकास मंत्री ने सामान्य जल भराव के संबंध में भी स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी जनपदों के अधिकारी सामान्य जल भराव वाले क्षेत्रों में जाएं, वहां कारण पता करें और ऐसे स्थाई उपाय करें कि भविष्य में वहां जल भराव की स्थिति उत्पन्न ना हो।इसके साथ ही संपूर्ण कार्य का डॉक्यूमेंटेशन भी करें।उन्होंने लखनऊ विधानसभा परिसर का उदाहरण देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया की जो भी उपाय हो वह स्थाई और ऐसे हो कि अगले वर्ष वहां जल भराव किसी भी कीमत पर ना हो।इसके अतिरिक्त, नगर विकास मंत्री ने स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष बल देते हुए कहा कि सभी नगर निकाय यह सुनिश्चित करें कि 100% डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण हो तथा 100% अपशिष्ट निस्तारण की व्यवस्था लागू की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में लखनऊ मॉडल को अपनाते हुए सभी नगर निकाय प्रभावी ढंग से कार्य करें।बैठक में नगर विकास मंत्री ने यह भी कहा कि स्वच्छता और अपशिष्ट निस्तारण की गुणवत्ता में सुधार के लिए तकनीक और नवीन उपायों का उपयोग किया जाए। नगर विकास मंत्री ने कहा की नगरों के पास आसपास कूड़े के पहाड़ और गलियों में परंपरागत कूड़े के जो देर हैं अब नगरों के शब्दावली से दूर होने चाहिए उन्होंने बड़े निकायों को छोटे निकायों का कूड़ा लेकर प्रोसेस करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे अपने-अपने स्तर से स्वच्छता अभियान में सहयोग करें और कूड़ा इधर-उधर न फेंके।नगर विकास मंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन से दो अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता पखवाड़ा चलाए जाने के निर्देश दिए।बैठक में वाराणसी,प्रयागराज के साथ ही विभिन्न जिलों के अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की स्थिति की जानकारी दी।मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश की शहरी निकायों को स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाए।इस बैठक में राजधानी लखनऊ से वरिष्ठ अधिकारी अजय कुमार शुक्ला,अनुज झा,ऋतु सुहास सहित सभी संबंधित जिलों के अधिकारी वर्चुअल जुड़े रहे।

## प्रतापगढ़ के अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय को एसपी पद पर मिली पदोन्नति



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज जोन के प्रतापगढ़ में तैनात अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय को बड़ी सफलता मिली है। उन्हें पुलिस अधीक्षक (एसपी) के पद पर पदोन्नति दी गई है। इस अवसर पर एडीजी जोन डॉ. संजीव गुप्ता ने उन्हें खुद स्टार लगाकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।इक्क डॉ. संजीव गुप्ता ने कहा कि संजय राय एक कर्मठ और अनुशासित अधिकारी हैं, जिन्होंने सेवा के दौरान उत्कृष्ट कार्य किया है। उनकी यह पदोन्नति पुलिस विभाग के लिए भी गर्व की बात है।इस मौके पर अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी संजय राय को बधाई दी और उनके नए दायित्वों के लिए शुभकामनाएं प्रकट कीं।

## प्रदेश में चारों ओर व्याप्त है अराजकता का माहौल:राजबाला रावत



काकोरी लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एवं मलिहाबाद विधानसभा की पूर्व विधायक प्रत्याशी राजबाला रावत ने जनता के बीच भ्रमण करते हुए प्रदेश की लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था पर गहरा प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार रागद्वेष से प्रेरित होकर समाजवादी पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही कर रही हैं जो सर्वदा निंदनीय है।कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए राजबाला रावत ने कहा कि प्रदेश की भाजपा की योगी सरकार से प्रदेश की आम जनता त्रस्त हो चुकी है,आज महिलाओं की आबरू इज्जत सुरक्षित नहीं है,प्रदेश में हर रोज हत्याओं का सिलसिला जारी है।लूट जैसे जघन्य अपराधों को नियंत्रित करने में सरकार पूरी तरह से विफल साबित हो रही है।उन्होंने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं कानून व्यवस्था की बदहाली के खिलाफ समाजवादी पार्टी निरंतर संघर्ष कर रही है।राजबाला रावत ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसका एक साधारण कार्यकर्ता भी अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से जब चाहे तब मिल सकता है।उन्होंने कहा कि विकास विरोधी भाजपा सरकार की नीतियों से प्रदेश पिछड़ गया है।उत्तर प्रदेश अराजकता का प्रदेश बन गया है।भयमुक्त सरकार का नारा देने वाली सरकार प्रदेश के सभी मूलभूत मुद्दों पर अबतक विफल साबित हुयी है।सपा कार्यकर्ता संघर्ष शील है।प्रदेश के नौजवान इस विकास विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेकर जनता को जगाने का कार्य कर रहें हैं।उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी,महंगाई,भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया हैं।अब समय आ गया है कि इस सरकार को मुंहतोड़ जवाब देना है।अब जनता ने यह मन बना लिया है कि 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में इस जुल्मी सरकार को जड़ से उखाड़ कर फेंकने का काम करेगी तथा उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में पीडीए की पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी।इस बार 300 सीटों से अधिक सीटों पर सपा प्रत्याशियों की जीत पीडीए के कार्यकर्ता सुनिश्चित करेंगे।

## नैनी के महेवा में 11 वर्षीय मासूम की हत्या, खेत में मिला शव

प्रयागराज। नैनी थाना क्षेत्र के महेवा इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक 11 वर्षीय बच्चे की हत्या कर दी गई। मासूम का शव शुक्रवार को खेत में बरामद हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है।एसीपी नैनी के अनुसार, बच्चा 22 अगस्त की शाम को घर से निकला था, जिसके बाद वह लापता हो गया था। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला, तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। शुक्रवार को बच्चे का शव खेत में मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस के साथ-साथ क्राइम ब्रांच भी जांच में जुट गई है।पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, घटना से आहत परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## प्रयागराज के करेली में पुलिस मुठभेड़, 25 हजार का इनामी बदमाश 'बिल्ली' गिरफ्तार

प्रयागराज। करेली थाना क्षेत्र में शनिवार को पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें 25 हजार रुपये का इनामी बदमाश बिल्ली को गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश घायल हो गया, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया।पुलिस के मुताबिक, बदमाश बिल्ली कई आपराधिक मामलों में वांछित था और लंबे समय से फरार चल रहा था। उस पर प्रयागराज पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी की, जहां बदमाश ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में वह घायल हुआ और पकड़ा गया।घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और उसके नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।एसपी सिटी ने बताया कि बदमाश के खिलाफ गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं और उसकी गिरफ्तारी से कई पुराने मामलों के खुलासे की उम्मीद है।

## भाजपा राज में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे गड्ढ़ों में हुआ तब्दील:सपा



लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव यूपी की भाजपा सरकार को घेरते हुए एक वीडियो शेयर कर लिखा है कि भाजपा सरकार में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पूरी तरह से उपेक्षित किया जा रहा है।जो एक्सप्रेसवे सबसे कम समय में सबसे अच्छे एक्सप्रेसवे के रूप में बनने पर पूरे देश के लिए डिज़ाइन,टेक्नोलॉजी और क्वॉलिटी के लिए उदाहरण बना है,उसकी केवल देखभाल तक ये भाजपाई कर नहीं पा रहे हैं।हर दिन जो दो करोड़ रूपये से अधिक का टोल वसूला जा रहा है वो किस गड्ढे को भर रहा है? यदि तुरंत सुनवाई नहीं हुई और रिपेयरिंग का काम शुरू नहीं हुआ तो हर गड्ढे में एक सामाजिक कार्यकर्ता को खड़ा करके,सोती हुई भाजपा सरकार का ध्यानाकर्षण किया जाएगा।

## जनरेटिव एआई डिजिटल युग की सबसे क्रांतिकारी तकनीक : उप्पदी

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में शनिवार को एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया जिसमें जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में नवीनतम प्रवृत्तियां एवं शैक्षणिक और औद्योगिक उपयोगिता विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित फ्यूचर ओएस की संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री स्वाति उप्पदी ने अनुभव आधारित जानकारी साझा की। सुश्री उप्पदी ने जनरेटिव एआई की कार्यप्रणालीए विकास यात्रा एवं इसकी सामाजिक और व्यावसायिक उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनरेटिव एआई आज के डिजिटल युग की सबसे क्रांतिकारी तकनीकों में से एक है जो आने वाले वर्षों में लगभग हर उद्योग क्षेत्र को प्रभावित करेगी। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सतीश कारी ;वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक ट्रेंडेंस इंक ने जनरेटिव एआई के क्षेत्र में हो रहे बदलाव पर कहा कि जनरेटिव एआई न केवल कंटेंट निर्माण में उपयोगी है।

## जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद के स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण

**अनुपस्थित चिकित्सकों व कर्मचारियों पर गिरी गाज**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर शुक्रवार सुबह जनपद के सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का उपजिलाधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता, आवश्यक दवाओं, उपकरणों और अस्पतालों की व्यवस्थाओं का आकलन करना था।जिलाधिकारी के आदेशानुसार सुबह 8 बजे शुरू हुए इस औचक निरीक्षण में कुल 22 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की गहन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, चिकित्सकों और कर्मचारियों की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, प्रसव वार्ड की स्थिति, जांच मशीनों के संचालन एवं अभिलेखों की स्थिति की बारीकी से जांच की गई।निरीक्षण में कई केंद्रों पर बड़ी लापरवाही सामने आई। कई चिकित्सक, अधीक्षक और कर्मचारी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए। कई जगह साफ-सफाई की व्यवस्था बेहद खराब मिली, जबकि कुछ केंद्रों पर दवा रजिस्टर अपडेट नहीं थे और अभिलेख अव्यवस्थित पाए गए।जिलाधिकारी ने सभी अनुपस्थित चिकित्सकों और कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। यदि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो सम्बंधित के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजा जाएगा।जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि आगे भी इसी तरह औचक निरीक्षण जारी रहेंगे। कार्यों में लापरवाही, उदासीनता या समय पर कार्यालय में उपस्थित न रहने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## रेलमंत्री विकास कुमार जैन ने मंडल रेल प्रबंधक साथ वाराणसी रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक(जन परिवेदना),रेलमंत्री विकास कुमार जैन ने अपने एक दिवसीय वाराणसी दौरे में शनिवार को मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी आशीष जैन के साथ बनारस रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बनारस स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुख सुविधाओं यथा सर्कुलेटिंग एरिया,लिफट ,स्वचालित सीढ़ियां,प्रतीक्षालय,विश्रामालय, फूड स्टॉल, वाटर बूथ,डिजिटल चार्टिंग,सीसीटीवी मॉनिटरिंग सिस्टम, प्लेटफार्मों पर यात्री बेंचेज तथा यात्री शेड का गहन निरीक्षण किया। कार्यकारी निदेशक ने बनारस स्टेशन के सभी वातानुकूलित प्रतीक्षालय के रख-रखाव एवं समुचित प्रबंधन करने का सम्बंधित को निर्देश दिया। इसके पश्चात उन्होंने गाड़ी संख्या 20175 बनारस-आगरा वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के सभी कोचों का साफ-सफाई संबंधित निरीक्षण किया और सभी ओ.बी.एच.एस कर्मचारियों को ट्रेनों के साफ-सफाई पर और अधिक धयान देने का कड़ा निर्देश दिया।तदुपरान्त कार्यकारी निर्देशक(जन परिवेदना) श्री विकास कुमार जैन पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के कार्यालय पहुंचे और मंडल कार्यालय के भारतेन्दु सभागार कक्ष में समीक्षा बैठक ली । इस बैठक में मंडल रेल प्रबंधक श्री आशीष जैन,अपर मंडल रेल प्रबंधक (ऑपरेशन) श्री राजेश कुमार सिंह,अपर मंडल रेल प्रबंधक(इन्फ्रा) श्री अजय सिंह सहित सभी मंडलीय अधिकारी उपस्थित थे। समीक्षा बैठक के अपर मंडल रेल प्रबंधक (ऑपरेशन) श्री आर.के. सिंह ने पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से कार्यकारी निदेशक को वाराणसी मंडल पर चल रही विभिन्न रेल परियोजनाओं के अंतर्गत निर्माणाधीन मेजर ब्रीज, उपरिगामी पुल, रेल अंडर पास, अमृत भारत स्टेशनों के पुनर्विकास तथा मंडल पर चलने वाली गाड़ियों में सुरक्षा डिवाइस कवच से लैस करने की योजना पर विस्तृत चर्चा की गई।कार्यकारी निदेशक ने मंडल पर प्रगतिशील सभी रेल परियोजनाओं को पूरी गुणवत्ता के साथ निश्चित समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया।इसके पूर्व कार्यकारी निदेशक(जन परिवेदना) श्री जैन ने उत्तर रेलवे के वाराणसी जं स्टेशन,उत्तर रेलवे गार्ड एवं लोकोपायलट रनिंग रूम, काशी स्टेशन तथा मालवीय ब्रिज के निकट प्रस्तावित सिग्नेचर ब्रिज साइट का स्थलीय निरीक्षण भी किया।

## तिरंगा यात्रा व बलिदान दिवस पर पहुंचे पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल

**अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया माल्यार्पण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




उन्नाव। मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास राजनैतिक पेंशन उत्तर प्रदेश धर्म पाल सिंह के जनपद उन्नाव में भ्रमण कार्यक्रम के अवसर पर द्वारा सर्वप्रथम अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी स्मृति पार्क में पहुंचकर अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात मंत्री ने गुलाब सिंह लोधी स्मृति पार्क के परिसर में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कर हरित पर्यावरण का संदेश दिया। तत्पश्चात दिव्यांग कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग जनों को माला पहनाकर ट्राई साइकिल का वितरण किया । मंत्री द्वारा निराला प्रेक्षा ग्रह में अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी के 91 वें बलिदान दिवस के पावन अवसर पर आयोजित तिरंगा यात्रा व बलिदान दिवस समारोह में प्रतिभाग किया गया । निराला प्रेक्षा ग्रह में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती जी की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मा0 सांसद डा0 स्वामी सच्चिदानन्द हरि साक्षी जी महाराज ने अपने सम्बोधन में मंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह धरती महापुरूषों की धरती है। जिस प्रकार शहीद चन्द्र शेखर आजाद के जन्मदिवस पर बहुत बड़ा आयोजन होता है उसी प्रकार शहीद गुलाब सिंह लोधी के जन्मदिवस के अवसर पर एक बहुत बड़ा आयोजन हुआ करेगा जिसमें मैं एवं मा0 मंत्री जी सहित बहुत सारे लोग आया करेंगे। इस अवसर पर मंत्री धर्मपाल सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि डॉ0 बाबा साहब भीमरॉव अम्बेडकर ने कहा था कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वही दहाड़ेगा। इस लिए अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें। मुख्य मंत्री ने प्राथमिक शिक्षा पर विशेष जोर दिया है। जिससे गांव के गरीबों के बच्चें पढ़े। उन्होने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कर्मयोगी बताया और कहा कि एक कर्मयोगी है दूसरे मुख्यमंत्री जी जगतयोगी है। योगियों की सरकार कहती है वह करती है। यह ढोगियों की सरकार नही है। इससे हमारा देश आगे बड़ा है। उन्होने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री के सपनो का उत्तर प्रदेश बने इसके लिए हर वर्ग का ध्यान देते हुए लागू करने का काम कर रहे है। उन्होने शहीद गुलाब सिंह लोधी की बहादूरी का बखान करते हुए कहा कि वह वीर सपूत अग्रेजों की आखों में धूल झोक कर अपने देश का तिरंगा फहराया था और अग्रेजों की गोली खाकर भारत माता के लिए शहीद हो गए थे। विधायक भगवंत नगर आशुतोष शुक्ला विधायक बांगरमऊ कांत कटियार विधायक सफी पुर बम्बा लाल दिवाकर सदर विधायक पंकज गुप्ता विधायक मोहान ब्रजेश रावत भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष अनुराग अवस्थी मुख्य विकास अधिकारी सुश्री कृतिराज अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड़ उप जिलाधिकारी सदर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर महाबीर सिंह उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हरि ओम पटेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता गण व लोधी समाज के गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी जी से जुड़े हुए सम्मानित नागरिक गण मौजूद रहे।

## बैंक के अधिकारियों द्वारा लगाया गया जागरूकता अभियान कैम्प

महाराजगंज,रायबरेली। वित्तीय साक्षरता केन्द्र महाराजगंज में जागरूकता अभियान जिले से आए बैंक के अधिकारियों द्वारा जागरूकता अभियान कैम्प लगा कर शुरू किया गया। जिसमें एलडीएम व डीडीएम व बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा प्रबन्धक महाराजगंज व सी डी ओ वीर भान व सेन्टर मैनेजर महेन्द्र कुमार फील्ड कर्डिनेटर कुमारी सीता एवं शिवकुमार तथा डी ई ओ ज्योति कुमारी ने पूरे सुखाई मजरे अटरेहटा की महिलाओं के साथ कैम्प में प्रतिभाग किया कैम्प में उपस्थित प्रतिभाग लेने वाली महिलाओं को बैंक के अधिकारी एल डी एम ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना प्रधानमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना जीवन ज्योति बीमा योजना नामनी जनधन खाता अटल पेंशन योजना व डी डी एम ने नमनी फसल बीमा के वाई सी के बारे में जानकारी दी तथा सी डी ओ बचत फण्ड आर डी व एफ डी के बारे मे विस्तार से जानकारी दी।

## कूड़ा डंपिंग प्वाइंट के पास कार में लगी भीषण आग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । चौक थाना क्षेत्र के टंडन फव्वारा के पास नगर निगम के कूड़ा डंपिंग प्वाइंट के निकट शनिवार शाम बड़ा हादसा हो गया। यहां खड़ी एक कार में भीषण आग लग गई। जानकारी के मुताबिक शाम करीब 7:30 बजे टंडन फव्वारा के पास लगे बिजली के ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट हुआ। इससे निकली चिंगारियां पास में खड़ी कार पर जा गिरीं, जिससे कार धधक उठी और देखते ही देखते लपटें भीषण रूप ले बैठीं। आग की चपेट में पास खड़ा इंडियन गैस का एक खाली मिनी ट्रक भी आ गया। लपटों ने ट्रांसफार्मर के तारों को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया। स्थानीय लोगों ने फौरन पुलिस और दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची इसके फौरन बाद चौक दमकल कर्मी घटनास्थल पर पहुंच गए और दो गाड़ियों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद करीब आधे घंटे में आग पर काबू पाया। गनीमत यह रहा की यहां खड़े अन्य चार पहिया वाहन इसकी चपेट में आने से बच गए जिससे बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस कूड़ा डंपिंग प्वाइंट पर ही नहीं बल्कि अशरफाबाद स्थित बालदा के पास बने डंपिंग प्वाइंट पर भी लंबे समय से अवैध पार्किंग होती है। यहां रोजाना चारपहिया वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे आए दिन जाम लगता है और नगर निगम कर्मियों को कूड़ा उठान में भी भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। नागरिकों का कहना है कि संबंधित विभाग अब तक इस समस्या पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने मांग की है कि अवैध पार्किंग पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसे हादसे न हों।

## पुलिस मुठभेड़ में शातिर अपराधी रोनू गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। पुलिस आयुक्त द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे ''आपरेशन चक्रव्यूह'' अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त काशी जोन के निर्देशन, अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी के पर्यवेक्षण व सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व प्रभारी निरीक्षक सिगरा के नेतृत्व में थाना सिगरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 0302/2025, धारा 304(2), 317(2) बी0एन0एस0, मु0अ0सं0- 0309/2025, धारा 109 (1) बीएनएस 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित अभियुक्त रोनू पुत्र भोनू निवासी खरबूजा शहीद नदेसर थाना कैण्ट जनपद वाराणसी उम्र 23 वर्ष को लहरतारा रेलवे क्रांसिग थाना क्षेत्र सिगरा के पास से दिनांक 23/08/2025 को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। तथा अभियुक्त के पास से लूट का माल व एक अदद तमंचा व एक अदद जिन्दा व एक अदद खोखा कारतूस बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरादमगी के सम्बन्ध में थाना सिगरा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## कोषागार से पेंशन पाने वाले पेंशनरों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । कलक्ट्रेट कोषागार प्रयागराज ने पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों से जीवित प्रमाण पत्र जमा करने की अपील की है। जिन पेंशनरों ने अब तक अपना जीवित प्रमाण पत्र अपडेट नहीं कराया है, उनकी पेंशन फिलहाल अवरुद्ध है। ऐसे पेंशनरों से अनुरोध है कि वे किसी भी कार्य दिवस में स्वयं कोषागार में उपस्थित होकर, या जिस बैंक से पेंशन प्राप्त कर रहे हैं, उस बैंक के माध्यम से, अथवा जीवन प्रमाण पोर्टल के जरिए ऑनलाइन प्रक्रिया से प्रमाण पत्र जमा करें। इसके बाद उनकी पेंशन का भुगतान पुनः शुरू कर दिया जाएगा।कोषागार ने 80 वर्ष से अधिक आयु वाले पेंशनरों को अतिरिक्त पेंशन का लाभ दिलाने के लिए जन्मतिथि प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया है।इसके अलावा, ऐसे पेंशनर या पारिवारिक पेंशनर जो दिवंगत हो चुके हैं, उनके वारिसों को कोषागार को मृत्यु की सूचना तत्काल उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। मृत्यु की सूचना समय पर न देने की स्थिति में, खातों में अंतरित पेंशन राशि को पारिवारिक सदस्य आहरित न करें, क्योंकि वह शासकीय धन माना जाएगा और उसे वापस करना अनिवार्य होगा।कोषागार ने स्पष्ट किया है कि समय पर सूचना न देने या प्रमाण पत्र जमा न करने की स्थिति में न केवल पेंशन बाधित रहेगी, बल्कि आवश्यक होने पर विभागीय कार्रवाई भी की जा सकती है।


उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | MPS-AY-BPL-2025 |
| कार्य का विवरण | Allotment of Multi-Purpose Stall at Ayodhya Dham railway Station of Lucknow Division for a period of five (05) years |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.08.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लाट) | 03.09.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 03.09.2025 at 11:30 hrs. |
| बेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है : E-Auction Module of www.ireps.gov.in | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2557/2025

# सिविल डिफेंस राजाजीपुरम प्रखण्ड के डिप्टी डिविजनल वार्डे न बने रामगोपाल सिंह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नागरिक सुरक्षा विभाग लखनऊ के प्रखण्ड राजाजीपुरम में रिक्त चल रहे डिप्टी डिविजनल वार्डे न के पद पर जिलाधिकारी/नियंत्रक विशाख जी के अनुमोदन से रामगोपाल सिंह को सेक्टर वार्डे न से पदोन्नती कर डिप्टी डिविजनल वार्डे न के पद पर आगामी 3 वर्ष के लिए नियुक्त कर दिया गया है। चीफ वार्डे न अमरनाथ मिश्रा एवं उपनियंत्रक रविन्द्र कुमार ने रामगोपाल सिंह को नियुक्ति पत्र देकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। राज्यपाल से सम्मानित/कोरोना वॉरियर्स रामगोपाल सिंह ने डिप्टी डिविजनल वार्डे न पद पर नियुक्त होने पर कहा कि जिलाधिकारी/नियंत्रक विशाख जी, चीफ वार्डे न अमरनाथ मिश्रा और उपनियंत्रक रविन्द्र कुमार, वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक मनोज वर्मा एवं एडीसी मुकेश कुमार ने जो जिम्मेदारी दी है, वे उसका पालन ईमानदारी और निष्ठा के साथ करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि मैं पहले से भी अधिक ज़िम्मेदारी के साथ सभी वार्डे नों को एक साथ लेकर दिन-रात निःस्वार्थ भाव से सेवा और पद की गरिमा का ध्यान रखते हुए सिविल डिफेंस में अपनी सेवाएं प्रदान करता रहूंगा।

# पांच सौ से अधिक इंटरनेशनल बायर्स देखेंगे 'मेड इन यूपी' की ताकत

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का तीसरा संस्करण योगी सरकार के विजन को देगा वैश्विक उड़ान

## 80 देशों के बायर्स बनेंगे साक्षी, अब तक 75 देशों के 340 से अधिक बायर्स ने दी सहमति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की समृद्ध परम्परा, उद्यमिता और कारीगरों का हुनर अब वैश्विक मंच पर और अधिक चमकने जा रहा है। ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितम्बर तक उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) का आयोजन होने जा रहा है। यह मेगा शो न केवल प्रदेश की औद्योगिक शक्ति और सांस्कृतिक पहचान का परिचय देगा बल्कि दुनिया भर के निवेशकों और खरीदारों को मेड इन यूपी की ताकत भी दिखाएगा।

इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में करीब 80 देशों के 500 से अधिक बायर्स के आने की उम्मीद है। इनमें से अब तक 75 देशों के 340 से ज्यादा बायर्स ने आने की पुष्टि भी कर दी है। यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में इसमें और तेजी से वृद्धि की सम्भावना है। इस तरह यूपीआईटीएस प्रदेश के उत्पादों के लिए वैश्विक बाजार के दरवाजे खोलने वाला साबित होगा।

योगी सरकार की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना पहले ही प्रदेश को अलग पहचान दिला चुकी है। यूपीआईटीएस में इन उत्पादों की विशेष प्रदर्शनी लगाकर इन्हें वैश्विक खरीदारों से सीधे जोड़ा जाएगा। इससे न केवल स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को फायदा होगा, बल्कि निर्यात और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर आयोजित यह शो उत्तर प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय व्यापार का हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। इसका उद्देश्य प्रदेश को निर्यात के मामले में शीर्ष पायदान पर ले जाना और निवेश आकर्षित करना है। सरकार चाहती है कि यूपी के हर जिले का हुनर वैश्विक बाजारों तक पहुंचे और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में योगदान दे।

दुनिया के 9 प्रमुख रीजंस से इंटरनेशनल बायर्स का आगमन इस आयोजन को और खास बना रहा है। यूरोप और सीआईएस रीजंस से कुल 110 बायर्स के आने की सम्भावना है, जिनमें से 88 बायर्स (18 यूरोपीय और 6 सीआईएस देशों से) ने पहले ही सहमति दे दी है। वेस्ट एशिया (डब्ल्यूएएनए) से 100 बायर्स का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 12 देशों के 76 बायर्स अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर चुके हैं।

इसी तरह साउथ ईस्ट एशिया (एसईए) से 80 बायर्स की उम्मीद है, जिनमें से 5 देशों के 10 बायर्स अब तक पुष्टि कर चुके हैं। साउथ एशिया (एसए) रीजंस से 50 में से 30 बायर्स (3 देशों से) आने वाले हैं। वहीं, लैटिन अमेरिकी देशों से 50 बायर्स की सम्भावना है, जिनमें से 6 देशों के 27 बायर्स ने सहमति दी है। ओशनिया से 30 बायर्स का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से 2 देशों के 3 बायर्स ने अपनी पुष्टि कर दी है। नॉर्थ अमेरिका से 30 बायर्स की उम्मीद है और इनमें से 3 देशों के 9 बायर्स आने को तैयार हैं। अफ्रीका रीजंस से 50 बायर्स का लक्ष्य है, जिनमें 11 देशों के 38 बायर्स पहले ही सहमति दे चुके हैं। इसके अलावा, नाफ्टा रीजंस के 3 देशों से 11 बायर्स और ईस्ट अफ्रीका के 8 देशों से 50 बायर्स ने भी यूपीआईटीएस में भागीदारी के प्रति अपनी उत्सुकता दिखाई है। इस तरह यह आयोजन लगभग पूरी दुनिया की भागीदारी सुनिश्चित करने वाला साबित हो रहा है।

इस मेगा इंटरनेशनल शो को खास बनाने के लिए 17 प्रमुख सेक्टर्स के उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। इन सेक्टर्स में उत्तर प्रदेश की विशेष पहचान बनाने वाले उत्पाद और ओडीओपी विशेष रूप से प्रदर्शित होंगे। इनमें एग्रीकल्चर, हॉर्टीकल्चर इरिगेशन, एनीमल हस्बैंड्री फिशरीज एंड डेयरी, अपैरल्स एंड गारमेंट्स, आटोमोबाइल्स ईवी ऑटो कम्पोनेंट्स, आयुर्वेदा, योगा, नेचुरोपैथी, यूनानी, सिद्धा एंड होम्योपैथी, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग एंड मैन्युफैक्चरिंग, टॉयज एंड स्पोर्ट्स गुड्स, एफएमसीजी, फूड एंड बेवरेजेस, ग्लासवेयर, हैंडीक्रॉफ्ट्स, हैंडलूम्स, लेदर गुड्स, आईटी, आईटीईएस, सॉफ्टवेयर, फार्मास्युटिकल्स एंड मेडिकल इक्विपमेंट, रिन्यूएबल एनर्जी व माइनिंग शामिल होंगे।

# कर्मचारियों के लिए सेतु की भूमिका निभाऊंगा : ब्रजेश पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन का 41वां द्विवार्षिक अधिवेशन

लखनऊ। रवीन्द्रालय प्रेक्षागृह लखनऊ में उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के 41वें द्विवार्षिक अधिवेशन का उद्घाटन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में ब्रजेश पाठक ने कहा कि केन्द्र में मोदी और राज्य में योगी के नेतृत्व में सरकार सर्व समाज के लिए काम कर रही है। देश विकास के पथ पर अग्रसर है। मिनिस्टीरियल संवर्ग की भूमिका कई मायनों में काफी महत्वपूर्ण है। आपके मांग पत्र को आज ही वाट्सअप तथा व्यक्तिगत रूप से पहुंचने तथा इनके निराकरण के लिए मैं सेतु की भूमिका निभाऊंगा। आपके अधिवेशन की सफलता की कामना करता हूँ। अधिवेशन में उ.प्र. लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पद्मनाभ त्रिवेदी, महामंत्री जे.पी. पाण्डेय और वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत गुर्जर ने उन्हें सात सूत्रीय मांग पत्र सौपा। अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष इं. ए.के. द्विवेदी ने कहा कि संगठन जाति पाति से ऊपर उठकर बनता है। संगठन व्यक्ति हित के लिए नहीं समाज हित के लिए बनाया जाता है। हमारी पहचान हमारे कर्मों से होती है। कर्म हमें यश और सम्मान दिलाते हैं। मैं वचन देता हूं कि आपको मेरे स्तर पर कभी निराशा हाथ नहीं लगेगी। मेरे स्तर पर कभी कोई काम नहीं रूकेगा। अधिवेशन को राष्टीय अध्यक्ष एनएएमओपीएस डा. मन्जीत पटेल, संरक्षक सुरेन्द्र लाल श्रीवास्तव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठन की शक्ति सदस्यों में निहित है। संगठन में सदस्यों की अहम भूमिका होती है। अधिवेशन में उत्तराखण्ड लोनिवि के अध्यक्ष विक्रम सिंह रावत, इन्टरनेशनल जूडो फ़ेडरेशन के उमेश कुमार , डिप्लोमा महासंघ अध्यक्ष इं. एच.एन. मिश्रा, डिप्लोमा लोनिवि के इं. एन.डी. इं. श्रवण कुमार, पार्षद अमित चौधरी, सुनील भसीन, यूपी सिंह, क्रांति सिंह सहित प्रदेश भर से आए उ.प्र. लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन पदाधिकारी, सदस्य एवं अन्य घटक संघों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# बहरिया गांव में चला व्यापक वृक्षारोपण अभियान गौशालाओं में लगाए गए छायादार वृक्ष

## शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष की देखरेख में में कार्य हुआ संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत बसरहिया में साई विकास सेवा समिति द्वारा आज पशु आश्रय केंद्र, तथा समीपवर्ती गौशाला क्षेत्र, में व्यापक वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से सम्पन्न हुआ। लगाए गए कुल 500 वृक्षों में नीम, पीपल, पाकर एवं बरगद आदि शामिल रहे। शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष की ओर से प्रखर ग्रीष्म ऋतु में गौशाला की गायों की कठिनाई देखकर यहाँ अधिकाधिक वृक्ष लगाने का आग्रह किया गया जिससे गौशाला के पशुओं को छाया और शीतलता मिल सके।अपनी मंशा को साकार करने हेतु ब्लाक अध्यक्ष ने एनजीओ के साथ सहयोग किया और पूर्ण समर्थन दिया। शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष की ओर से वृक्षारोपण अभियान में 70 वृक्ष दिए जाने के सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल,की प्राचार्या श्रीमती पूनम कोचिटी का, आभार व्यक्त किया गया। वृक्षारोपण अभियान को और भी सार्थक बनाने में विद्यालय के माली तथा उत्साही छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई निभाई गई और सहयोग दिया गया। शिक्षक संघ के अध्यक्ष के कहा कि यह अभियान हमारे हरित पर्यावरण निर्माण के संकल्प की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न केवल पारिस्थितिक संतुलन बनाएगा बल्कि पशुओं को भी राहत प्रदान करेगा।

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के 21वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर

# राजधानी में भव्य स्तर पर आयोजित हुआ गर्वोत्सव एवं व्यापारी -रत्न सम्मान कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। 24 अगस्त को स्थापना दिवस के अवसर पर शाहजहाँपुर में होगा ''व्यापारी महासम्मेलन'', प्रदेश के विभिन्न जिलों के व्यापारी नेता सम्मेलन में जुटेंगे ''गर्वोत्सव एवं व्यापारी- रत्न सम्मान कार्यक्रम'' में दृढ संकल्प के साथ उत्कृष्ट कार्य करते हुए व्यापारियों की सेवा एवं सहायता करने वाले 55 पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता द्वारा ''व्यापारी रत्न सम्मान ''से सम्मानित किया गया 21 वर्ष पूरे होने पर 21 किलो लड्डू का केक आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा काटा गया 21 वर्षों में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल प्रदेश के व्यापारियों की आस्था एवं विश्वास का केंद्र बन गया, संगठन पर प्रदेश के व्यापारियों को गर्व है :संजय गुप्ता व्यापारियों की हर समस्या का निदान करने की उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की नैतिक जिम्मेदारी :संजय गुप्ता पिछले एक वर्ष में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल से 20000 नए व्यापारी जुड़े इस वर्ष पूरे प्रदेश से 50,000 नए व्यापारियों को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य : संजय गुप्ता आदर्श शब्द, मात्र शब्द नहीं ,आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की जीवन शैली है: संजय गुप्ता आदर्श व्यापार मंडल ने मूल्यो और सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया, इस बात का हमें गर्व है: संजय गुप्ता

**सरकार से व्यापारियों के हितों में नीति बनवाना ,संगठन का लक्ष्य है: संजय गुप्ता**

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के गौरवपूर्ण 21 वर्ष पूर्ण होने पर 21वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर राजधानी के व्यापारियों द्वारा जे सी गेस्ट हाउस, निराला नगर में ''गर्वोत्सव एवं व्यापारी रत्न सम्मान कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया ''गर्वोत्सव एवं व्यापारी- रत्न सम्मान'' कार्यक्रम'' में व्यापारियों की सेवा एवं सहायता करने वाले तथा संगठन में उत्कृष्ट कार्य करते हुए मुख्य भूमिका निभाने वाले 55 पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता द्वारा ''व्यापारी रत्न सम्मान ''से सम्मानित किया गया तथा 21 वर्ष पूरे होने पर 21 किलो लड्डू का केक आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा काटा गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने उपस्थित सभी पदाधिकारियो एवं व्यापारियों को संगठन के गौरवपूर्ण 21 वर्ष पूरे होने एवं स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी । उन्होंने कहा इन 21 वर्षों में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने मूल्यो और सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया, इस बात का हमें गर्व है उन्होंने कहा आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने व्यापारियों की हर छोटी बड़ी समस्या की जानकारी पाकर उसके समाधान के लिए हर स्तर पर लगातार संघर्ष किया और समाधान कराया उन्होंने कहा 21 वर्षों में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल प्रदेश के व्यापारियों की आस्था एवं विश्वास का केंद्र बन गया है, अपने संगठन पर सभी पदाधिकारियों को गर्व है , संजय गुप्ता ने कहा संगठन के पदाधिकारियों के लिए आदर्श शब्द मात्र शब्द नहीं है,आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की जीवन शैली है जो इस संगठन को गौरवान्वित करने वाली, और उसकी विशिष्ट पहचान है उन्होंने कहा व्यापारियों की हर समस्या का निदान करने की उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की नैतिक जिम्मेदारी है और जब हम बड़े होते हैं तो हमारी जिम्मेदारी और बड़ी हो जाती है

प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बीते एक वर्ष में पूरे प्रदेश से 20000 नए व्यापारियों को संगठन के सदस्य के रूप में जोड़ने के लिए संगठन के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी तथा उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों को इस वर्ष प्रदेश में 50000 नए व्यापारियों को सदस्य के रूप में जोड़ने का लक्ष्य दियाउन्होंने कहा सरकार से व्यापारियों के हितों में नीति बनवाना ,संगठन का लक्ष्य है तथा व्यापार को बचाने और बढ़ाने में अपनी मुख्य भूमिका निभाना उद्देश्य है प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी ने बताया कल 24 अगस्त को शाहजहाँपुर में स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य ''व्यापारी सम्मेलन '' का आयोजन किया गयाहै, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के व्यापारी नेता हिस्सा लेंगे तथा व्यापारियों की समस्याओं को मुखरता से उठाएंगे जिसमें जीएसटी की विसंगतियां, व्यापारी नीति आयोग बनवाने की मांग, ई-कॉमर्स पॉलिसी, रिटेल ट्रेड पॉलिसी ,व्यापारी स्वास्थ्य बीमा, व्यापारी पेंशन योजना, वॉटर टैक्स, एवं विभिन्न जिलों के अलग-अलग जिलों की अलग-अलग समस्याओं को उठाया जाएगा तथा सभी समस्याओं का ज्ञापन तैयार करके जिलाधिकारियों के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी को भेजा जाएगा ''गर्वोत्सव एवं व्यापारी रत्न सम्मान कार्यक्रम '' में संगठन के प्रदेश महामंत्री शशिकांत शर्मा प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल,प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी ,नगर अध्यक्ष हरजिन्दर सिंह, नगर महामंत्री मोहित कपूर, राजीव शुक्ला, अमित अग्रवाल, संजीव जैन, ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पांडे ट्रांसगोमती अध्यक्ष अशोक यादव ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेखर कुमार प्रदेश उपाध्यक्ष आसिफ किदवई नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ साकेत चतुर्वेदी ,नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव, प्रवीण मिश्रा भूतनाथ मार्केट के अध्यक्ष महामंत्री मनोज अग्रवाल, महिला इकाई की अध्यक्ष श्रीमती अनिला अग्रवाल, श्रीमती वर्तिका शुक्ला ,श्रीमती मनोरमा मिश्रा, श्रीमती अंजलि मोरया, भूतनाथ मंदिर मार्केट के प्रभारी दिनेश शर्मा नगर उपाध्यक्ष मसीह उजमा गांधी, ,मोहम्मद रिजवान, बादशाह नगर के अध्यक्ष मोहम्मद फुरकान श्याम शर्मा पंकज अरोड़ा, हिमांशु रस्तोगी, अजय प्रताप सिंह , प्रयागराज के प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष रमेश केसरवानी आदि शामिल थे

''व्यापारी -रत्न सम्मान'' से सम्मानित होने वाले पदाधिकारीगण

क्षितिज अवस्थी, हर्षपाल सिंह, सरबजीत सिंह बग्गा, गुरप्रीत सिंह सचदेवा ,अनिल मल्होत्रा, मनोज सिंह, संतोष त्रिपाठी, दीपक सिंह चौहान, आशिष शर्मा, तस्लीम कुरैशी, अज्जू, राहुल गुप्ता, जितेंद्र शर्मा, मनीष यादव, अभय अग्रवाल, संतोष गुप्ता, मनोज अग्रवाल ,सुफल वर्मा ,पवन वर्मा ,धर्मेन्द्र तिवारी, राजू जायसवाल ,धर्मेंद्र साहू, अंशुल श्रीवास्तव, शिव मूरत वर्मा, विक्की दलयानी, नीरज रस्तोगी ,योगेश शुक्ला ,शुभम पाण्डेय, सुधीर पाण्डेय, रवि सिंह, अनुज सिन्हा, गौतम सिंह, मनोज सिंह ,सौरभ अरोड़ा, मनु शुक्ला, जितेंद्र जौकानी, वीरेंद्र सूरी ,अरूण अठवानी ,विवेक यादव ,अभिषेक राय ,मंगलेश शुक्ला, यश सिंह ,रिषभ गुप्ता विजयंत त्रिपाठी ,सुमित गुप्ता, कुंवर संदीप सिंह ,राकेश शर्मा, रितेश श्रीवास्तव, उमाकांत गुप्ता संतोष यादव ,मोहम्मद ताहिर, विजय गुप्ता,सतवीर सिंह आनंद, अवधेश सिंह ,धीरज चतुर्वेदी शामिल थे ।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव के विधान से समाप्त होगा जातिवाद, परिवारवाद, पुष्टिकरण एवं बाहुबलवाद: नन्दी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी शनिवार को देश की राजधानी दिल्ली के डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित एक राष्ट्र, एक चुनाव अभियान के अंतर्गत आयोजित अखिल भारतीय व्यापारी नेतृत्व शिखर सम्मेलन एवं ट्रेडर्स मीट कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर केंद्रीय कॉमर्स वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, ओमप्रकाश धनखड़, अनिल एंटोनी आदि मौजूद रहे। व्यापारी शिखर सम्मेलन में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए व्यापारियों, उद्यमियों एवं ट्रेडर्स समाज ने मेक इन इंडिया को प्रोत्साहित करने, वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट को बढ़ावा देने, स्थानीय कार्मिकों एवं हस्तकला को सशक्त बनाने, एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान करने, वोकल फॉर लोकल को अपनाने, डिजिटल इंडिया को प्रोत्साहित करने, स्वच्छ भारत अभियान को समर्थन देने, देश की नारियों का सम्मान करने, स्किल इंडिया के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने, देश के वीर जवानों का सम्मान करने, भारतीय संविधान का पालन करने, स्वदेशी उत्पाद एवं स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने व घेरलू पर्यटन को विकसित करने का संकल्प लिया। मंत्री नन्दी ने कहा कि एक एक राष्ट्र, एक चुनाव आज के समय की आवश्यकता है। आज भारत असम्भव को सम्भव बनाते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आने वाले समय में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में देश पर पड़ने वाले चुनावी भार को कम करना महत्वपूर्ण कदम होगा। सभी प्रकार के चुनावी खर्च में 30 से 35 प्रतिशत की कमी आएगी। बार-बार चुनाव में आचार संहिता प्रभावी होने से विकास की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा आती है। एक बार जनादेश मिलने के बाद सरकार को पूरे पांच साल विकास कार्यों एवं जन कल्याण के लिए समय मिलना चाहिए। सरकारी तंत्र एवं सुरक्षा बलों का अधिकांश समय और ऊर्जा शांतिपूर्ण व व्यवस्थित चुनाव के संचालन मे व्यय होता है। एक राष्ट्र, एक चुनाव के लागू होने से यह शक्ति राष्ट्र के उत्थान में निवेशित होगी। सभी प्रकार के चुनाव एक साथ होने से क्षेत्रीय मुद्दों के साथ ही राष्ट्रीय मुद्दों पर भी लोगों का ध्यान केंद्रित होगा। देश हित और जन हित की बात करने वाले दलों को चिन्हित करने में मतदाताओं को सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि जातिवाद, परिवारवाद, पुष्टिकरण एवं बाहुबलवाद का प्रभाव समाप्त होगा। मतदाताओं को पांच साल में एक ही बार में मताधिकार का अधिकार उपलब्ध होने से मताधिकार के प्रति उत्साह एवं रूझान बढ़ेगा। मत प्रतिशत में भी वृद्धि होगी। अपने नियत राजनीतिक एवं वोट बैंक के लिए विभाजन की राजनीति करने वाली ताकतें कमजोर होंगी। एक स्वस्थ एवं सकारात्मक पॉलिटिक्स इकोसिस्टम का निर्माण होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजन 2047 विकसित भारत का संकल्प देश के सामने रखा है।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले 11 वर्षों के दौरान अपनी लगन, परिश्रम और इच्छा शक्ति से प्रत्येक संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने का कार्य किया है। पहले जहां कभी मुम्बई में सीरियल बम ब्लास्ट, कभी अयोध्या तो कभी दिल्ली में बम ब्लास्ट की घटनाएं होती थी।

## नर्सिंग पेशे के लिए करुणा व प्रतिबद्धता की आवश्यकता : प्रो.आर.के.धीमान

लखनऊ। संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ में कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने नव प्रवेशित प्रथम वर्ष बीएससी और एमएससी नर्सिंग छात्रों (बैच 2025-26) के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। साथ ही अंतिम वर्ष के स्नातक और स्नातकोत्तर नर्सिंग छात्रों के लिए एक टैबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थान के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में प्रवेश लेने वाले नये विद्यार्थियों का स्वागत करना और निवर्तमान बैच को उनके शैक्षणिक और नैदानिक ??उत्कृष्टता के लिए आवश्यक डिजिटल उपकरणों से सशक्त बनाना था।


## आवश्यक सूचना

मैं इकबाल हुसैन पुत्र बहादुर हुसैन आयु लगभग 55 वर्ष निवासी 384 पुराना चबुतरा थाना सहादत गंज लखनऊ उत्तर प्रदेश ( IQBAL HUSSAIN S/O BAHADUR HUSAIN) 55 YERS 385 PURANA CHABUTRA SAHADAT GANG LUCKNOW UP. मेरे पासपोर्ट के अभिलेख में भूल वश अंग्रेजी में IQBAL HUSSAIN BAHADUR HUSAIN लिखा हुआ है जब की मेरा नाम IQBAL HUSSAIN S/O BAHADUR HUSAIN है और मुझे इसी नाम से जाना जाए ।

IQBAL HUSSAIN S/O BAHADUR HUSAIN
R/O 384 PURANA CHABUTRA SAHADAT
GANG LUCKNOW UP. MOBILE:- 7355904995

# आदमखोर बाघ ने नवयुवक को बनाया शिकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**वन विभाग की लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश**

**जनप्रतिनिधियों ने मौके पर पहुँच कर परिजनों को बधायां ढांढ़स**

सीतापुर। जनपद की कोतवाली महोली क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले एक नवयुवक को बाघ ने अपना निवाला बना लिया। मौके पर पहुँच कर ग्रामीणों ने क्षत-विक्षत शव को समेटा।प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद की कोतवाली व तहसील महोली क्षेत्र के अंतर्गत नरनी गांव निवासी सौरभ पुत्र गुड्डू उम्र 24 वर्ष अपना गन्ने का खेत देखने शुक्रवार को गया था। जहां पर पहले से घात लगाए बैठे जंगली जानवर बाघ ने उस पर हमला कर दिया। हमले में घायल हो गए सौरभ को उसने बुरी तरह से नोच कर अपना निवाला बना लिया। शाम तक जब सौरभ घर नही पहुँचा तो परिजनों को उसकी चिंता सताने लगी।परिजनों द्वारा कई बार उसके मोबाईल नम्बर पर फोन किया लेकिन उसका फोन नही उठा । जिसके बाद परिजन व ग्रामीण उसको खोजते हुए गांव के बाहर खेत पर पहुँचे। वहा जाकर देखा तो सौरभ की साईकिल खड़ी हैं लेकिन वह गायब है। शोर सुनकर ग्रामीण एकत्रित हुए। जिसके बाद दिवंगत सौरभ के शव को खोजा। सौरभ का शव क्षत-विक्षत अवस्था मे गन्ने के खेत के बीच मे पड़ा था। ग्रामीणों के अनुसार शव को बाघ लगभग एक घण्टे तक अपना शिकार बनाता रहा। सौरभ का पैर शरीर से अलग धड़ से आगे 100 मीटर दूर मिला। ग्रामीणों द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर वन विभाग टीम व पुलिस प्रशासन के जिम्मेदार मौके पर पहुँचे।ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए वन विभाग की टीम मौके से भाग गयी । जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। ग्रामीणों में वन विभाग के जिम्मरदारो के प्रति रौष व्याप्त हैं। लगातार कई वर्षों से बाघ का ख़ौफ़ महोली क्षेत्र में व्याप्त हैं लेकिन वन विभाग केवल कागजी खानापूर्ति करते हुए हिला हवाली कर रहा हैं। जिसके चलते आज एक नवयुवक की निर्मम तरीके से मौत हो गई।शनिवार को जब दिवांगत शरीर नरनी गांव पहुचा तो हजारों की संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर वन विभाग की लापरवाही को क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी के सामने अपना दर्द बयां करने लगे जिसके बाद विधायक द्वारा वन विभाग के उच्चाधिकारियों से वार्ता कर जल्द से जल्द बाघ पकड़ने का निर्देश दिया गया।जिसके बाद मौके पर पहुँच कर विधायक व वन अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर पहुँचे डीएफओ नवीन खंडेलवाल ,ब्रजेश पांडेय एसडीओ,दुधवा से आई डॉक्टर दया अपनी टीम के साथ ड्रोन उड़ाकर बाघ को खोजने की कोशिश की लेकिन अभी तक बाघ की लोकेशन नही मिल सकी। वही घटनास्थल पर पहुँचे पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने कहा की एक वर्ष पूर्व हमारे व सांसद धौरहरा आनन्द भदौरिया द्वारा एक पत्र जिलाधिकारी सीतापुर बाघ को पकड़ने के सम्बंध में दिया गया था लेकिन वन अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नही की गयी जिसके बाद आज नरनी गांव में दुःखद घटना कारित हो गयी।भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री ने कहा कि मैं दुःख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ी हूँ सरकार के द्वारा मदद हो सकती हैं वो दिलाई जाएगी।वही क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि परिवार को सरकार द्वारा उचित मुआवजा दिलाया जाएगा वही परिवार के एक सदस्य को वन विभाग में नौकरी दी जाएगी।वही वन विभाग की टीम जब तक बाघ नही पकड़ा जा रहा हैं तब तक काम्बिंग करेगी।

# धौरहरा थाने में समाधान दिवस का आयोजन

**शिकायतों के प्रभावी निपटारे को लेकर कोतवाल सुरेश मिश्रा ने दिए कड़े निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा। थाना धौरहरा में आज समाधान दिवस का सफल आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता कोतवाल सुरेश मिश्रा ने की। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों से प्राप्त विभिन्न प्रकार की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया और उनके शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कोतवाल मिश्रा ने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर देखा जाए और उसका निस्तारण तय मानकों एवं समयसीमा के भीतर निष्पक्षता से किया जाए। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस का मूल उद्देश्य जनता को न्याय दिलाना और प्रशासनिक जवाबदेही को मजबूत करना है।

इस अवसर पर भूमि विवाद, रास्ते के झगड़े, पारिवारिक कलह, सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं सहित कई मामलों में शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से कुछ मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया, जबकि अन्य मामलों को त्वरित जांच के लिए संबंधित विभागों को सौंपा गया।

कार्यक्रम में स्थानीय ग्राम प्रधान, सामाजिक कार्यकर्ता, अधिवक्ता और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। कोतवाल ने सभी से पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की और भरोसा दिलाया कि जनता की हर जायज शिकायत पर पूरी संजीदगी के साथ कार्रवाई की जाएगी।

# व्यापार मंडल ने नगर विकास मंत्री को सौंपा ज्ञापन, नाला निर्माण में समानता की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पंजीकृत संस्था के तत्वाधान में तहसील इकाई लहरपुर के एक प्रतिनिधि मंडल ने तहसील अध्यक्ष रियाज अहमद बबलू के नेतृत्व में नगर विकास मंत्री उत्तर प्रदेश शासन राकेश राठौ र गुरु से मिलकर लहरपुर के मुख्य बाजार में नाला निर्माण कार्य में ठेकेदारों व नगर पालिका प्रशासन के द्वारा पक्षपाती रवैया अपनाये जाने को लेकर एक ज्ञापन सौपा है। दिए गए ज्ञापन के माध्यम से व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि नगर के दरी मंडी से गुरखेत बाजार पुलिया तक नगर पालिका प्रशासन के द्वारा नाला निर्माण कार्य कराया जा रहा है नाला निर्माण में दुकानदारों के साथ पक्षपाती रवैया अपनाते हुए 28 से 29 फीट पर निशान देही की जा रही है जबकि रोड की दूसरी तरफ 23 फीट पर नाला निर्माण कार्य कराया गया है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एक स्वर में नगर विकास मंत्री उत्तर प्रदेश शासन राकेश राठौर गुरु को उक्त समस्या से अवगत कराते हुए न्याय संगत व्यवहार करते हुए समान दूरी पर नाला निर्माण करवाने के लिए पालिका प्रशासन को निर्देशित करने की मांग की है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष भगवती गुप्ता, नगर अध्यक्ष सीतापुर ब्रजेश रस्तोगी, नगर अध्यक्ष लहरपुर रियाज अहमद बबलू, उपाध्यक्ष, सियाराम जायसवाल, व हाशिम अंसारी, उपस्थित रहे।

# आर बी एस बी सिंह इंटर कॉलेज में संपन्न हुई कुश्ती प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कमलापुर सीतापुर । लखनऊ मंडल की मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता 2025 आज दिनांक 23 अगस्त 2025 को कस्बा कमलापुर के विद्यालय आर बी एस बी सिंह इंटर कॉलेज कमलापुर में सम्पन्न हुई। शुभारंभ विद्यालय के हिंदी शिक्षक डॉ आशुतोष मिश्र के द्वारा मंत्रोच्चार एवं शाहआलम खान राणा व मंडलीय क्रीड़ा सचिव द्वारा बजरंगबली के पूजन से हुआ। लखनऊ मंडल के सभी जिलों (लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर, रायबरेली) के माध्यमिक विद्यालयों की बालक वर्ग टीम एवं बालिका वर्ग टीम ने कुश्ती प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। सीतापुर जनपद की बालिका टीम ने सर्वाधिक गोल्ड मेडल्स जीत करके लखनऊ मंडल की विजेता टीम का खिताब जीता तथा जनपद हरदोई की बालिका टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त कर लखनऊ मंडल के उपविजेता/रनरअप का खिताब अपने नाम किया। इसी प्रकार जनपद सीतापुर की बालक टीम ने भी सर्वाधिक गोल्ड मेडल्स जीत करके लखनऊ मंडल के विजेता/चैंपियन का खिताब अपने नाम करके अपने जनपद का नाम मंडल लखनऊ में रौशन किया तथा जनपद रायबरेली की बालक टीम ने लखनऊ मंडल में दूसरा स्थान प्राप्त करके मंडल के उपविजेता/रनरअप का खिताब अपने नाम किया। सीतापुर जनपद की बालक+बालिका टीम ने मंडल लखनऊ की ''ओवरऑल चैंपियनशिप'' का खिताब जीत करके अपने जनपद एवं विद्यालयों का नाम मंडल में रौशन किया है। आयोजन स्थल आर बी एस बी सिंह इंटर कॉलेज कमलापुर के प्रिंसिपल साकिब जमाल अन्सारी ने अवगत कराया है कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मंडलीय कुश्ती प्रतियोगिता में जनपद सीतापुर की टीम को सबसे ज्यादा गोल्ड मेडल्स हमारे बालक और बालिकाओं ने जीत करके लखनऊ मंडल का चैंपियन बनाने में अपना सराहनीय योगदान दिया है।

विद्यालय के शारीरिक शिक्षा शिक्षक अनूप सिंह ने बताया कि कल दिनांक 22 अगस्त 2025 को इसी विद्यालय में जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता 2025 आयोजित की गई थी। जिसमें सर्वाधिक अंक एवं गोल्ड मेडल्स जीत करके आर बी एस बी सिंह इंटर कॉलेज कमलापुर सीतापुर ने बालक वर्ग चैंपियनशिप एवं बालिका वर्ग चैंपियनशिप तथा जनपद की ओवरऑल चैंपियनशिप तीनों खिताबों को अपने नाम करके बालक बालिकाओं ने अपना और अपने विद्यालय का नाम जनपद सीतापुर में रौशन किया है। और आज इसी कॉलेज की बालक टीम व बालिका टीम ने सर्वाधिक गोल्ड मेडल्स जीत करके लखनऊ मंडल में अपने जनपद सीतापुर का मान बढ़ाया है। प्रधानाचार्य ने इस प्रतियोगिता में पधारे लखनऊ मंडल के सभी जिलों के सम्मानित शारीरिक शिक्षा शिक्षकों, कोच और प्रतिभागी बालक बालिकाओं की टीमों को धन्यवाद ज्ञापित करने के पश्चात मेडल वितरण व शील्ड वितरण किया गया। कार्यक्रम राष्ट्रगान गायन के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मी उपस्थित रहे।

# दबंगों के डर से घर छोड़ने को मजबूर महिला, पुलिस से लगाई न्याय की गुहार।

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निघासन (खीरी)। लालपुर पंचायत की रहने वाली लक्ष्मी देवी पत्नी रामकुमार इन दिनों अपने ही गांव में कुछ दबंगों के डर से पलायन का जीवन जीने को मजबूर हैं। पीड़िता का आरोप है कि दबंगों की धमकियों और हमलों से त्रस्त होकर उन्हें अपना घर छोड़कर झंडी रोड स्थित नंदीश्वर बाबा स्थान पर शरण लेनी पड़ी है, जहां वह खुले आसमान के नीचे अपने परिवार के साथ रहने को विवश हैं। लक्ष्मी देवी का कहना है कि वह कई बार अपनी पीड़ा लेकर झंडी चौकी गईं, लेकिन उनकी शिकायतों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता का आरोप है कि चौकी और थाने के चक्कर काटने के बावजूद पुलिस प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहा है।

पीड़िता ने बताया कि उसका परिवार बेहद गरीब है और वह तथा उनके पति मेहनत-मजदूरी करके किसी तरह पांच लोगों का पेट पालते हैं। उन्होंने मनरेगा के तहत गांव में बांध किनारे और कच्ची सड़कों पर कार्य भी किया, मगर उन्हें जॉब कार्ड के माध्यम से मजदूरी की एक भी राशि अब तक प्राप्त नहीं हुई। इसको लेकर पीड़िता ने रोजगार सेवक, सचिव और ग्राम प्रधान पर मिलीभगत का भी संदेह जताया है।

लक्ष्मी देवी ने भावुक होते हुए कहा कि दबंगों ने पहले भी उन पर शारीरिक हमला किया था, जिसमें उन्हें गंभीर चोटें आई थीं। उनका कहना है कि गुप्तांग में गंभीर संक्रमण हो गया है और उसमें से मवाद निकल रहा है। पीड़िता को अब कैंसर जैसी बीमारी की आशंका भी सता रही है, लेकिन आर्थिक तंगी के चलते वह इलाज नहीं करवा पा रही हैं।

अब सवाल उठता है कि क्या गरीबों को इस तरह डर के साये में जीना होगा? क्या कानून व्यवस्था सिर्फ ताकतवरों के लिए है? और क्या झंडी चौकी इंचार्ज इस मामले में निष्पक्ष कार्रवाई करेंगे, या पीड़ित परिवार यूं ही न्याय की आस में दर-दर भटकता रहेगा?

## पुलिस ने चार हत्यारोपितों को गिरफ्तार किया

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश में मीरजापुर जिले के अहरौरा पुलिस ने प्रदीप हत्याकांड में फरार चल रहे चार आरोपितों को शुक्रवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के पास से एक 315 बोर की रायफल और एक हॉकी बरामद हुई है। प्रभारी निरीक्षक अजय सेठ ने शनिवार को बताया कि गुरुवार दोपहर इमलिया चट्टी निवासी प्रदीप पटेल और विशाल पटेल उर्फ देवी मछली पकड़ने के लिए जरगो जलाशय गए थे। इस दौरान जलाशय के ठेकेदार के गुर्गों ने दोनों पर हमला कर दिया। आरोपितों ने हॉकी से पीटकर उन्हें बांध में डुबो दिया, जिस पर प्रदीप पटेल की मौत हो गई। वहीं, विशाल किसी तरह बचकर गांव पहुंचा और परिजनों को घटना के बारे में जानकारी दी। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे और ठेकेदार के डेरा पर तोड़फोड़ की। देर रात मृतक की पत्नी प्रियंका पटेल की तहरीर पर पुलिस ने सुरेश सिंह निवासी सेटलमेंट एरिया चुनार, कृष्णानंद सिंह निवासी गौरा चुनार, मनीष प्रजापति निवासी निकासी गौरा और सुजीत चौबे निवासी अधवार के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरु कर दी।



## गन्ने के खेत में मिला अधेड़ का सड़ा शव, गांव में सनसनी! संदिग्ध हालात में मौत, पुलिस ने दर्ज किया केस

लखीमपुर, धौरहरा खीरी । खीरी के धौरहरा इलाके में शनिवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब गन्ने के खेत में एक युवक का शव संदिग्ध हालात में बरामद हुआ। मृतक की पहचान कमलेश (35) पुत्र कल्लू के रूप में हुई है, जो गांव बबुरी का निवासी था। शव मिट्टी में सना हुआ चकमार्ग के किनारे पड़ा मिला, जिससे पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। परिजनों का कहना है कि कमलेश शुक्रवार से ही घर से लापता था। चार बच्चों के पिता कमलेश के शराब का लती होने की बात गांववालों ने भी बताई। कोतवाल सुरेश मिश्रा ने बताया कि मृतक के शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं, इसलिए मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए हर पहलू से जांच में जुटी है। संभावित हत्या या हादसा? ग्रामीणों के कयास और कमलेश की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

पुलिस अब हर एंगल से मामले की तफ्तीश कर रही

## प्रतियोगिता का आयोजन

मुरादाबाद। कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज में बास्केटबॉल की जनपद स्तरीय (बालिका वर्ग) की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। फाइनल मुकाबले में कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज की टीम 20S12 से विजयी रही। मंडलीय खेल सचिव वंश बहादुर ने कहा कि खिलाड़ी हर परिस्थिति में अपनी उत्कृष्टता को प्रदर्शित करते हैं तथा आगे चलकर जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं। प्रतियोगिता में आर्य कन्या इंटर कॉलेज, बिनातुल कुरेशी गर्ल्स इंटर कॉलेज, कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज, आदि विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम अध्यक्ष मंडलीय खेल सचिव वंश बहादुर मुस्लिम हैबिट मुस्लिम इंटर कॉलेज के प्रवक्ता मोहम्मद आफताब आलम, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से आए खेल प्रभारी मोहम्मद सईद आसिफ हसन ने दीप प्रज्वलित करके प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। कौशल्या कन्या इंटर कालेज की प्रधानाचार्या डॉ मधुबाला त्यागी ने सभी अतिथियों का स्वागत तथा खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ी जीतकर अपने कॉलेज, अपने शहर, अपने प्रदेश, अपने देश का नाम रोशन करते हैं।

## इंटर हाउस वॉलीबाल टूर्नामेंट में अव्वल रहा नेहरू हाऊस

मुरादाबाद । मुरादाबाद महानगर के हरपाल नगर में स्थित गाँधी नगर पब्लिक स्कूल में शनिवार को इन्टर हाउस वॉलीबाल टूर्नामेंट कराया गया। फाइनल मैच गाँधी हाउस व नेहरू हाउस के मध्य हुआ जिसमें नेहरू हाउस ने 2 लगातार सेट (21-16) तथा (21-09) जीतकर टूर्नामेंट में विजयी घोषित हुआ।

पहले राउन्ड का पहला मैच शास्त्री व नेहरू सदन के छात्रों के मध्य कराया गया। जिसके 3 सेटों में लगातार नेहरू हाउस के छात्रों ने 2 सेटों को (25-21) व (25-23) से जीतकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दूसरे राउन्ड में गाँधी व पटेल सदन के छात्रों के बीच के मैच हुआ जिसका पहला सेट पटेल हाउस ने (25-13) से जीत लिया परन्तु अगले दोनों सेट गाँधी हाउस ने (25-14) व (25-18) से जीतकर फाइनल में पहुंच गया। तीसरा राउन्ड तृतीय स्थान के लिये शास्त्री व पटेल हाउस के मध्य कराया गया। जिसको पटेल हाउस ने (21-17) से मैच जीतकर तृतीय स्थान अपनी जगह पक्की की। प्रधानाचार्या शशि शर्मा ने चारों टीमों के सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

# कृषि विज्ञान केंद्र जमुनाबाद पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोला गोकर्णनाथ खीरी। आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र जमुनाबाद लखीमपुर खीरी द्वारा पांच दिवसीय प्रशिक्षण पशुपालन एवं डेयरी प्रबंधन पर किया गया। प्रशिक्षण संयोजक पशुपालन वैज्ञानिक डॉ0 एन0 के0 त्रिपाठी ने पशुओं की देखभाल, उनकी उत्पादक प्रजातियों विशेषकर गाय की गिर, साहीवाल, काकरेज और भैंस की मुर्रा, भदावरी, नीली रावी इत्यादि पहचान, विशेषताएं, राशन निर्माण, उचित पोषण, समुचित आवास प्रबंधन व्यवस्था एवं चिकित्सा के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। केंद्र के अध्यक्ष डॉ0 एस0 के0 विश्वकर्मा ने एक योजना बनाकर पशुपालन तथा दुग्ध व्यवसाय को प्रभावी तरीके से लाभान्वित बनाने के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी, उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में कृषि एवं पशुपालन को साथ करने की आवश्यकता है, उन्होंने दुग्ध के विभिन्न उत्पादों के मूल्य संवर्धन के विषय में जानकारी दी। उद्यान वैज्ञानिक डॉ0 मोहम्मद सोहेल ने पशु टीकाकरण के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि बरसात के पूर्व टीकाकरण अवश्य करा लिया जाए जिससे गला घोंटू, खुरपका मुंह पका ,लंगडी आदि बीमारियो से पशुओं को बचाया जा सके और स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद प्राप्त किया जा सके। डॉ0 जिया लाल गुप्ता ने दूध से स्वछता पूर्वक खोया, पनीर, दही एवं छाछ उत्पादन की आधुनिकतम तकनीक की जानकारी दी और कहा कि पशुपालन और दुग्ध व्यवसाय को एक व्यावसायिक के नजरिये से देखकर और उसका क्रियान्वयन करने की अत्यंत आवश्यकता है जिसके फलस्वरूप पशुपालन और दुग्ध व्यवसाय को लाभदाई बनाया जा सकता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एक दर्जन से ज्यादा पशुपालकों ने भाग लिया और पशुपालन एवं दुग्ध व्यवसाय करते समय आने वाली तमाम परेशानियों का त्वरित समाधान प्राप्त किया।

# बिसवां में खाद-यूरिया संकट को लेकर सपा कार्यकर्ताओं का हल्ला-बोल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां (सीतापुर)। समाजवादी पार्टी के नेता दिग्विजय सिंह देव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने खाद और यूरिया की किल्लत को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला को सौंपा। धरना प्रदर्शन में समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष शमीम कौशल सिद्दीकी, सपा नेता प्रमोद वर्मा, जिला उपाध्यक्ष कय्यूम कुरैशी, जिला उपाध्यक्ष शब्बीर खान, मास खान, नूर नेता समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक अमन सिंह, प्रभारी निरीक्षक मुकुल वर्मा और उप निरीक्षक सुधाकर सिंह अपनी टीम के साथ तैनात रहे।

# सीडीओ ने की विकास विभाग एवं सीएम डैशबोर्ड की बैठक

**सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में उत्तरोत्तर प्रगति बनाए रखने के दिए निर्देश**

**जनपद बरेली को विकास कार्यक्रमों में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बरेली । मुख्य विकास अधिकारी देवयानी की अध्यक्षता में आज विकास विभाग की सी.एम. डैशबोर्ड की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी सम्बंधित अधिकारियों को सी0एम0 डैशबोर्ड की रैंकिंग में उत्तरोत्तर प्रगति बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर माह जुलाई 2025 की जारी की गयी रैंकिंग में जनपद बरेली को विकास कार्यक्रमों में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है और यही प्रगति हमें अगस्त माह में भी बनाए रखनी है।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने समीक्षा के दौरान पाया कि पी.एम. सूर्यघर योजना की स्थिति सही नहीं है जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुये पी.ओ. नेडा को सुधार करने के निर्देश दिए। फैमिली आई.डी. अधिक से अधिक संख्या में बनाए जाने के निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि फैमिली आई.डी में जो लक्ष्य है उसे यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए। बैठक में जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए गए कि किसान सम्मान निधि में जो भी पेंडेंसी है उसे ब्लॉक स्तर पर कैम्प लगाकर समाप्त की जाए। समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि पोर्टल पर लगातार फीडिंग करते रहें तथा इसकी निगरानी भी लगातार की जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. विश्राम सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग विकास यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर, समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पुलिस कर्मियों के घंटों जूझने पर भी नहीं खुलता जाम

बदायूँ। पुलिस लाइन चौराहे से लावेला चौक जाने के लिए राहगीरों को घंटों का समय लग जाता है। कारण वहां पर लगने वाला जाम इसका कारण रोडवेज चालकों द्वारा बसों को बेतरतीब खड़ी करके गायब हो जाना या मनमाने तरीके से बसों को रोड पर खड़ी करके सवारियों को चढ़ाना। इस मौके का फायदा ई-रिक्शा तथा टेंपो चालक भी उठाते हैं। पहले से जाम से जुझ रही सड़क का और ज्यादा हाल बेहाल कर देते हैं। जिम्मेदार पुलिसकर्मी या तो कुर्सी पर आराम फरमा रहे होते हैं। जब उनसे कहा जाता है तो एक आध लाठी फटकार कर अपनी ड्यूटी पूरी कर लेते हैं। हालत बद से बदतर होते जा रहे हैं। ना तो प्रशासन इस विषय में कुछ सुनने को तैयार है और ना यातायात पुलिसकर्मी इस दिशा में कोई सार्थक पहल उठाने को राजी हैं। जिसका खामियाजा उस रोड से गुजरने वाले राहगीरों को उठाना पड़ता है नतीज़ा पांच मिनट से भी कम समय की दूरी को तय करने में घंटों गुजर जाते हैं। यदि ऐसे ही चलता रहा तो राहगीरों इस आधे किलोमीटर के टुकड़े को पार करने के लिए हजार बार सोचना पड़ा करेगा।

## डीएम एवं एसपी ने कोतवाली चंदौसी पहुंचकर सुनीं जन समस्याएं

**थाना समाधान दिवस में आयी प्रत्येक जन सामान्य की शिकायतों का किया जाए शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण: जिलाधिकारी**

सम्भल (बहजोई)। शासन के मंशानुरूप थाना समाधान दिवस में आये प्रत्येक जन सामान्य की समस्या के त्वरित निस्तारण के लिए जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन कोतवाली चंदौसी में किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि थाना समाधान दिवस में आयी जन सामान्य की शिकायतों को शीघ्र एवं गुणवत्ता पूर्ण किया जाए निस्तारण। थाना समाधान दिवस के अंतर्गत कोतवाली चंदौसी में 03 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ जिसमें एक शिकायत का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर कोतवाली चंदौसी के निरीक्षक सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कबड्डी जिमनास्टिक,फ़ेसिंग,खोखो प्रतियोगिता का शुभारंभ

बदायूँ। रिजर्व पुलिस लाइन जनपद बदायूँ के ग्राउण्ड में द्वितीय अन्तर जनपदीय कबड्डी कलस्टर (महिला/पुरुष), कबड्डी जिमनास्टिक,.फ़ेसिंग,खोखो प्रतियोगिता वर्ष 2025 का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बदायूँ डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा0 ह्रदेश कठेरिया, क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश कुमार उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी लाइन/उझानी देवेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी बिल्सी संजीव कुमार,प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन्स इन्द्रजीत सिंह तथा पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

## विभागीय कार्यो में लापरवाही में डीपीआरओ संभल निलबिंत



संभल। संभल के जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडेय सस्पेंड कर दिया गया। विभागीय कार्यों और शासन की योजनाओं को लेकर भ्रामक सूचनाएं देने के आरोप में बड़ी कार्रवाई। डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया की रिपोर्ट के बाद शासन ने तुरंत लिया एक्शन !प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर निलंबन !अब तक की जांच पूरी होने तक पंचायत राज निदेशालय से अटैच !क्ष्ट्ग के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई से मचा हड़कंप!

## डीएम की अध्यक्षता में कादरचौक में हुआ थाना समाधान दिवस का आयोजन

बदायूं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने थाना कादरचौक में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधिकारियों को फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर उनका गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कुल 11 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिनके निस्तारण के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए गए।जिलाधिकारी ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि भूमि व राजस्व विभाग से संबंधित मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि वह अपने क्षेत्र का नियमित भ्रमण करें तथा छोटी से छोटी घटना की जानकारी भी उच्च अधिकारियों को दें ताकि समय रहते उसका निस्तारण कराया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज स्थापित है इसलिए सामाजिक व समाज में वैमनस्य फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करें। उन्होंने महिलाओं की शिकायतों का संवेदनशील होकर गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने कादरगंज पुल से किया गंगा जलस्तर का निरीक्षण

बदायूं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने शनिवार को पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कादरगंज पुल के ऊपर से गंगा नदी के जलस्तर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गंगा के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा के किनारे बसे ग्रामों में विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने राजस्व, पुलिस, आपदा प्रबंधन एवं स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पुल के दोनों ओर जलस्तर का गहनता से निरीक्षण कर मौजूद अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि गंगा किनारे के गांवों में रहने वाले लोग सुरक्षित रहें, इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर भी निगरानी समितियाँ सक्रिय की जाएँ। ग्रामीणों को समय-समय पर प्रशासन की ओर से आवश्यक सूचनाएँ और सचेत रहने के संदेश पहुँचाए जाएँ। उन्होंने कहा कि राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य ,पशुपालन व सिंचाई विभाग बाढ़ खंड आदि विभाग अलर्ट रहें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है और किसी भी परिस्थिति में ग्रामवासियों को समस्या नहीं होने दी जाएगी। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## 30 अगस्त तक जमा करें हज 2026 की प्रथम किश्त एवं दस्तावेज़

बदायूँ। ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया है कि हज समिति ऑफ इंडिया ने आजमीने हज 2026 के लिए पहली किश्त जमा करने की अन्तिम तिथि 25 अगस्त 2025 तक बढ़ा दी गयी है। पहली किश्त में 152300 रुपए जमा किये जाएंगे जो किसी भी स्टेट बैंक या यूनियन बैंक की शाखा में जमा किये जा सकेंगें अथवा या हज यात्री ऑनलाइन अपने खाते से नेटबैंकिंग के द्वारा ऑनलाइन वेबसाइट द्धप्ध्प्ध्पः//द्धथद्ध्रदधद्वद्वद्धप्प्द्गद्ग.द्दधफ.द्धद्ध व हज सुविधा एप पर क्रेडिट कार्ड,डेंबिट कार्ड, नेट बैंकिंग के माध्यम से हज कमेटी आफ़ इण्डिया मुम्बई के खाते में जमा करना होगा। जिसके बाद आजमीने हज 2026 को अपने निम्न दस्तावेज धनराशि जमा कर पे-इन स्लिप व ऑनलाइन जमा रसीद, स्वतः हस्ताक्षरित हज आवेदन फ़ार्म,अन्तराष्ट्रीय पासपोर्ट हेतु घोषणा पत्र,मेडिकल स्क्रीनिंग एण्ड फ़िटनेस सर्टिफ़िकेट (वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप पर), स्वतः हस्ताक्षरित अन्तराष्ट्रीय पासपोर्ट की फ़ोटोप्रति ये सभी दस्तावेज हज कमेटी आफ़ इण्डिया के पोर्टल पर अपने लॉग-इन आई0डी0 से अपलोड करना है अथवा किसी मजबूत लिफाफ़े में रखकर सचिव व कार्यपालक अधिकारी उ0प्र0 राज्य हज समिति मौलाना अली मियॉ मैमोरियल हज हाउस सरोजनी नगर लखनऊ-226008 पर डाक अथवा दस्ती दिनॉक 30 अगस्त 2025 तक जमा करना होगा। चयन होने की सूचना प्रत्येक कवर हेड के मोबाइल नम्बर पर एस.एम.एस. के माध्यम से भेजी गयी है। जनपद बदायॅू के सभी 145 हज यात्रियों का चयन हज 2026 हेतु हो गया है। अन्य किश्तें,हवाई जहाज़ का किराया व अन्य व्ययों के निर्धारित होने पर अलग से सूचित किया जायेगा। समय से धनराशि व प्रपत्र जमा न करने पर प्रोवीजनली चयनित हज यात्री की सीट निरस्त हो सकती है। केवल जनपद बदायॅू के ही हज 2026 के यात्री मेडीकल स्क्रीनिंग एण्ड फ़िटनेस सर्टीफ़िकेट के लिए अचल केन्द्र ज़िला महिला अस्पताल बदायॅू में 30 अगस्त 2025 तक किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क करें।

# मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

**योजना के द्वारा लाभार्थियों को उद्योग लगाने पर विभाग द्वारा 35% तक का अनुदान प्राप्त किया जा सकता**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। राजकीय फल संरक्षण केंद्र एवं प्रशिक्षण केंद्र चंदौसी जिला संभल उत्तर प्रदेश द्वारा ग्राम में न्याय पंचायत असलतपुर जार ई ब्लाक बनिया खेड़ा जिला संभल उत्तर प्रदेश में दो दिवसीय मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत दिनांक 23 8 2024 से 24 8.2025 तक के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरती देवी ग्राम प्रधान एवं प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार जायसवाल राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया गया हुकम सिंह राणा सेवा निर्वरत सहायक प्रभारी एवं पिंकी सिंह आदि विषय वास्तु विशेषज्ञ उपस्थित रहे तथा हुकम सिंह राणा विषय विशेषज्ञ ने नींबू का अचार और आदि कैसे बनाया जाता है इसके बारे में जानकारी दी श्रीमती पिंकी सिंह द्वारा महिला उद्यमी के रूप में विभिन्न प्रकार के मसाले एवं नींबू का स्क्वायर कैसे तैयार किया जाता है और न्यू के स्पर्श को बनाकर दिखाया गया केंद्र प्रभारी श्री नौसिंह जी द्वारा द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया एवं पीएमएफएम योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई किस तरीके से उद्यम लगाया जाए प्रस्ताव तैयार कराया जाए तथा एमएफएम योजना के द्वारा लाभार्थियों को उद्योग लगाने पर विभाग द्वारा 35% तक का अनुदान प्राप्त किया जा सकता है कार्यक्रम में उपस्थित रहे सभी को जलपान के रूप में खाना आदि वितरण किया गया तथा स्टेशनरी आदि का वितरण किया गया जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी महोदय से निवेदन है कि उपरोक्त विज्ञप्ति को संभल जनपद के दैनिक समाचार पत्रों में निशुल्क रूप से प्रकाशित करने की कृपा करें प्रभारी राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र श्री नौसिंह संभल

# डीएम व एसपी ने बार्डर चेक पोस्ट का किया लोकार्पण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल, बहजोई। जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के द्वारा जिला खनिज न्यास योजना के अंतर्गत तहसील चंदौसी के बदायूं रोड़ ग्राम पथरा मोड स्थित बॉर्डर चेक पोस्ट का लोकार्पण किया। जिसमें जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद में वाहनों के आवागमन पर चेक पोस्ट के द्वारा निगरानी रखी जाएगी। साथ ही साथ जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विकासखंड बनियाखेड़ा के ग्राम कैथल में नवनिर्मित नवीन पुलिस चौकी का फीता काटकर लोकार्पण किया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कैथल नवनिर्मित चौकी परिसर में वृक्षारोपण भी किया उन्होंने कहा कि कैथल चौकी लोगों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने गणेश चौथ मेला परिसर का निरीक्षण किया जिसमें जिलाधिकारी ने संपूर्ण मेला परिसर का भ्रमण करते हुए आवश्यक सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को देखा और संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि मेले में प्रकाश एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पूरे देश में मुंबई के बाद चंदौसी को मिनी वृंदावन बोला जाता है दूसरी गणेश यात्रा निकाली जाती है। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष सहित समस्त संबंधित अधिकारी एवं मेला कमेटी के लोग उपस्थित रहे।

# 2 अक्टूबर को वितरित होगी पिछड़ा वर्ग की छात्रवृत्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। 2 अक्टूबर 2025 को वितरण होने वाली छात्रवृत्ति हेतु प्रक्रियात्मक कार्यवाही जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार, द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पूर्वदश छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12) योजनान्तर्गत छात्रवृत्ति का वितरण 2 अक्टूबर, 2025 को कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

उक्त के सम्बन्ध में जनपद की समस्त शिक्षण संस्थाओं पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12) को सूचित किया जाता है कि (कक्षा 9-10) छात्रवृत्ति एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12) योजनान्तर्गत छात्रों से अधिक से अधिक आवेदन कराते हुए पात्र छात्र/छात्राओं के आवेदन पत्रों को 31 अगस्त 2025 तक नियमानुसार ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित / निरस्त करना सुनिश्चित करें, ताकि शासन द्वारा 02 अक्टूबर 2025 को अधिक से अधिक छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति की धनराशि प्रेषित की जा सके। साथ ही जनपद की समस्त पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12) की शिक्षण संस्थाओं को यह भी सूचित किया जाता है कि ऐसी शिक्षण संस्थाएँ जिनके द्वारा अभी तक अपनी प्रोफाइल इत्यादि लॉक नहीं की गयी है। वह शिक्षण संस्थाएँ अपनी प्रोफाइल एवं सीट 02 दिवस के भींतर लॉक करना सुनिश्चित करें, तदोपरान्त प्रोफाइल एवं सीट 02 जिला विद्यालय निरीक्षक की लॉगिन से नियमानुसार लॉक की जायेंगी। उपरोक्त प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त ही संबंधित छात्रों के आवेदन पत्र संबंधित शिक्षण संस्थाओं से अग्रसारित हो सकेंगे। प्रोफाइल वेरीफाई संबंधित रिपोर्ट राज्य एन0आई0सी0 द्वारा शिक्षण संस्थाओं की लॉगिन पर प्रदर्शित करायी जा चुकी है समस्त शिक्षण संस्थान अपनी प्रोफाइल एवं सीट 02 दिवस के भींतर लॉक करायें।

# चौकी का सिपाही बोला, एसएसपी दफ्तर से आते हैं झूठे प्रार्थना पत्र, एसएसपी से शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूँ। सदर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक पीड़िता को एसएसपी दफ्तर जाना पड़ा महंगा। वही एक चौकी का सिपाही पीड़िता को धमकाते हुए कह रहा है कि झूठ प्रार्थना पत्र और झूठे लोग एसएसपी दफ्तर जाते हैं। वही पीड़िता ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर दबंगों पर कार्रवाई की मांग की थी। वहीं आपको बता दें कि पूरा मामला सदर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता एसएसपी कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर दबंगों पर कार्रवाई की मांग की थी। वहीं शिकायती पत्र में पीड़िता ने कहा है कि मोहल्ले के दबंगों ने दोपहर को घर में घुसकर पीड़िता और उसके परिवार को मां-बहन की गंदी-गंदी गाली देते हुए लात-घुसो से मारा पीटा वहीं दबंगों ने धमकी दी है कि तुम्हारी जैसे दुकान पर कब्जा कर लिया है वैसे ही घर पर भी कब्जा करके रहेंगे वहीं दबंगों ने पहले भी पीड़िता व उसके परिवार पर जानलेवा हमला किया है। पीड़िता का आरोप है कि चौकी पुलिस से कई बार शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। क्योंकि दबंगों पर चौकी के एक सिपाही का संरक्षण प्राप्त है। वहीं पीड़िता पिछले महीने उन दबंगों की शिकायत कर चुकी है। लेकिन चौकी पर सुनवाई न होने पर पीड़िता ने एसएसपी दफ्तर जाकर बड़े साहब से शिकायत की तो चौकी का एक सिपाही धमकाते हुए बोल रहा है कि एसएससी दफ्तर तो झूठे लोग जाते हैं और वहां से प्रार्थना पत्र भी झूठ आते हैं। वहीं विश्वसनीय सूत्रों का कहना है कि यह सिपाही उन दबंगों को कोतवाली लाया और मात्र दो घंटे में ही उनसे आर्थिक लाभ लेकर छोड़ दिया। वहीं चर्चा यह भी है कि सिपाही दबंगों की मदद करता है। चौकी पर बिठाकर चाय पिलाता है। वही इस मामले को लेकर पुनः शिकायत की गई है। वहीं चर्चा यह भी है कि क्षेत्र में सिपाही की गतिविधियां ठीक नहीं है। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है। जांच कराकर सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# संभल अखिल भारतीय जाट महासभा की कार्यकारी बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल । आज नगर चंदौसी में अखिल भारतीय जाट महासभा की कार्यकारी बैठक पंचशील कॉलोनी स्थित विजयपाल सिंह के आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नकुल सिंह औलख ने की।बैठक में संगठन की कार्यकारिणी को लेकर विस्तृत चर्चा हुई तथा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष के रूप में राखी सिरोही की घोषणा की गई। इस अवसर पर संगठन द्वारा जनपद सम्भल के समस्त जाट समाज के लोगों से एकजुट होकर समाज व संगठन की मजबूती हेतु कार्य करने का आह्वान भी किया गया।नवनियुक्त महिला विंग की जिला अध्यक्ष राखी सिरोही ने कहा कि वह महिलाओं के बीच जाकर समाज के प्रति जागरूकता फैलाने और संगठन निर्माण के लिए पूर्ण रूप से समर्पित रहेंगी।बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय जाट महासभा के युवा प्रदेश प्रवक्ता चौधरी सनि आर्य ने संगठन का परिचय देते हुए बताया कि ल्लअखिल भारतीय जाट महासभा जाट समुदाय का सबसे प्राचीन और प्रथम संगठन है। यह संगठन हमारे पूर्वजों की धरोहर है और समाज की एकता व प्रगति का आधार है।ङ्कइस अवसर पर पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह पप्पू चौधरी ने जाट समुदाय के ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक जुड़ाव पर प्रकाश डाला और संगठन की मजबूती के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया।बैठक में छत्रपाल सिंह, दलवीर सिंह, विजयपाल सिंह,चंद्रपाल सिंह, विकास चौधरी, प्रशांत चौधरी, प्रदीप चौधरी, धर्मेन्द्र सिंह चौधरी,सतवीर सिंह, ऊषा चौधरी, रजनी, गुड़िया, नीतू सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## डीपीबीएस कालेज में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

अनूपशहर। डीपीबीएस कालेज में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन में छात्रा विनीता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।शनिवार को डीपीबीएस कालेज में ल्लभारतीय संविधान में प्रस्तावना की उपादेयताङ्क विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन विभागाध्यक्ष डा. राधा उपाध्याय के संयोजन में किया गया। प्रतियोगिता में संविधान की प्रस्तावना से संबंधित प्रश्नों पर अपने ज्ञान एवं समझ का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने संविधान के लोकतांत्रिक आदर्शों, नागरिक कर्तव्यों तथा राष्ट्रीय मूल्यों पर सारगर्भित उत्तर प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में विनीता प्रथम, कुमकुम द्वितीय तथा मीनाक्षी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कालेज का गौरव बढ़ाया। प्रो. पी के त्यागी ने कहा कि ल्लसंविधान की प्रस्तावना भारतीय लोकतंत्र का प्राणतत्व है। जो समानता, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व के आदर्शों को दिशा प्रदान करता है। विद्यार्थियों को संविधान की मूल भावना को समझकर समाज में सकारात्मक योगदान देना चाहिए।ङ्क विभागाध्यक्ष डा. राधा उपाध्याय ने कहा कि संविधान का अध्ययन विद्यार्थियों में न केवल ज्ञानवर्धन करता है, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करता है। प्राचार्य डा. जीके सिंह ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक होते है। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र को लेकर हुई बैठक

संभल। जनपद संभल में पुलिस अधीक्षक के के बिश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग आज सुबह 10 बजे महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में महिला थाने में संपन्न हुई। जिसमें पति-पत्नी के मध्य भी आपसी विवादों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण करने का प्रयास काउंसलन द्वारा किया गया जहां कुल 98 पत्रावली सुनकर 41 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तथा 11 परिवार को मिलाया गया तथा 25 पत्रावलियों को न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की संतुति की गई। एवं 5 पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई।इस अवसर पर विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट, संगीता भार्गव, श्वेता गुप्ता बबीता शर्मा सीमा आर्य कंचन महेश्वरी तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक रश्मि गहलोत ज्योति आदि लोग उपस्थित रहे।

# किसानों को खाद न मिलने से आप पार्टी ने किया विरोध प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




उन्नाव। प्रदेश सरकार केवल बड़े उद्योगपतियों की जेब भरने में लगी है, जबकि अन्नदाता दर-दर भटकने को मजबूर है किसानों को प्राथमिकता देकर अन्नदाता के हितों की रक्षा की जाए।प्रदेश में खाद की भारी किल्लत के कारण किसानों को घंटों लाइन में लगने के बावजूद खाद नहीं मिल पा रही है। यह सरकार की घोर नाकामी और किसानों के साथ किया जा रहा अन्याय है। इसी गंभीर मुद्दे पर उन्नाव जनपद में जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव व जिला प्रभारी तुषार श्रीवास्तव के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए नगर मैजिस्ट्रेट को महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा ।जिला अध्यक्ष कुलदीप यादव ने इस मौके पर कहा कि योगी सरकार की लापरवाही ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खेती का मौसम चल रहा है और किसानों को खाद उपलब्ध न कराना सीधे-सीधे उनकी आजीविका पर हमला है। कुलदीप यादव ने कहा कि यह शर्मनाक है कि किसान अपनी ही धरती पर अन्न उपजाने के लिए बुनियादी सुविधा के लिए तरस रहे हैं। प्रदेश सरकार केवल बड़े उद्योगपतियों की जेब भरने में लगी है, जबकि अन्नदाता दर-दर भटकने को मजबूर है।उन्होंने कहा की आम आदमी पार्टी की मांग है किसानों को तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए,।खाद वितरण में भारी भ्रष्टाचार और कालीबाज़ारी खाद वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित हो। दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो खेती का मौसम चल रहा है, लेकिन खाद की कमी से बोआई बाधित किसानों को राहत देने के लिए विशेष सहायता पैकेज घोषित किया जाए ।वही जिला प्रभारी तुषार श्रीवास्तव ने सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि योगी सरकार केवल उद्योगपतियों को लाभ पहुँचा रही है, किसानों को प्राथमिकता देकर अन्नदाता के हितों की रक्षा की जाए।

# कमिश्नर साहब :गोण्डा में अवैध खनन पर नहीं लग पा रही रोक, सो रहा विभाग

**शहर की सड़कों पर बेरोकटोक धड़ल्ले से यमराज बन कर दौड़ रही ट्रैक्टर-ट्राली, लोगों में बना हुआ है दुर्घटना का भय**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा। देहात कोतवाली थाना क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन पर रोक नहीं लग पा रही है। जिम्मेदार खनन विभाग ने इस ओर अपनी आंखें बंद कर ली हैं जबकि जिले में यहां व आसपास क्षेत्र में खनन जोरों पर चल रहा है। कटहा घाट डेहरासरोड सरैया बाबा कुटी (चांदपुर)गांव व मंडप के आसपास दिन के उजाले में धड़ल्ले से ट्रैक्टर व रैपर मशीन लगाकर अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा है।

सड़कों पर बेरोकटोक दौड़ने से ग्रामीणों व शहर के लोगों को दुर्घटना का भी डर बना हुआ है, लेकिन कोई खुलकर विरोध की हिम्मत नहीं कर पाता है। सदर तहसील क्षेत्र के सरैया बाबा कुटी (चांदपुर)गांव व मंडप मंदिर के पास जहां बीते कई दिनों से खनन माफिया द्वारा रैपर मशीन और काफी संख्या में ट्रैक्टर लगाकर दिन रात अवैध खनन हो रहा है।यहां से मिट्टी भर कर आसपास के शहर व कस्बे में सप्लाई करते हैं।वही ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध खनन करने वाले खनन माफिया की शि कायत पहले कई बार खनन अधिकारी से की गई,लेकिन खनन अधिकारी किसी की बात को सुनते नहीं है। उल्टा माफिया को जानकारी हो जाती है।इसके बाद धमकी तक दी जाती है जि सके बाद से कोई शिकायत की हिम्मत नहीं जु टा पाता है।वहीं प्लाट की भराई व अन्य काम के लिए मिट्टी पहुंचाते है।ओवरलोडेड वाहन च लने से आसपास क्षेत्र की सड़क भी खराब हो रही है।खनन विभाग की ओर से यहां कोई का र्रवाई भी नहीं हो रही है।इसका सीधा फायदा खनन करने वाले राजस्व को लाखों की चोट पहुंचाकर कर रहे हैं।

### जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने तोड़ दी थी खनन माफियाओ की कमर

तत्कालीन जिलाधिकारी नेहा शर्मा सोशल मीडिया पर मिली अवैध खनन की सूचना को भी बहुत गंभीरता से लेती थीं।परसपुर के ग्राम मधईपुर खंडेराय में तो उन्होंने खुद छापा मार कर बड़ी कार्रवाई की थी,शिकायत पर छापे मारी के दौरान उन्होंने पाया था कि अनुमति से इतर 1100 घन मीटर मिट्टी का खनन किया गया था।इसके साथ ही, नेहा शर्मा ने करनै लगंज, नवाबगंज व तरबगंज क्षेत्र में भी अवैध खनन की कई शिकायतों पर खुद छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की थी, जो एक नजीर है। इतना ही नहीं, अवैध खनन पर नकेल कसने के लिए उन्होंने राजस्व, पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त टीमें गठित कर रातों में छापेमारी अभि यान चलाकर खनन माफियाओं की कमर तोड़ दी थी।

### अवैध खनन करने वाले पर शीघ्र कार्रवाई होगी: एसडीएम सदर

वही सदर एसडीएम ने बताया कि अवैध खनन कराए जाने की जानकारी उन्हें नहीं है। सरकार ने खनन संबंधी नए दिए निर्देशों संबंधी कोई लिखित आदेश उन्हें प्राप्त नहीं हुआ है। अवैध खनन करने वालों पर शीघ्र शिकंजा कसा जाएगा।

## यूरिया संकट पर आम आदमी ने उठाई आवाज़ एसडीएम मनकापुर को सौंपा ज्ञापन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोड़ा। जिले में यूरिया खाद की किल्लत के चल ते किसानों को भारी परेशानियों का सामना कर ना पड़ रहा है।सहकारी समितियों पर भारी भी ड़ उमड़ रही है,लेकिन पर्याप्त आपूर्ति न होने के कारण सैकड़ों किसान खाली हाथ लौटने को म जबूर हैं।इस संकट के विरोध में आम आदमी पार्टी ने शनिवार को तहसील मनकापुर में प्रद र्शन किया और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया प्रदर्शन का नेतृत्व दिग्गज पांडेय,अजय कुमार मिश्र और शिवम कुमार ने किया।ज्ञापन में मांग की गई कि किसानों को समय पर और उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराई जाए,साथ ही वितरण प्रणाली में व्याप्त भ्रष्टाचार को रोका जाए।पार्टी ने चेतावनी दी कि अगर जल्द व्यव स्था नहीं सुधारी गई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## युवा पीढ़ी को नशीले पदार्थों से दूर रखने करने के लिये आयोजित करें जन जागरूकता कार्यक्रम :डीएम

**बेहतर ताल-मेल एवं समन्वय के साथ करें प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई नार्को को-आर्डिनेशन समिति की बैठक सम्पन्न**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । नारकोटिक्स पदार्थो के संचरण एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से शुक्रवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नार्को को.आर्डिनेशन कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि बेहतर ताल-मेल एवं समन्वय के साथ प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए नारकोटिक्स पदार्थो के अवैध संचरण एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाये। डीएम ने कहा कि सभी एजेन्सियों के बीच संवादहीनता की स्थिति नहीं होनी चाहिए। यदि कोई सूचना प्राप्त होती है तो सभी सम्बन्धित एजेन्सी सूचनाओं को एक-दूसरे के साथ शेयर करते हुए तत्काल प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई कर नियमानुसार सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें।बैठक के दौरान डीएम ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि विगत बैठक में दिये गये निर्देशों की अनुपालन आख्या तत्काल उपलब्ध कराएं। डीएम ने अपराध निरोधक एजेन्सियों को निर्देश दिया कि किसी भी कार्रवाई के दौरान नारकोटिक्स और ड्रग्स की जब्त की गयी मात्रा तथा उस सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही का विवरण समिति की बैठक में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जाय।डीएम ने औषधि प्रशासन विभाग को निर्देश दिया गया कि मेडिकल स्टोरों की संघन चेकिंग अभियान संचालित कर प्रतिबंधित नशीली औषधियों की बिक्री पर प्रभावी अंकुश के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाय कि चिकित्सक के परामर्श के अनुसार ही दवाओं की बिक्री की जाय तथा सम्बन्धित मेडिकल स्टोर्स द्वारा उनका लेखा-जोखा रजिस्टर में अंकित किया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि मादक पदार्थों की बिक्री एवं संचरण के लिए संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर वहां सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाय। उन्होंने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के नमूने परीक्षण हेतु भेजे जाने का ब्योरा प्रत्येक बैठक में ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा प्रस्तुत किया जाय।डीएम अक्षय त्रिपाठी ने डीआईओएस को निर्देश दिया कि युवा पीढ़ी विशेषकर छात्र.छात्राओं को नशीले पदार्थों से दूर रखने के लिए संयुक्त रूप से जनजागरूकता कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर उसे क्रियानवित भी कराएं। अपराध निरोधक एजेंसीज को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यशाला का निरन्तर आयोजन कर तद्नुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। समाज कल्याण अधिकारी को नशामुक्ति एवं पुनर्वास कार्यक्रम संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह द्वारा पुलिस एवं आबकारी व औषधि प्रशासन विभागों की संयुक्त टीम को मेडिकल स्टोरों की संघन चेकिंग अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये।

## बांदा में अटल आवासीय विद्यालय के 36 छात्र बीमार

बांदा । उत्तर प्रदेश में बांदा जिले की सदर तहसील क्षेत्र में शनिवार को अछरौड़ गांव में स्थित अटल आवासीय विद्यालय के 36 छात्र अचानक बुखार की चपेट में आने से बीमार हो गए।सूचना पर तत्काल मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ बृजेन्द्र सिह, जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ किशन कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज आदि प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और जिला अस्पताल में सभी का हाल-चाल लिया।जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ किशन कुमार ने बताया कि आज अटल आवास विद्यालय अछरौड के बुखार पीड़ित 36 छात्रों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां बाल रोग विशेषज्ञ सहित कई चिकित्सकों द्बारा उनका परीक्षण किया गया। जांच में सभी को वायरल इंफ़ेक्शन मिला। तदानुसार सभी पीड़ित छात्रों को आवश्यक दवाएं देकर वापस भेजा गया।

## तिल की उन्नत खेती पर दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ संदीप कुमार के मार्गदर्शन में तिल की उन्नत खेती पर दो दिवसीय 21 से 22 अगस्त तक चयनित कृषकों को प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण के दौरान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ पी के सिंह ने बताया कि समूह पंक्ति प्रदर्शन या क्लस्टर फ्रंटलाइन डेमॉन्स्ट्रेशन एक कृषि रणनीति है जिसमें किसानों के खेत में नई और उन्नत कृषि तकनीकों को वैज्ञानिकों द्वारा सीधे दिखाया जाता है, ताकि नई तकनीकों को अपनाया जा सके, उपज बढ़ाई जा सके और किसानों के बीच नई विधियों का लोकप्रियकरण किया जा सके, जिसमें प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन, उन्नत किस्मों का प्रसार, ज्ञान का आदान-प्रदान, उत्पादन में सुधार को केद्रित कर प्रदर्शनों से जुड़े किसानों को प्रशिक्षण दिया जाता है, साथ ही साथ तिल की उन्नत खेती में रोग एवं कीट प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी भी दी । इसी क्रम में केंद्र के वैज्ञानिक डॉ उमेश कुमार के द्वारा किसानों को तिल में पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई वंही केंद्र के प्रशिक्षण प्रभारी डॉ सुनील कुमार द्वारा किसानों को तिल के विभिन्न उन्नतशील प्रजातियों के बारे में जिनमें से प्रमुख रूप से गुजरात तिल 4, गुजरात तिल 6, शेखर आर टी 346 तरुण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, जिनमें से प्रमुख रूप से गुजरात तिल 6 जिसका प्रदर्शन किसानों के प्रक्षेत्रों पर लगाया गया है के बारे में बताया गया। केंद्र की वैज्ञानिक डॉ रेनू आर्य के द्वारा बताया कि तिलहनी और दलहनी फसलों पर क्लस्टर फ्रंटलाइन प्रदर्शन में हर फसल की नई किस्मों को बढ़ावा देना शामिल है साथ ही साथ उन्होने तिल में पोषक तत्व वह तिल से बनने वाले व्यंजनों के बारे में भी बताया । कार्यक्रम के दौरान केंद्र के डॉ एस बी सिंह ने केंद्र पर लगे तिल प्रक्षेत्र पर किसानो को भ्रमण करवाया । प्रशिक्षण में खासकर ब्लाक रिसिया व मिहींपुरवा के प्रगतिशील कृषकों की उपस्थिति रही, जिनको प्रशिक्षण बाद प्रमाण पत्र के साथ साथ सल्फर व एन पी के खाद का निशुल्क वितरण किया गया ।

## पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना पर कार्यशाला का आयोजन

**कार्यक्रम की अध्यक्षता उप निदेशक समा ज कल्याण देवीपाटन मंडल,गोंडा सत्य प्रकाश सिंह ने की**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणि क सत्र 2025-26 की कार्ययोजना को लेकर एससीपीएम कॉलेज के धन्वंतरि सभागार में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप निदेशक समा ज कल्याण देवीपाटन मंडल,गोंडा सत्य प्रकाश सिंह ने की। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की ओर से छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं की विस्तृत जानकारी छात्रों और विद्यालय प्रति निधियों को दी गई।कार्यशाला में बताया गया कि इस वर्ष 31 अगस्त, 2025 तक प्राप्त आँकड़ों के आधार पर छात्रवृत्ति 2 अक्टूबर को वितरित किये जाने का निर्णय लिया गया है। 15 दिसंबर से भुगतान प्रारम्भ हो जाएगा। छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए अनुसूचित जाति जनजाति के छात्रों की पारिवारिक वार्षिक आ य सीमा 2.5 लाख रुपये तथा अन्य पिछड़ा वर्ग व सामान्य वर्ग के लिए 2 लाख रुपये निर्धारित की गई है।न्यूनतम उपस्थिति 75 प्रतिशत अनि वार्य होगी।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आवे दन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार होंगे और छा त्रों को आधार कार्ड से बायोमेट्रिक प्रमाणीकर ण कराना होगा।इसके साथ ही आवेदक को आय,जाति,निवास प्रमाण पत्र तथा शैक्षिक यो ग्यता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। वर्ष 2025-26 से आवेदन प्रक्रिया में कई नई व्यवस्थाएँ लागू होंगी, जैसे– डिजिलॉकर से छा त्र के दस्तावेज़ों की जाँच,आधार आधारित फ़ेस ऑथेन्टिकेशन प्रणाली और आयकर विभाग के पोर्टल से एकीकरण। कार्यशाला में छात्रों को दस चरणों वाली प्रक्रिया का चार्ट दिखाकर आ वेदन करने की विधि समझाई गई।

## तोरीया बीज मिनीकिट हेतु कर सकते है आनलाइन आवेदन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि शासन द्वारा जनपद को 1600 पैकेट (32 कुन्तल) निःशुल्क तोरिया बीज मिनीकिट वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अगामी रबी सीजन 2025-26 की बुआई से पूर्व कृषि विभाग के पंजीकृत कृषको को निःशुल्क तिलहनी बीज मिनीकिट तोरिया प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग के पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदनकर्ता किसानों का आनलाइन लाटरी के माध्यम से चयन किया जायेगा। चयनित पात्र किसानों को पी.ओ.एस मशीन के माध्यम से तोरिया बीज मिनीकिट का वितरण किया जाएगा। उन्होनें बताया कि इच्छुक किसान 31 अगस्त 2025 तक कृषि विभाग के पोर्टल एग्रीदर्शन डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर निःशुल्क तिलहनी बीज मिनीकिट तोरिया प्राप्त कर सकते है।

## शोभा यात्रा निकालकर किया प्रभु झूलेलाल महोत्सव का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । शहर में चल रहे झूलेलाल महोत्सव में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसका प्रारंभ सिंधी समाज के मुखिया जयरामदास लधवानी व राजकुमार ठक्कूर ने हरी झंडी दिखाकर औपचारिक रूप से शोभायात्रा को रवाना करके किया।इसके पहले समापन दिवस की पूर्व संध्या दिनांक 22 अगस्त को सिधी समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं व अन्य प्रति भाओं को एसडीएम सदर अशोक कुमार गुप्ताएडीएम स्टेनो मुकेश सिंह द्वारा सर्टिफिकेट व मेडल देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम की शुरु आत में सिंधी समाज के मुखिया जय रामदास लधवानी व राजकुमार ठकुर ने मुख्य अतिथि एसडीएम सदर को पाखड पहना कर व मोमें टो देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर समा ज द्वारा वृद्ध माता व वृद्ध पिता को पाखड पह ना कर सम्मानित किया।इस कार्यक्रम में झूले लाल को छप्पन भोग का प्रसाद भी चढ़ाया गया।23 अगस्त को प्रभु झूलेलाल जी की शोभायात्रा झूलेलाल धर्मशाला से प्रारंभ होकर पुरानी सब्जी मंडी, पीपल तिराहा ,भरत मिलाप चौराहा, महाराजगंज से वापस गुड्डू मल चौराहा, पटेल नगर, दुखहरण नाथ मंदिर होते रानी बाजार से वापस सरयू नदी कर्नलगंज में विसर्जन हेतु निकाली गई ।मेला कमेटी के अध्यक्ष मुकेश धनकानी ने बताया कि शोभा यात्रा का जगह-जगह रोककर प्रसाद एवं जल वितरण कर स्वागत भी किया गया।शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण ऑपरेशन सिंदूर सहित विभिन्न प्रकार की झांकियां रही। इस अवसर पर समाज द्वारा सर्वश्रेष्ठ झांकियों को भिन्न-भिन्न स्थानों पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।शोभा यात्रा में सिंधी समाज द्वारा पारंपरि क डोकलो व भजनों पर नृत्य करते हुए दिखाई दिए।देर रात्रि सरयू नदी पर विसर्जन व लंगर के पश्चात 40 दिनों से चले आ रहे झूलेलाल महो त्सव का समापन हो गया।

## उन्नाव आई दिल्ली पुलिस पर महिला से मारपीट का आरोप

उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र में दिल्ली पुलिस की कार्रवाई विवादों में घिर गई है। एक युवक की तलाश में आई दिल्ली पुलिस की एक टीम ने उसकी बहन के घर में बिना किसी सर्च वारंट के तलाशी ली। आरोपी युवक की बहन ने बताया कि पुलिस ने उसके साथ मारपीट और दुर्व्यवहार किया। पुलिसिया पिटाई से घायल पीड़िता को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, अजनैन पुलिस का कहना है कि दिल्ली पुलिस की कार्रवाई बिना लोकल थाने के संज्ञान में लिए की गई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि महिला से मारपीट का प्रकरण संज्ञान में है।बता दे कि शनिवार को दिल्ली के मंगोली थाने की पुलिस उन्नाव के अजनैन थानाक्षेत्र में अमरकंात नामक एक युवक की तलाश में पहुंची थी। पुलिस के अनुसार, दिल्ली में नौकरी करने गए अमरकंात पर एक लड़की को भगाने का आरोप है। युवती के परिवार ने एफआईआर दर्ज कराई है। आरोपी युवक, अजनैन क्षेत्र के नवाबगंज पक्षियाओ गांव का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि अमरकंात जब अपने घर पर नहीं मिला तो पुलिस उसकी बहन सुषमा कश्यप के घर पहुंची। गांव में ही कुछ दूरी पर युवक की बहन सुषमा कश्यप भी रहती है। सुषमा कश्यप ने जब भाई की जानकारी नहीं होने की बात कही तो पुलिस ने घर की जबरिया तलाशी ली और मना करने पर मारपीट की है। सुषमा कश्यप का आरोप है कि मंगोली पुलिस टीम में शामिल दरोगा और सिपाही बिना महिला पुलिसकर्मी के घर में घुस आए। उन्होंने उसके साथ हाथापाई की। फिर थाने ले जाकर मारपीट की। मारपीट में घायल सुषमा को परिजन जिला अस्पताल में भर्ती कराए हैं। परिजन का आरोप है कि पुलिस ने बिना वजह प्रताड़ित किया है। परिवारीजन का कहना है कि मार्च में अमरकंात दिल्ली गया था। उसने बताया कि वह कोई ऐसी नौकरी कर रहा है जिसमें फोन पर बातचीत नहीं हो सकती।

## ई-आफिस प्रणाली के लिए आयोजित होगा दो दिवसीय प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जनपद में ई-आफिस प्रणाली के सफल संचालन हेतु प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. इलेक्ट्रनिक्स कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा नामित कार्मिक द्वारा अधिकारियों/कर्मचारियों का 25 व 26 अगस्त 2025 को विकास भवन सभागार में दो पालियों में प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के सभी सम्बन्धित को निर्देश दिया है कि 25 व 26 अगस्त 2025 को विकास भवन सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपने-अपने कार्यालय के ई-आफिस से जुड़े लिपिकीय कर्मचारी के साथ प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण के लिए निर्धारित रोस्टर के अनुसार 25 अगस्त 2025 को प्रथम पाली प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक खाद्य एवं रसद विभाग (समस्त पूर्ति निरीक्षक सहित), परिवहन, आबकारी, कृषि, स्टॉम्प एंव रजिस्ट्रेशन(समस्त सब रजिस्ट्रार सहित), खनन, खेल, युवा कल्याण, कोषागार विभाग, अपर जिलाधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कलेक्ट्रेट स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जायेगा। द्वितीय पाली में अपरान्ह 02:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक नगर पलिका, नगर पंचायत, सिंचाई विभाग (समस्त खण्ड), ग्राम्य विकास (जिला विकास अधिकारी, परियोजना स्वतः/श्रम निदेशक, उपायुक्त रोजगार/ समस्त खण्ड विकास अधिकारी), आयुष विभाग (प्रभारी चिकित्साधिकारी सहित), स्वास्थ्य विभाग (प्रभारी चिकित्साधिकारी सहित), जल निगम, नलकूप विभाग (समस्त खण्ड), लोक निर्माण विभाग (समस्त खण्ड), सूक्ष्म एवं लघु उद्योग, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय व निर्वाचन विभाग को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।इसी प्रकार 26 अगस्त 2025 को प्रथम पाली प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, चकबन्दी, उद्यान, बेसिक शिक्षा विभाग (समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी), गन्ना विभाग, जिला सैनिक कल्याण विभाग, पंचायतीराज विभाग (समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं.), डूडा, समाज कल्याण, विकलांग कल्याण व अल्पसंख्यक कल्याण तथा द्वितीय पाली में अपरान्ह 02:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक महिला कल्याण विभाग (समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी के साथ), एलडीएम, मत्स्य, श्रम, बाट माप, जीएसटी, विद्युत, वन, नियोजन, रेशम, खादी ग्रामोउद्योग, सेवायोजन, सहकारिता, जिला पंचायत, प्राचार्य पालीटेक्निक व अन्य विभागों का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किशोरी की दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या की पुष्टि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले की देहात कोतवाली क्षेत्र के पूरे ललक गांव में हुए 18 वर्षीय युवती ज्योति हत्याकांड को लेकर के पोस्टमार्टम रिपोर्ट से बड़ा खुलासा हुआ है।पोस्टमार्टम में गला दबा करके हत्या किए जानेअपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के अनुसार दुष्कर्म नहीं किया गया और न ही उसके शरीर पर कि सी अन्य प्रकार की चोट के निशान मिले हैं।घट ना से पहले मृतका और आरोपियों के बीच कहा सुनी हुई थी। इसके बाद आरोपियों ने उसकी हत्या कर मौके से फरार हो गए थे।पिता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरो पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मामले की जांच के लिए पांच टीमें गठित की हैं। पुलि स घटनास्थल और मृतका के घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है।साथ ही मृतका के मोबाइल की कॉल डिटेल के आधार पर संदिग्धों की तलाश की जा रही है।पुलिस ने जल्द ही मामले का खुला सा करने का आश्वासन दिया है।

## नानपारा में अन्नपूर्णा भवन निर्माण को लेकर बैठक

**ग्राम पंचायतों को भूमि प्रस्ताव शीघ्र भेजने के निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। थाना समाधान दिवस के उपरांत शनिवार को उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में अन्नपूर्णा भवन निर्माण हेतु भूमि चयन व प्रस्ताव पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम ने विकास खंड बलहा, शिवपुर एवं नवाबगंज क्षेत्र में छः छः उचित दर दुकानें मनरेगा से एवं एक-एक दुकान विभागीय बजट से बनाने के लिए ग्राम पंचायतों का चयन किया। उन्होंने निर्देश दिया कि चयनित ग्राम पंचायतों में भूमि प्रबंधक समिति का प्रस्ताव तत्काल तैयार कर प्रस्तुत किया जाए ताकि बजट की मांग कर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा सके। बैठक में तहसीलदार नानपारा, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक नानपारा, बलहा, रिसिया, नवाबगंज, बीडीओ, पीडब्ल्यूडी के एई एवं जेई, एडीओ सहित संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे।

# हिन्दू महासभा ने स्कूल खुलने के एक घंटा पहले और बंद होन तक भारी वाहनों के परिचालन पर रोक की मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूरनपुर । अखिल भारत हिन्दू महासभा ने जिलाधिकारी संबोधित पत्र उपजिलाधिकारी को सौंप कर मांग की स्कूली समय में सड़क सरकरी होने की वजह से पकड़िया चौराहा से एलआईसी ऑफिस मण्डी से एल आई सी ऑफिस के बीच लगने वाले जाम से बच्चों व अभिभावकों को निजात दिलाने की दिशा में प्रशासन को बड़ा कदम उठाना पड़ेगा स्कूल शुरू होने के एक घंटा पहले यानी, सुबह 6.30 बजे से 8 बजे और छुट्टी होने के समय दिन के 1.30 बजे से 2 बजे के बीच भारी व बड़े वाहनों का परिचालन इस रूट पर पूरी तरह बंद करना पड़ेगा, ताकि बच्चों को समय पर स्कूल आना-जाना सुरक्षित और सुगम बन सके शहर मे आने वाले बड़े वाहनों को स्कूल से लगभग एक किमी पूर्व ही रोक कर रखा जाये नगर के भीतर व आसपास एक दर्जन से भी अधिक शासकीय व निजी स्कूल संचालित है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में छोटे से लेकर 12वीं तक के बच्चे स्कूल समय पर सभी अपने स्कूल और छुट्टी के बाद घर पहुंचते है। नगर में एक ही मुख्य मार्ग है इसी रास्ते से बच्चे आना जाना करते हैं। वहीं भारी वाहनों का भी आना जाना इसी रास्ते के जरिए होता है इससे सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है भविष्य में नगर के भीतर कोई घटना घटित न हो इसके लिए नो एंट्री शुरू कराने की कवायद शुरू की जाए जिसका उद्देश्य सड़कों पर यातायात की भीड़ और दुर्घटनाओं को कम करना है। कुछ शहरों में, यह प्रतिबंध भारी वाहनों के लिए लागू होता है कुछ प्रकार के वाहनों पर लागू हो सकता है, जो सीधे स्कूल के समय के दौरान पीक आवर्स से मेल खा सकते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि यातायात सुचारू रूप से चलता रहे और जो बच्चों व अन्य राहगीरों के लिए सुरक्षित रहे, वह उपाय लागू किया जाए सड़क जाम की समस्या किसी खास वर्ग की समस्या नहीं है बल्की पूरे शहर के लोगों की है लोग चुपचाप जाम की समस्या से जूझ रहे हैं। जाम की समस्या से ऊच्च रक्तचाप, मानसिक तनाव, चिड़चिड़ा और मूड स्विंग जैसी बीमारी से ग्रसित होने की संभावना बढ़ जाती है। शहर की सड़कों और फुटपाथों पर फुटकर दुकानदारों का अतिक्रमण है। लोगों को आने-आने में परेशानी होती है। जहां-तहां ऑटो टुक टुक खड़े करने से भी जाम की समस्या बनी रहती है जो शहर की सबसे बड़ी समस्या है जाम से निपटने के लिए लगातार असफल प्रयास किया जाता है और असफल परिणाम देखने को मिलता है। शहरवासी जब एक जगह से दूसरी जगह या फिर रोजमर्रा की चीजें लेने के लिए निकलते है तो अक्सर जाम की समस्या से जूझते हैं। कई घंटे के बाद अपने गणतव्य पर पहुंचते हैं। जाम से सिर्फ समय की ही चोरी नहीं होती बल्कि सेहत पर भी हमला किया जाता है। शहरवासी जब निकलते हैं तो यह मानकर निकलते हैं कि जाम के कारण कई घंटे का समय लग सकता है शहर में स्कूल की बड़ी बस प्रवेश करती है जिसके कारण जाम की समस्या हो जाती है। शहर की सड़को की चौड़ाई पर्याप्त नहीं है शहर में ऑटो, ई रिक्शा, बाइक को खड़े करने के लिए पार्किंग की व्यवस्था नहीं है जिसके कारण लोग कहीं भी वाहन को खड़े कर देते हैं फुटरपाथ पर अतिक्रमण है जिसके कारण सड़क की वास्तविक चौड़ाई नहीं पता चल पाता है। साथ ही अतिक्रमणकारियों का दुकान के सामने बोलवाला रहता है काफी देर तक जाम में रहने के कारण बीमारी से ग्रसित होना पड़ता है। यात्रा कर रहे लोग चिड़चिड़ा मिजाज के हो जाते शहर में टुक टुक चालक सवारी बैठाने के लिए कहीं भी बीच सड़क पर वाहन को रोक देते है जिसके कारण भी जाम की समस्या होती है महासभा ने कहा पुलिस प्रशासन को स्कूली समय पर पहुंचकर अपनी गश्त बढ़ानी चाहिए जिससे बच्चे सुरक्षित रह सके ज्ञापन देने वालो मे जिलामंत्री शेखर पाण्डेय,युवा नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता, युवा महामंत्री सर्वेश जायसवाल, मीडिया प्रभारी संजय कुमार, सुधांशु मिश्रा, सनी पासवान, दीपक शर्मा, करन गुप्ता, अनिल भारती, अचिन बाजपेई, प्रमोद यादव, अनुज वर्मा, सावन कुशवाहा, अनुपम भारती, सतीश सिंह, कमल कश्यप, ममतेश, पवन, नीलेश, मानव, आकाश, छोटू, विक्की लक्की, पवन आदि लोग मौजूद रहे हैं।

## कई साल से टूटी सड़क ग्रामीण परेशान बड़े-बड़े गड्ढे स्कूली बच्चों को आवाजाही में दिक्कत

पूरनपुर। विकासखंड ग्राम पंचायत बंदरबोझ जो कि पड़ोसी देश नेपाल और पड़ोसी राज्य उत्तराखंड की सीमा से सटा हुआ है।लोक निर्माण विभाग द्वारा कई साल पहले बनाई गई सड़क टूट कर बिखर गई है।सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिससे ग्रामीणों को उत्तराखंड और नेपाल आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना परिषदीय विद्यालय में जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को होता है। सड़क पर गड्ढे होने से बरसात के मौसम में पानी भर जाता है और बच्चों को निकलने में उनकी स्कूल की ड्रेस गंदी हो जाती है।कई बार सड़क पर पानी अधिक हो जाने से लोगों गिर कर दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं। लेकिन लोक निर्माण विभाग में बैठे अधिकारी और कर्मचारी इस सड़क को बनाने में रुचि नहीं ले रहे हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई सड़क कई सालों से टूटी हुई है और इसकी मरम्मत नहीं की गई है। ग्राम प्रधान सहित अन्य ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से सड़क मरम्मत करने की मांग की थी। लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कोई भी मरम्मत अथवा निर्माण नहीं हुआ है।

# मां बेटे को मौत के घाट उतारने वाले पति पत्नी गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने मां बेटे की हत्या के अभियोग में वांछित पति पत्नी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त सरिया मोड़ने वाला लोहे का एक कुन्द हथियार,एक खुर्पी व एक बांस का डंडा बरामद किया है एवं दो नाबालिग बेटियों को नियमानुसार निगरानी में लिया गया। थाना क्षेत्र के गांव रुदौली के गांव पूरे भवन में बीती इक्कीस अगस्त को खेत में निराई का काम कर रही रामा देवी और उसके बेटे आकाश सरोज की खेत में दवा डालने से फसल खराब होने की बात को लेकर रामराज अपनी पत्नी रामलली व दो पुत्रियों के साथ मिलकर लाठी, डण्डा, कुल्हाड़ी से मारकर घायल कर दिया गया जिन्हें सीएचसी मुसाफिरखाना ले जाते समय मृत्यु हो गयी थी।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर रामराज उर्फ राजू सरोज पुत्र स्वामीनाथ सरोज व उनकी पत्नी रामलली पत्नी रामराज सरोज उर्फ राजू निवासीगण ग्राम पूरे भवन मजरे रुदौली थाना मुसाफिरखाना को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार पति पत्नी के साथ उक्त अभियोग से संबंधित दो नफर बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस निगरानी में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में रामराज उर्फ राजू सरोज के कब्जे से एक झोले से सरिया मोड़ने वाला लोहे का एक कुन्द हथियार,एक खुर्पी व हाथ से एक बांस का डण्डा बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में दोनों ने बताया कि खेत में काम कर रही रामा देवी व आकाश सरोज की इन्हीं लोहे के हथियार, खुर्पी व बांस के डण्डे से मार मार कर हत्या कर दी थी। इस सम्बंध में अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार पति पत्नी को जेल भेज दिया गया है।

## पुलिस ने गुमशुदा दो बालकों को परिजनों के सुपुर्द कर लौटाई मुस्कान

तिलोई अमेठी । थाना शिवरतनगंज पुलिस ने बारह घण्टे के अंदर दो गुमशुदा बालकों को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है लथाना क्षेत्र के गांव पूरे सुबेदार मजरे खरांवा निवासी बुधराम पासी द्वारा थाना शिवरतनगंज पर तहरीर दी गयी कि उनका पुत्र अमित कुमार उम्र करीब दस वर्ष व उनके चचेरे भाई का पुत्र रोहित कुमार उर्फ रिंकू उम्र करीब बीस वर्ष घर से बिना बताये कहीं चले गये हैं जो वापस नहीं आये।काफी खोजबीन करने पर कुछ पता नहीं चला उक्त सूचना पर थाना शिवतनगंज पुलिस ने गुमशुदगी का अभियोग दर्ज कर लिया था। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश तथा क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज, गांवों के लोगों व अन्य माध्यमों से उक्त गुमशुदा बालकों की तलाश की जा रही थी। तलाश के क्रम में दोनो गुमशुदा बालकों को चिलौली गांव मोड़ के पास से सकुशल बरामद किया गया तथा नियमानुसार कार्यवाही करते हुये उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया।परिजनों एवं ग्राम वासियों द्वारा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया गया।

# हरा नीम का पेड़ कटवाने के लिए ठेकेदार को लेकर पहुंचा सिपाही

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। बल्दीराय थाना क्षेत्र में इन दिनो वन विभाग व स्थानीय पुलिस के संरक्षण में हरे वृक्ष की कटान चरम पर हैं पुलिस की रवैया तो इतनी खतरनाक हो गई है कि हल्का सिपाही स्वंय ही ठेकेदार को हरा वृक्ष कटवाने के लिए कटान स्थल तक पहुंचा रहा है इसका एक वीडियो शोसल मीडिया पर वायरल हुआ तो जिले के पुलिस अधीक्षक अनुपम सिंह निश्पक्षता पर सवाल खड़े हुए है।

मामला बल्दीराय थाना क्षेत्र के ग्राम कुमासी मजरे रसहरा का है गांव की निवासिनी कुलसुम पत्नी कलीम ने उप जिलाधिकारी बल्दी राय को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके सहन दरवाजे पर एक बहुत पुराना नीम का पेड़ है जिसे कटवाने के लिए थाना बल्दीराय का सिपाही विशाल वन माफिया को लेकर गांव पहुंचा तो ग्रामीणो ने उसकी एक वीडियो बना कर शोसल मीडिया पर वायरल कर दी देखते देखते नीम के पेड़ की दो डाल भी काट डाला जब पेड़ मालिक को पता चला तो विरोध करने लगा जब सिपाही की करतूत की वीडियो लोग बनाने लगे वीडियो बनता देख सिपाही विशाल ने मोबाइल छीन लिया तब तक आस पड़ोस के लोग भी जमा हो गए। भीड़ बढ़ती देख तुरंत सिपाही सहित ठेकेदार एक ही बाइक पर बैठ कर धमकी देते हुए भाग गए।

इस घटना के संबंध में कुलसुम निशा पत्नी कलीम ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव के ही अरबाज कुरैसी व प्रधान प्रतिनिधि जुनेद ने जबरन पुलिस की मदद से नीम का हरा पेड़ कटवा रहे थे।मना करने पर भद्दी भद्दी गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। प्रार्थिनी ने बताया कि ये लोग दबंग सरहंग किस्म के लोग हैं पुलिस से मिलकर कभी भी मेरे खिलाफ साजिस रच सकते है। फिलहाल पुलिस की इस कार्य शैली को लेकर साफ छवि के लिए चर्चित कोतवाल नारद मुनि सिंह की छवि को यह हल्का सिपाही धूमिल कर रहा है।

## पुलिस ने डीपी एक्ट में वांछित युवक को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस ने डीपी एक्ट में वांछित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक के थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर डीपी एक्ट में वांछित राज कुमार उर्फ दरोगा पुत्र स्वर्गीय जियालाल निवासी ग्राम आजादनगर मजरे थौरी थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया गया है।

## लकड़ी कारोबारी ने चोरी से काट डाले एक दर्जन सागौन के पेड़

शुकुल बाजार अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना बाजार शुकुल क्षेत्र के ग्राम मंगरौली में माइनर के किनारे स्थित सागौन के बेशकीमती एक दर्जन पेड़ों को बेखौफ लकड़ी कारोबारी द्वारा चोरी से काट डाला गया है लेकिन स्थानीय पुलिस को इसकी भनक तक नही लगी। वन विभाग के बीट प्रभारी ने लकड़ी कारोबारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस की खाऊ कमाऊ नीति के चलते क्षेत्र में लकड़ी कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। वन रेंज मुसाफिरखाना क्षेत्र के रानीगंज बीट प्रभारी बृजेंद्र कुमार ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि ग्राम मंगरौली में माइनर के किनारे स्थित सागौन के पेड़ों के कटान की शिकायत प्राप्त हुई प्राप्त सूचना के आधार पर उक्त ग्राम में माइनर के पास पहुंचा तो देखा कि माइनर के किनारे बारह सागौन के पेड़ कटे पाये गये। सागौन की लकड़ी ट्रैक्टर ट्राली पर लोड थी। जिसका गाड़ी नम्बर यूपी 36 ए 6289 है। उक्त ट्राली को रोकने का प्रयास किया गया किन्तु जबरदस्ती ट्राली मौके से लेकर फरार हो गये।मौके पर उपस्थित उक्त सागौन के कटे बूट का माप लिया गया। वन विभाग के बीट प्रभारी ने लिखा है कि आसपास के लोगों से पूंछतांछ करने पर पता चला कि उक्त पेड़ों को चोरी से लकड़ी कारोबारी अनीस पुत्र अली रजा निवासी ग्राम देवकली पश्चिम थाना जगदीशपुर के द्वारा काटा गया है।उक्त लकड़ी कारोबारी से वन कर्मी द्वारा सम्पर्क करने का प्रयास किया लेकिन वह फरार बताया जा रहा है। सबसे ताज्जुब की बात तो यह है कि लकड़ी कारोबारी द्वारा एक दर्जन सागौन के पेड़ों को काट कर लकड़ी भी उठा ली गई लेकिन स्थानीय पुलिस को भनक तक नही लगी।वन विभाग के बीट प्रभारी ने थाना शुकुल बाजार पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंपी तो पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद लकड़ी कारोबारी के खिलाफ मुकदमा तो दर्जकर लिया है लेकिन गिरफ्तार करने में नाकामयाब साबित हो रही है। इस सम्बंध में क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि लकड़ी कारोबारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने का निर्देश स्थानीय पुलिस को दिया गया है।

## नासरा बानो ने साबिरा बानो के आरोपों का किया खंडन

सुल्तानपुर-शिक्षा क्षेत्र बल्दीराय के गांव कस्बा माफियात की संस्था मदरसा टी. निशा. पर अवैध जमीन पर संचालन और बिना मान्यता के चलने के आरोपों को संस्था की प्रधानाचार्य नासरा बानो ने खारिज कर दिया है। नासरा बानो का कहना है कि विपक्षी साबिरा बानो द्वारा लगाए गए आरोप बेबुनियाद और निराधार हैं। *आरोपों का खंडन* नासरा बानो ने बताया कि मदरसा संचालन के लिए स्वर्गीय सफदर हुसैन ने अपना मकान 3 दिसंबर 1997 को तहसील मुसाफिरखाना में हिबानामा कर दिया था, जिसके दस्तावेज मौजूद हैं। संस्था को कक्षा 1 से 10 तक की मान्यता प्राप्त है और आलिम यानी कक्षा 12 की मान्यता के लिए प्रयास जारी हैं। मान्यता प्राप्त होने पर ही कक्षा 12 तक की कक्षाओं का संचालन किया जायेगा ▪ कब्रिस्तान की जमीन से संस्था का कोई लेना देना नहीं है मौके पर कब्रिस्तान की जमीन सुरक्षित है । नासरा बानो ने आरोप लगाया कि साबिरा बानो खुद अवैध जमीन पर मकान बनाकर रह रही हैं वह और उनके भाई ने अवैध जमीन पर जबरन कब्जा कर रखा है। इस संबंध में उन्होंने 2 अगस्त 2025 को संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद हल्का लेखपाल ने दोनों पक्षों को जमीन खाली करने के निर्देश दिए थे। परंतु उक्त दोनों विपक्षी द्वारा जमीन खाली नहीं करने पर पुनः 12 अगस्त 2025 को एसडीएम बल्दीराय से शिकायत की. शिकायत उपरांत स्थानीय पुलिस प्रशासन ने जमीन खाली रखने की सहमति पर सुलह समझौता कराया था.बावजूद इसके अभी तक विपक्षी गणों ने जमीन खाली नहीं किया है । मांग नासरा बानो ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि समझौते के अनुसार जमीन खाली करवाई जाए और अगर ऐसा नहीं होता है तो वैधानिक कार्रवाई की जाए।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एंटी भू-माफिया टास्कफोर्स समिति की बैठक हुई सम्पन्न

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में एंटी भू-माफिया टास्कफोर्स समिति की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा भू-माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही से सम्बन्धित शासनादेश के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। उन्होंने जनपद तहसील स्तर पर टास्कफोर्स समिति की कार्यकारिणी के सम्बन्ध में जानकारी दी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करने के निर्देश दिए जो संगठित रूप से अवैध तरीके से जमीन की खरीद व बिक्री कर रहे हैं तथा सरकारी एवं निजी सम्पत्तियों पर कब्जा कर अवैध रूप से धन अर्जित कर रहे है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लिप्त व्यक्तियों को भूमाफियों के रूप में चिन्हित कर उनके विरूद्ध कठोरतम कानूनी कार्यवाही की जाए। उन्होंने समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देशित करते हुये कहा कि विभाग का सम्पत्ति रजिस्टर बनाते हुए विभाग की सम्पत्ति पर कब्जा होने या न होने की सूचना उपलब्ध कराई जाए।बैठक में अपर जिलाधिकारी ऋतु पूनिया, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार सदर, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पीलीभीत।प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने बच्चों को अंतरिक्ष की सामान्य अवधारणा से अवगत कराते हुए अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्रदान की। साथ ही बच्चों को इससे संबंधित वीडियो एवं लघु फिल्म भी दिखाई गई। आज बच्चों के लिए अंतरिक्ष दिवस पर आधारित कला तथा निबंध प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिसमें विजयी रहने पर ऋषभ, झलक वर्मा, कृष्णा, कौशल राज, सोनी, हेमलता, साधना, आस्था शर्मा, गुंजन, दीक्षा, सुहानी, मानव, आदित्य, आर्यन कुमार मौर्य, प्रांशी, चंदा, पल्लवी, हेमलता और सुरभि आदि छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ममता देवी, अंजना शुक्ला, प्रगति धामी और प्राज्ञी अग्रवाल उपस्थित रहीं है।

# राज्यमंत्री ने सिंह कालेज आफ प्रोफ़ेशनल स्टडीज का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शुभारम्भ




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । आद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर के कस्बा जाफरगंज में सिंह कालेज आफ प्रोफ़ेशनल स्टडीज का प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने फीता काटकर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शुभारम्भ किया। प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि सिंह कालेज ऑफ प्रोफ़ेशनल स्टडीज इस क्षेत्र के लिये वरदान साबित होगा ऐसे कालेज खुलने से युवाओं के भविष्य में काफी बदलाव होता है क्योंकि अभी हाल में ही हमारे क्षेत्र में जर्मन की कम्पनी आई थी जिसको स्वास्थ्य विभाग के लिये युवाओं की आवश्यकता थी।राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि इस कालेज के निदेशक डॉ अम्बरेश प्रताप सिंह ने जर्मनी में पढ़ाई की है उनसे आग्रह है कि यहां के बच्चों को भी जर्मनी की शिक्षा दें।सिंह कालेज आफ प्रोफ़ेशनल स्टडीज के प्रबंध निदेशक डॉ अम्बरेश प्रताप सिंह ने राज्यमंत्री के साथ ही अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया।इस मौके पर परमहंस आश्रम कल्याणपुर के महंत स्वामी राघवेंद्र दास जी महाराज,विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह, गौरीगंज के पूर्व विधायक तेजभान सिंह,ब्लाक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, लाल शीतला शरण सिंह, हरि बख्श सिंह, शीतला बख्श सिंह, राज बख्श सिंह,मान बहादुर सिंह,चंद्रमौलि सिंह,रघुराज प्रताप सिंह, सजन बहादुर सिंह, रवींद्र प्रताप सिंह, रामेंद्र प्रताप सिंह, अन्नू सिंह, करन सिंह, अरुण सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## मझोला पहुंचे निर्विरोध जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

पीलीभीत।पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के जनपद ऊधम सिंह नगर के निर्विरोध जिला पंचायत अध्यक्ष दर्ज़ा राज्यमंत्री अजय मौर्य ने इस सीमांत क्षेत्र में जनसंघ की स्थापना काल से लेकर भारतीय जनता पार्टी की अनवरत चल रही यात्रा में आधारशिला की भूमिका का निर्वहन करने वाले पूर्व चेयरमैन मझोला रामऔतार अग्रवाल के कैंप कार्यालय में उनसे भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और उनको शाल ओढाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस सुअवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या को पुष्प भेंट कर उनका स्वागत और सम्मान किया तथा क्षेत्रीय समस्याओं,पार्टी संगठन की मजबूती और आगामी 2027 चुनावों की रणनीति पर उपस्थित कार्यकताओं के साथ विचार विमर्श किया। अत्यंत विनम्र और धरातल से जुड़े हुए। जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य के नेतृत्व में पूरे जनपद ऊधम सिंह नगर और सीमांत क्षेत्र में भाजपा संगठन को अभूतपूर्व मजबूती मिलेगी, कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलेगा और आशातीत विकास होगा ।

# प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना किसानों के लिए आर्थिक सुरक्षा कवच

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते है। उनके उत्थान, सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई योजनायें संचालित की है। जिनमें प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना है, जिसके अंतर्गत किसानों को वार्षिक रु0 6000/- देते हुए किसानों को आर्थिक सम्बल प्रदान किया है। उसी तरह केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना आरम्भ किया है। जिसके अंतर्गत किसानों को 60 वर्ष के बाद रु0 3000/- मासिक, 36 हजार रूपये सालाना पेंशन दी जाती है। केन्द्र सरकार की इस योजना को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश में लागू कर किसानों को लाभान्वित कर रहे हैं। किसानों को वृद्धावस्था में किसी के सामने रूपयों के लिए हाथ न फैलाना पड़े, वे आत्मनिर्भर रहे, उनका मान-सम्मान बना रहे, सरकार ने इस पर विशेष ध्यान दिया है।प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना के तहत प्रदेश के सभी किसान लाभ ले सकते हैं। जिन किसानों की आयु 18 से 40 वर्ष तक है। वे किसान इस योजना के अंतर्गत पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के बाद किसान को प्रत्येक माह प्रीमियम जमा करना होगा। 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले किसान को प्रतिमाह 55 रूपये एवं 40 वर्ष की आयु के किसान को 200/- महीना प्रीमियम जमा करना होता है। इस योजना के तहत 50 प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान किसान द्वारा एवं 50 प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान सरकार द्वारा किया जाता है। यदि प्रदेश का कोई किसान स्वैच्छिक रूप से प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना का लाभ लेना चाहता है और वह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभार्थी है तो उसके रजिस्ट्रेशन के लिए किसी तरह के कागजी कार्यवाही की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि उसके सभी कागजाद प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में संलग्न है। प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए किसान अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र पर जाकर पंजीकरण करवा सकते हैं।प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना प्रदेश के लघु एवं सीमान्त कृषकों सहित सभी किसानों को सामाजिक सुरक्षा कवच उपलब्ध कराने एवं वृद्धावस्था में उनकी आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वैच्छिक रूप से पुरुष व महिला दोनों के लिए 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर रू0 3000 प्रति माह दिये जाने की एक सुनिश्चित मासिक पेंशन योजना है। यह एक स्वैच्छिक एवं अंशदायी पेंशन योजना है। प्रदेश में इस योजनान्तर्गत जून 2025 तक 2.52 लाख से अधिक किसान लाभार्थियों को कार्ड उपलब्ध कराया जा चुका है। प्रदेश सरकार अधिक से अधिक कृषकों को इस योजना से लाभान्वित कराने के लिए तत्पर है।

# दुर्घटना में पांच लोगों की हुई मृत्यु जिला अस्पताल पहुंचे डीएम



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।जहानाबाद क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बिसेन के पास पीलीभीत अमरिया हाईवे पर फॉर्च्यूनर एवं टैम्पो से दुर्घटना हुई। उक्त दुर्घटना में 05 लोगों की मृत्यु होने की पुष्टि हुई। दुर्घटना के दृष्टिगत जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने तत्काल जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों को देखा व परिजनों से बातचीत कर घायलों का हाल जाना। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि घायलों के इलाज में किसी भी प्रकार की कमी न रहे। इस दौरान नगर मजिस्टेझट, उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मनी गेमिंग पर रोक

यह एक हकीकत है कि ऑन लाइन मनी गेमिंग यदि लत बन जाए तो यह संपन्न व्यक्ति को भी बदहाल कर सकती है। एक आंकड़े के अनुसार देश में हर साल 45 करोड़ लोग बीस हजार करोड़ गवां देते हैं। सब कुछ गंवा कर आत्महत्या करने के मामले भी प्रकाश में आते हैं। सवाल इन लालच जगाने वाली मनी गेमिंग की पारदर्शिता को लेकर भी उठते रहे हैं। इन्हीं चिंताओं के बाद सरकार ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025 लेकर आई है। जिसे अब गंभीर चर्चा के बिना संसद ने पारित भी कर दिया है। यह विधेयक पैसे से खेले जाने वाले किसी भी ऑनलाइन गेम को गैरकानूनी घोषित करता है। दरअसल, सरकार का मानना है कि ऑनलाइन मनी गेमिंग एक सामाजिक और जन स्वास्थ्य के लिये घातक समस्या है। सरकार के मुताबिक, वह ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेमिंग को बढ़ावा देने के लिये उत्सुक है, जिसमें कोई वित्तीय जोखिम न हो। निर्विवाद रूप से हाल के वर्षों में ऑनलाइन स्किल गेमिंग उद्योग ने तेजी से विस्तार किया है। जिसमें पूर्व और वर्तमान क्रिकेटरों और फिल्मी सितारों के प्रचार की भी भूमिका रही है। यहां उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन गेमिंग का वार्षिक राजस्व 31,000 करोड़ रुपये से अधिक है। इसके साथ ही यह हर साल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के रूप में बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक का योगदान देता है। लेकिन इसके साथ चिंता का विषय यह भी है कि सुनहरे सब्जबाग दिखाने वाले कई ऑनलाइन गेमिंग एप लत, खेलने वाले आम लोगों के आर्थिक नुकसान और मनी लॉन्ड्रिंग को भी बढ़ावा देते हैं। यही वजह है कि ऑनलाइन गेमिंग में अपनी जमा पूंजी लुटाने वाले बदकिस्मत उपयोगकर्ता नाकामी के बाद आत्महत्या तक करने को मजबूर हो जाते हैं। निस्संदेह सरकार ने ऑनलाइन मनी गेमिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाकर एक बड़ा जोखिम भी उठाया है। इसमें सरकार को राजस्व की भारी हानि भी हो सकती है। वहीं तसवीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि कई उद्यमी तेजी से उभरते इस गेमिंग व्यवसाय के पराभव की चिंता जता रहे हैं। बताया जाता है कि देश में जो ग्यारह सौ से अधिक गेमिंग कंपनियां तथा करीब चार सौ स्टार्टअप ऑनलाइन गेमिंग उद्योग से जुड़े हैं, जिनके नियमन के बारे में सोचा जा सकता था। उनकी चिंता है कि इससे बड़ी संख्या में नौकरियां जा सकती हैं। लेकिन सरकार का कहना है कि उसने जनकल्याण को ध्यान में रखकर यह फैसला लिया है। लेकिन दूसरी ओर चिंता जतायी जा रही है कि ऑनलाइन मनी गेमिंग के वैध प्लेटफॉर्म बंद होने से खेलने वाले लोग अनियमित विदेशी ऑपरेटरों के शिकार बन सकते हैं। इंटरनेट का विस्तृत दायरा और विदेशी ऑनलाइन ऑपरेटर विधेयक के प्रमुख उद्देश्यों को विफल करने की कोशिश कर सकते हैं। निस्संदेह, वित्तीय प्रणालियों की अखंडता के साथ-साथ राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा होनी चाहिए। माना जा रहा है कि इस नये कानून को बनाने की जरूरत संभवतरू छह हजार करोड़ रुपये वाले महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले के बाद महसूस की गई। जिसकी जांच सीबीआई और ईडी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के कुछ शीर्ष राजनेताओं और नौकरशाहों पर सट्टेबाजी एप के यूएई स्थित प्रमोटरों के साथ संबंध होने के आरोप लगे हैं। जो कथित तौर पर हवाला कारोबार और विदेशों में धन-शोधन के कार्यों में लिप्त बताये जाते हैं। निस्संदेह, यह मामला सभी हितधारकों के लिये एक चेतावनी है, लेकिन इस बाबत कोई भी जल्दबाजी वाली प्रतिक्रिया नहीं दी जानी चाहिए। इसके बजाय, ऑनलाइन मनी गेमिंग के सख्त नियमन और इसे भारी कराधान के अधीन लाना एक व्यावहारिक समाधान हो सकता था। साथ ही पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर देकर उपभोक्ताओं के लिये सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाने की जरूरत थी। इस अभियान में गैर-कानूनी गतिविधियों में लिप्त प्लेटफॉर्मों पर जुर्माना भी लगाया जा सकता था। वहीं दूसरी ओर बड़े-बड़े दावे करने वाली मशहूर हस्तियों पर कार्रवाई भी की जा सकती थी। ऐसे में तेजी से उभरते इस आर्थिक क्षेत्र को डूबने से भी बचाया जा सकता था। कभी-कभी कड़े प्रतिबंध जैसे कठोर कदम उल्टा असर भी डाल सकते हैं।

# संसद संवाद और बहस का मंच है, हंगामे का नहीं

**लोकसभा के मानसून सत्र के लिए कुल 120 घंटे चर्चा के लिये निर्धारित थे, लेकिन कार्यवाही मात्र 37 घंटे ही चल पाई। यानी 70 प्रतिशत से अधिक समय लोकसभा में और 61 प्रतिशत से ज्यादा समय राज्यसभा में हंगामे और शोर-शराबे की भेंट चढ़ गया। संसद में बिताया गया प्रत्येक घंटा जनता के करोड़ों रुपये की कमाई से संचालित होता है। जब वही समय व्यर्थ हो जाए तो यह सीधे-सीधे जनता के साथ अन्याय है। गुजरात के एक निर्दलीय सांसद ने यह प्रश्न उठाया भी कि जो सांसद हंगामा कर सदन को ठप कर देते हैं, क्या वे जनता के धन की बरबादी की भरपाई करेंगे? यह प्रश्न केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति हमारी गंभीरता की कसौटी भी है। काम कम, हंगामा अधिक-आखिर हमारे राजनीतिक दल एवं जनप्रतिनिधि लोकतंत्र की मर्यादा एवं आदर्श को तार-तार करने पर क्यों तुले हैं? कैसी विडम्बना है कि लोकसभा की कार्यवाही के लिए 419 तारांकित प्रश्न शामिल किए गए थे और इनमें से महज 55 का मौखिक उत्तर मिल सका। लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक है और आवश्यक भी। विपक्ष का काम ही है सवाल उठाना, सत्ता को जवाबदेह बनाना। लेकिन यह काम हंगामे, नारेबाजी और सदन की कार्यवाही बाधित करने से नहीं हो सकता। संसद संवाद का मंच है, न कि संघर्ष का अखाड़ा। दुर्भाग्य यह है कि आज बहस और तर्क की जगह हंगामे और टकराव ने ले ली है। इससे न तो जनता की समस्याओं पर गंभीर विमर्श हो पाता है और न ही संसद की गरिमा सुरक्षित रह पाती है। सत्र शुरू होने के पहले कार्य मंत्रणा समिति में सरकार और विपक्ष के बीच कुछ मुद्दों पर चर्चा की सहमति बनी थी। लेकिन, सत्र शुरू होने के साथ ही उसे भुला दिया गया। संसदीय परंपरा में विरोध भी अधिकार है, लेकिन इसकी वजह से सदन की गरिमा और उसके कामकाज पर असर पड़ना दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिन्ताजनक है।**

लोकतंत्र की सबसे बड़ी पहचान उसकी संसद होती है। संसद वह संस्था है जहां जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि राष्ट्र की नीतियों, योजनाओं और कानूनों पर विचार-विमर्श करते हैं। यह वह सर्वोच्च मंच है जहाँ विभिन्न विचारधाराएं और दृष्टिकोण टकराते हैं और देशहित में समाधान निकलता है। लेकिन दुर्भाग्यवश आज भारतीय संसद की छवि हंगामे, तोड़फोड़, शोर-शराबे और गतिरोध का पर्याय बनती जा रही है। हाल ही में संपन्न मानसून सत्र इसकी बानगी था, जो आरंभ से अंत तक त्रासद हंगामे की भेंट चढ़ गया। यह सत्र बेहद निराशा एवं अफसोसजनक रहा, क्योंकि सरकार और विपक्ष में टकराव उग्र से उग्रत्तर हुआ। राज्यसभा में केवल 41.15 घंटे और लोकसभा में 37 घंटे काम हुआ। संवाद एवं सौहाई की कमी दिखी, कई सवाल अधूरे रहे, जिनका जवाब देश जानना चाहता था। यहां दोनों पक्षों से ज्यादा समझदारी, सौहार्द और संतुलित नजरिये की अपेक्षा थी, लेकिन देशहित को दोनों पक्षों ने नेस्तनाबूद किया। यह स्थिति केवल दुखद ही नहीं बल्कि लोकतंत्र के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय भी है। लोकसभा के मानसून सत्र के लिए कुल 120 घंटे चर्चा के लिये निर्धारित थे, लेकिन कार्यवाही मात्र 37 घंटे ही चल पाई। यानी 70 प्रतिशत से अधिक समय लोकसभा में और 61 प्रतिशत से ज्यादा समय राज्यसभा में हंगामे और शोर-शराबे की भेंट चढ़ गया। संसद में बिताया गया प्रत्येक घंटा जनता के करोड़ों रुपये की कमाई से संचालित होता है। जब वही समय व्यर्थ हो जाए तो यह सीधे-सीधे जनता के साथ अन्याय है। गुजरात के एक निर्दलीय सांसद ने यह प्रश्न उठाया भी कि जो सांसद हंगामा कर सदन को ठप कर देते हैं, क्या वे जनता के धन की बरबादी की भरपाई करेंगे? यह प्रश्न केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति हमारी गंभीरता की कसौटी भी है। काम कम, हंगामा अधिक-आखिर हमारे राजनीतिक दल एवं जनप्रतिनिधि लोकतंत्र की मर्यादा एवं आदर्श को तार-तार करने पर क्यों तुले हैं? कैसी विडम्बना है कि लोकसभा की कार्यवाही के लिए 419 तारांकित प्रश्न शामिल किए गए थे और इनमें से महज 55 का मौखिक उत्तर मिल सका। लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक है और आवश्यक भी। विपक्ष का काम ही है सवाल उठाना, सत्ता को जवाबदेह बनाना। लेकिन यह काम हंगामे, नारेबाजी और सदन की कार्यवाही बाधित करने से नहीं हो सकता। संसद संवाद का मंच है, न कि संघर्ष का अखाड़ा। दुर्भाग्य यह है कि आज बहस और तर्क की जगह हंगामे और टकराव ने ले ली है। इससे न तो जनता की समस्याओं पर गंभीर विमर्श हो पाता है और न ही संसद की गरिमा सुरक्षित रह पाती है। सत्र शुरू होने के पहले कार्य मंत्रणा समिति में सरकार और विपक्ष के बीच कुछ मुद्दों पर चर्चा की सहमति बनी थी। लेकिन, सत्र शुरू होने के साथ ही उसे भुला दिया गया। संसदीय परंपरा में विरोध भी अधिकार है, लेकिन इसकी वजह से सदन की गरिमा और उसके कामकाज पर असर पड़ना दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिन्ताजनक है। भारत का हर नागरिक संसद से अपेक्षा करता है कि वहां उसकी समस्याओं पर चर्चा होगी-बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा जैसे मुद्दे प्राथमिकता पाएंगे। लेकिन जब टीवी स्क्रीन पर वह अपने प्रतिनिधियों को मेज थपथपाते, नारे लगाते और वेल में जाकर हंगामा करते देखता है तो उसका विश्वास टूटता है और मन आहत होता है। उसे लगता है कि जिन नेताओं को उसने वोट देकर भेजा था, वे उसके हितों की बजाय केवल राजनीति का खेल खेल रहे हैं। यही कारण है कि आज लोकतंत्र के प्रति आम नागरिक का मोहभंग बढ़ रहा है। वैसे भी यह मानसून सत्र ऐसे वक्त हो रहा था, जब भारत नई चुनौतियों से गुजर रहा है। विदेश और आर्थिक, दोनों मोर्चों पर हालात तेजी से करवट ले रहे हैं। ऐसे में और भी अहम हो जाता है कि संसद में इस पर सार्थक चर्चा होती और वाद-विवाद से रास्ता निकाला जाता। बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन-एसआईआर और ऑपरेशन सिंदूर पर कई सवाल बचे रह गए। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों के सजा की स्थिति-यानी जेल में होने पर पद से हटाने वाले संविधान संशोधन विधेयक जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर जिस गंभीरता की जरूरत थी, वह नहीं दिखी। संसद में हंगामे की प्रवृत्ति में केवल विपक्ष ही नहीं बल्कि सत्ता पक्ष भी अक्सर इसमें बराबर का भागीदार होता है। जब कोई दल विपक्ष में होता है तो वह विरोध के लिए हरसंभव कदम उठाता है, और जब वही दल सत्ता में आता है तो संसद की गरिमा की दुहाई देने लगता है। यह दोहरा रवैया लोकतंत्र को कमजोर करता है। संसद को सुचारुरूप से चलाना केवल सरकार की ही नहीं, बल्कि विपक्ष की भी जिम्मेदारी है। दोनों पक्षों को यह समझना होगा कि वे जनता के सेवक हैं, और जनता उनके कामकाज पर पैनी नजर रखती है। संसद में अनुशासन और मर्यादा बनाए रखने के लिए कठोर नियमों की आवश्यकता है। यदि कोई सांसद बार-बार हंगामा करता है, सदन की कार्यवाही बाधित करता है, तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। आर्थिक दंड एक प्रभावी उपाय हो सकता है। जिस प्रकार एक कर्मचारी को कार्यालय में अनुशासन भंग करने पर वेतन काटा जाता है, उसी प्रकार सांसद का भत्ता और सुविधाएं भी रोकी जानी चाहिए। तभी उन्हें यह समझ आएगा कि संसद खेल का मैदान नहीं बल्कि देशहित का पवित्र मंच है। कई बार सांसद यह तर्क देते हैं कि यदि उनकी आवाज संसद में नहीं सुनी जाती तो वे मजबूर होकर हंगामा करते हैं। लेकिन यह तर्क स्वीकार्य नहीं है। संसद में बोलने के लिए पर्याप्त अवसर मिलते हैं, शून्यकाल, प्रश्नकाल, विशेष उल्लेख, स्थायी समितियाँ-ये सभी मंच सांसदों को मुद्दे उठाने का अवसर देते हैं। यदि इन मंचों का सही उपयोग हो तो हंगामे की कोई आवश्यकता नहीं रहती। सड़क की राजनीति और संसद की राजनीति में अंतर होना चाहिए। यदि संसद भी सड़क जैसी दिखने लगे तो लोकतंत्र की पवित्रता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। अब समय आ गया है कि जनता अपने सांसदों से सवाल पूछे। मतदाता केवल जाति, धर्म या दल देखकर वोट न दें, बल्कि यह भी देखें कि उनका प्रतिनिधि संसद में कितना समय उपस्थित रहता है, कितनी बार बोलता है, कितने प्रश्न पूछता है और कितनी गंभीरता से बहस में भाग लेता है। चुनाव आयोग और मीडिया को भी यह आँकड़े मतदाताओं तक पहुँचाने चाहिए। जब मतदाता यह तय करने लगेंगे कि उनका वोट केवल उन नेताओं को जाएगा जो संसद में गंभीरता से काम करते हैं, तभी यह प्रवृत्ति बदलेगी। लोकतंत्र की सफलता केवल संविधान या संस्थाओं से नहीं, बल्कि उन लोगों से होती है जो उन्हें संचालित करते हैं। यदि सांसद ही अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाएँगे तो लोकतंत्र खोखला हो जाएगा। आज आवश्यकता है कि सभी राजनीतिक दल एक साथ बैठकर यह संकल्प लें कि चाहे सत्ता में हों या विपक्ष में, वे संसद की गरिमा को आंच नहीं आने देंगे। असहमति और संघर्ष लोकतंत्र का हिस्सा हैं, परंतु वह असहमति तर्क और संवाद से होनी चाहिए, हंगामे और अव्यवस्था से नहीं। संसद में हंगामे की प्रवृत्ति लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार है। यह जनता की गाढ़ी कमाई की बरबादी है और उनकी उम्मीदों का अपमान भी। यह संसाधनों की बर्बादी एवं जनविश्वास का हनन है। चिंताजनक बात यह है कि संसदीय कार्यवाही का ऐसा अंजाम अब आम हो चुका है। पिछले शीत सत्र में ही लोकसभा के 65 से ज्यादा घंटे बर्बाद हुए थे। संसद सत्र को चलाने में हर मिनट ढाई लाख रुपये से ज्यादा खर्च होते हैं। ऐसे में सदन जब काम नहीं करता, तो जनता की गाढ़ी कमाई के इन रुपयों के साथ देश का बेहद कीमती समय भी जाया हो जाता है। संसद में केवल वही बहसें होनी चाहिए जो देश के भविष्य को दिशा दें, समस्याओं का समाधान निकालें और नीतियों को प्रभावी बनाएँ। यदि संसद ही शोरगुल और हंगामे का अखाड़ा बन जाए तो लोकतंत्र का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। विरोध भी जरूरी है, पर मुद्दों पर और सकारात्मक उद्देश्य के साथ। **-ललित गर्ग**

# विकास व पर्यावरण संरक्षण में हो संतुलन

**विजय गर्ग**

इसमें दो राय नहीं कि मानव जीवन की सुविधा के लिये बना प्लास्टिक आज हमारी धरती के लिये ही घातक साबित हो रहा है। दूसरे शब्दों में कहें तो प्लास्टिक हमारे ग्रह का दम घोंट रहा है। निस्संदेह, इसको नष्ट करना बेहद कठिन है क्योंकि धरती में दबाएं तो भूमि की उर्वरता पर संकट आता है। इसको जलाएं तो विषैली गैसों से वातावरण प्रदूषित होता है। ये जल्दी से गलता भी नहीं है। अब तो महानगरों व शहरों की जल निकासी को प्लास्टिक गहरे तक बाधित कर रहा है। यहां तक कि प्लास्टिक के बारीक कण मनुष्य के शरीर में प्रवेश कर रहे हैं। प्लास्टिक समुद्र में जा रहा है तो मछलियों को जहरीला बना रहा है। नदी, पहाड़ और मैदान सब प्लास्टिक कचरे के आगोश में हैं। लेकिन सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि भयावह संकट के बावजूद इससे निबटने के उपायों को लेकर वैश्विक सहमति नहीं बन पा रही है। वैश्विक प्लास्टिक संधि पर जिनेवा वार्ता विफल होने से इस बाबत वैश्विक विभाजन पूरी तरह उजागर हो गया है। दरअसल, लगभग सत्तर देशों का एक उच्च महत्वाकांक्षी समूह, जो प्लास्टिक पर वैश्विक सीमा और खतरनाक रसायनों पर नियंत्रण की मांग कर रहा है, अब तेल व पेट्रोकेमिकल उत्पादक एक समूह के खिलाफ खड़ा है, जो रीसाइक्लिंग, अपशिष्ट प्रबंधन और स्वैच्छिक प्रतिबद्धताओं को दर्शा रहे हैं। इस समूह में भारत भी शामिल है, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा प्लास्टिक प्रदूषक होने का द़र्जा दिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि वैश्विक प्लास्टिक उत्सर्जन में लगभग बीस फीसदी हिस्सा भारत का है। भारत इस बात पर जोर देता रहा है कि इस दौरान चरणबद्ध समाप्ति की समय सीमा वाले उत्पादों या रसायनों की कोई वैश्विक सूची नहीं होनी चाहिए। भारत की दलील तार्किक है कि विभिन्न देशों की राष्ट्रीय परिस्थितियों और क्षमताओं पर उचित विचार किया जाना चाहिए। विडंबना यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पेट्रोकेमिकल क्षेत्र, माइक्रो प्लास्टिक प्रदूषण का भी एक प्रमुख स्रोत है। लेकिन इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि इस तरह के प्रदूषण का पारिस्थितिकीय तंत्र, जैव विविधता और मानव स्वास्थ्य पर गहरा असर होता है। खासकर हमारे शरीर पर पड़ने वाले घातक प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। निश्चित रूप से यह एक हकीकत है कि औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन साधना एक टेढ़ी खीर है। लेकिन इसके बावजूद इस दिशा में सार्थक प्रयास करने जरूरी हैं। इस संकट से मुकाबला करने के लिये भारत को समान विचारधारा व परिस्थितियों वाले चीन, रूस और सऊदी अरब जैसे देशों के साथ मिलकर काम करना होगा। बहुत संभव है कि प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय कानून बाध्यकारी साधन के रूप में कारगर सिद्ध हो सके, लेकिन इससे लोगों और पर्यावरण के प्रति सरकारों की जिम्मेदारी कम नहीं हो सकती। बहुत संभव है कि प्रदूषणकारी उद्योगों पर कार्रवाई कड़ा संदेश दे सकती है। वहीं दूसरी ओर भारत सरकार को पहचाने गए एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध की प्रभावशीलता और उसके प्रवर्तन में कमियों का भी गंभीरता से आकलन करना चाहिए। इसके लिये जनजागरण अभियान चलाने की भी जरूरत है ताकि लोग प्लास्टिक के विकल्प अपनाने के प्रति उत्साह दिखाएं। अंततः सभी प्रमुख हितधारकों ऽ केंद्र सरकार व राज्यों की सरकारें, जनता, उद्योग जगत को देश में प्लास्टिक के खतरनाक स्तर को कम करने में मदद करने के लिये आगे आना होगा। हमें ध्यान रखना होगा कि भारत को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने का सपना पर्यावरण अनुकूल दृष्टिकोण को अपनाए बिना पूरा नहीं हो सकता। यह हमारे पर्यावरण संरक्षण के अलावा नागरिकों के स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा भी है। लोगों को समझना होगा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प अपनाने में उनका ही लाभ है। हम बाजार से सामान लाने में प्लास्टिक के थैलियों के इस्तेमाल के बजाय कपड़े या अन्य वैकल्पिक साधनों को अपनाएं। हमें स्कूली पाठ्यक्रमों में भी प्लास्टिक संकट को एक विषय के रूप में अपनाना होगा। ताकि देश की भावी पीढ़ी प्लास्टिक के खतरों से अवगत हो। हमारी साझी पहल ही रंग ला सकती है।

## सेहत मंत्र

# संगीत सुनना सेहत के लिए भी होता है लाभदायक

आमतौर पर, जब भी व्यक्ति बोर होता है तो मन बहलाने के लिए म्यूजिक सुनना काफी पसंद करता है। गाने सुनने से न सिर्फ मन शांत होता है, बल्कि इसके कारण काफी रिलैक्स भी महसूस होता है। लेकिन अगर आप सोचते हैं कि संगीत सुनने से सिर्फ आपका चित्त शांत होता है, तो आप गलत हैं। आपको शायद मालूम न हो लेकिन संगीत सुनने से आपका स्वास्थ्य भी काफी अच्छा होता है। जी हां, म्यूजिक सुनने से आप खुद को तंदरूस्त बनाए रख सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको म्यूजिक सुनने के कुछ बेहतरीन स्वास्थ्य लाभों के बारे में बता रहे हैं? रहते हैं खुशः म्यूजिक सुनने के जरिए आपका तनाव कम तो होता है ही, साथ ही आप पहले से ज्यादा खुश रहते हैं। बहुत से शोध इस बात को साबित करते हैं कि जब आप संगीत सुनते हैं तो इससे आपके दिमाग में डोपामाइन नाम का न्यूरोट्रांसमीटर रिलीज होता है, जिसके कारण आप काफी अच्छा महसूस करते हैं। इस प्रकार खुश रहने के लिए आप हर दिन कुछ देर संगीत सुनने की आदत अवश्य डालिए। अमेरिकन फिलॉसॉफर और साइकोलॉजिस्ट विलियम जेम्स ने भी कहा था कि मैं इसलिए नहीं गाता, क्योंकि मैं खुश हूं। मैं खुश हूं क्योंकि मैं गाता हूं। अर्थात म्यूजिक सुनना आपको भीतर से खुशी प्रदान करता है। सकारात्मक होती है नींद की क्षमताः एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि अगर आप रात को सोने से पहले अगर कुछ देर के लिए रिलैक्सिंग म्यूजिक सुनते हैं तो इससे आपके भीतर का स्ट्रैस कम होता है और आप रात को एक अच्छी व प्यारी नींद ले पाते हैं। इसलिए अगर आपको इनसोमनिया की समस्या है तो आप रात को सोने से पहले संगीत सुनने की आदत डालिए। आपको कुछ ही दिनों में सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। तेज होती मानसिक क्षमताः म्यूजिक आपके दिमाग के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इसके जरिए न सिर्फ आपकी लर्निंग पावर बढ़ती है, बल्कि जो लोग लगातार म्यूजिक सुनते हैं, वह चीजों को लम्बे समय तक याद रख पाते हैं। इस प्रकार छात्रों के लिए तो म्यूजिक सुनना काफी लाभदायक सिद्ध होता है। आपने शायद कभी गौर किया हो लेकिन जो छात्र एग्जाम टाइम में म्यूजिक सुनते हैं, उनकी परफार्मेंस अपेक्षाकृत अच्छी होती है। अमेरिकन राइटर जौकी पिकोल्ट ने भी कहा था कि म्यूजिक मैमोरी की लैंग्वेज है। इस प्रकार अगर आप अपने मस्तिष्क की कार्यक्षमता को बेहतर बनाना चाहते हैं तो म्यूजिक सुनना आपके लिए काफी फायदेमंद रहेगा।

## धर्म मंत्र

# शनिवार को नियमानुसार पूजा करके शनिदेव को रखें शांत

शास्त्रों के मुताबिक शनिदेव सूर्य देव और देवी छाया के पुत्र हैं। इनका जन्म ज्येष्ठ मास की अमावस्या को हुआ था इसी दिन शनि जयंती मनाई जाती है। शनिवार को शनि देव की पूजा का विधान है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन विशेष पूजा-अर्चना, हवन, उपवास से शनिदेव जल्दी प्रसन्न होते हैं। हांलाकि शनिदेव को सहज कुपित होने वाला देव माना जाता है और इनकी अनिष्टकारी दृष्टि से मनुष्य ही नहीं देव भी भयभीत रहते हैं। नव ग्रहों में सातवें ग्रह माने जाने वाले शनिदेव से लोग सबसे ज्यादा डरते जरूर हैं लेकिन वह किसी का बुरा नहीं करते हैं। वह लोगों के कर्मों के हिसाब से उनके साथ न्याय करते हैं। शायद इसलिए उन्हें न्यायाधीश के रूप में भी पहचाना जाता है। शनिवार को शनिदेव की पूजा करने से व्यक्ति पर से साढ़ेसाती और ढैया समाप्त हो जाती है। इसके अलावा कुंडली में मौजूद कमजोर शनि का प्रभाव भी खत्म हो जाता है। इस दिन शनिदेव की पूजा विधिविधान से पूजा करने से विशेष लाभ मिलेगा। शनिवार को प्रातःकाल उठकर स्नानादि कर शुद्ध हों। इसके बाद लकड़ी के पाटे पर एक काला कपड़ा बिछाकर उस पर शनिदेव की प्रतिमा रखें। इसके बाद उनके पाटे के सामने के दोनों कोनों में घी का दीपक जलाएं व सुपारी चढ़ाएं। फिर शनिदेव को पंचगव्य, पंचामृत, इत्र से स्नान कराएं। उन पर काले या फिर नीले रंग के फूल चढाएं। इसके बाद उनके गुलाल, सिंदूर, कुमकुम व काजल लगाए। पूजा में तेल में तली वस्तुओं का नैवेद्य समर्पित करें। इस दौरान शनि मंत्र का कम से कम एक माला जप करें।

## पर्यटन



# मानसून में और भी खूबसूरत हो जाता है मुन्नार

घूमने-फिरने की कुछ जगह ऐसी हैं, जो किसी खास मौसम में और भी ज्यादा खूबसूरत लगती हैं। जैसे हिल स्टेशन्स पर ज्यादातर लोग गर्मियों और सर्दियों में जाना पसंद करते हैं। गर्मी से राहत और सर्दियों में स्नोफॉल देखने के लिए बहुत से पर्यटक यहां खींचे चले आते हैं। आज हम आप बात करेंगे मानसून डेस्टिनेशन मुन्नार की, जो खूबसूरत हिल स्टेशन है, लेकिन मानसून में इस जगह की खूबसूरती और भी बढ़ जाती है। बोटिंग का मजा लेना है तो घूमें कुंडला लेक : मुन्नार अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए तो मशहूर है ही लेकिन अगर नेचर ब्यूटी का मजा लेना चाहते हैं, तो इस जगह जरूर जाएं. कुछ अलग करना चाहते हैं तो आपको बारिश के मौसम में बोटिंग का मजा जरूर लेना चाहिए। मुख्य शहर से 20 किलोमीटर दूर है कुंडला लेक जहां तक पहुंचने में 1 से 2 घंटे का वक्त लगता है। मुन्नार वैली की हरियाली के बीच इस झील में बोट राइड करने का मजा ही कुछ और है। वाटरफॉल के पास करा सकते हैं फोटोग्राफी : मुन्नार से 30 किलोमीटर दूर है लक्कोम वॉटरफॉल्स जो एराविकुलुम नेशनल पार्क से बिलकुल सटा हुआ है। एराविकुलुम नदी की धारा से बनता है ये वाटरफॉल और यहां तक पहुंचने के लिए आपको घने जंगलों के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। लक्कोम के अलावा अट्टूकल वॉटरफॉल्स भी घने जंगलों के बीच ही है और यह जगह एडवेंचर पसंद करने वाले लोगों के बीच काफी मशहूर है। मॉनसून में अगर आप मुन्नार जाएं तो इन वॉटरफॉल्स को देखने का मौका बिलकुल मिस न करें। मुन्नार के आसपास नेचुरल ब्यूटी का लें आनंद : मानसून में यहां का मौसम रोमांटिक होता है. बारिश कुछ देर के लिए बंद हो और आसमान साफ हो जाए तो सबसे पहले जाएं मुन्नार से 3 किलोमीटर दूर स्थित फोटो पॉइंट जो मट्टूपेट्टी और टॉप स्टेशन जाने के रास्ते में पड़ता है। यहां से दिखने वाली चाय बागानों की हरियाली और प्राकृतिक खूबसूरती किसी को भी अपनी ओर आकर्षित कर सकती है। कैसे पहुंचेः मुन्नार का अपना कोई एयरपोर्ट नहीं है। नजदीकी एयरपोर्ट कोचिन इंटरनैशनल एयरपोर्ट है जो मुन्नार से 110 किलोमीटर दूर है। यहां से आप टैक्सी या कैब के जरिए मुन्नार पहुंच सकते हैं। इसके अलावा मदुरै इंटरनैशनल एयरपोर्ट मुन्नार से 140 किलोमीटर दूर है।

# सिविल कोर्ट कार्मिकों ने किया विपिन का भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी । सिविल सिविल कोर्ट के कर्मचारियों ने सिविल कोर्ट के कर्मचारियों ने अपने प्रदेश अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह को फूल माला पहनकर उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। किशोर पर कर्मचारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा किया। इस अवसर पर जलाल मोहम्मद, रत्नाकर देव, अवधेश मिश्रा, आलोक कुमार, आशीष कुमार, राजेश कुमार यादव, अवधेश कुमार, सौरव शुक्ला, मोहम्मद सलमान गंगाराम वर्मा, लवकुश कनौजिया, विजय रस्तोगी, जितेंद्र कुमार सिंह, शिवराम, अंजली जौहरी, रेशू रावत, रजनी जनार्दन, शालिनी, विजय रस्तोगी, नितिन सिंह, विष्णु कुमार, सुधीन पटेल, सूरज सहित तमाम तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

विपिन कुमार सिंह के द्वारा सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए जल्द ही जिला एवं प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करेंगे।

उनके द्वारा इस अवसर पर कहां गया कि वह बगैर किसी पक्षी के सभी कर्मचारियों के लिए सदेव कार्य करते रहेंगे एवं कर्मचारियों की मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए जल्द ही पत्राचार शुरू करेंगे।

# दिनदहाड़े लूट की वारदात, अपराधियों के हौसले बुलंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी। जिले में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब आमजन दिन में भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं। शनिवार को हैदरगढ़ तहसील क्षेत्र में नहर पटरी पर भाई-बहन को घेरकर बाइक सवार बदमाशों ने असलहा तानकर लूट की वारदात को अंजाम दिया और खुलेआम कानून-व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए फरार हो गए। यह घटना जहां पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठाती है वहीं अपराधियों के हिम्मतवर होते जा रहे मंसूबों को भी उजागर करती है।

नहर पटरी पर बदमाशों का आतंक

लोनीकटरा थाना क्षेत्र के लदईपुरवा गांव की रहने वाली सविता अपने भाई आशीष संग साइकिल से तहसील जा रही थीं। तभी शारदा सहायक खंड-28 हैदरगढ़-जौनपुर नहर की पटरी पर बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। एक ने तमंचा तानकर महिला से मंगलसूत्र व बालियां उतरवा लीं, दोनों के मोबाइल और नकदी भी छीन ली। वारदात के बाद बदमाश तेजी से बाइक दौड़ाते हुए फरार हो गए।

## पुलिस के आला अधिकारी मौके पर जांच जारी

पुलिस जांच में जुटी, मोबाइल बरामद

घटना की सूचना पर पुलिस हरकत में आई। एएसपी दक्षिणी रितेश सिंह व सीओ समीर सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मोबाइल सर्विलांस शुरू किया। जांच के दौरान एक लूटा गया मोबाइल नदी किनारे से बरामद हुआ है, जिससे आरोपियों तक पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षकपुलिसदिनदहाड़े तमंचे के बल पर लूट की यह वारदात स्पष्ट करती है कि अपराधियों के हौसले कितने बढ़े हुए हैं। महिलाओं तक से जेवर उतरवाने में बदमाश अब तनिक भी नहीं हिचकिचा रहे। जनता का कहना है कि अगर पुलिस की गश्त और कार्रवाई मजबूत होती तो अपराधियों के हौसले इतने बुलंद न होते।घटना की गंभीरता को देखते हुए सर्विलांस टीम सक्रिय कर दी गई है। एक मोबाइल बरामद हो चुका है और आरोपियों की पहचान कर शीघ्र ही गिरफ्तारी की जाएगी।यह साफ है कि जब तक अपराधियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक ऐसे दुस्साहसिक अपराध यूं ही आमजन की सुरक्षा को चुनौती देते रहेंगे।

# भोजन में देरी,पत्नी को मार डाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। क्रोध पाप कर मूल,बड्डूपुर कोतवाली के ग्राम मल्हपुर मजरे सलेमपुर में शनिवार को क्रोध का विभत्सव रूप दिखा,जब क्रोधित पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी ! पत्नी का दोष इतना था कि उसने खाना परोसने में देरी कर दी। बताते हैं कि उक्त गांव निवासी अमरीश गौतम ने दोपहर में पत्नी से भोजन मांगा। खाना देने में देरी हुई।बस फिर क्या अमरीश ने पत्नी सुमन देवी 25 वर्ष के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से सुमन की मौके पर ही मौत हुई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

भाई ने लगाया दहेज हत्या का आरोप -

मृतका के भाई संतोष (निवासी महमूदाबाद, जनपद सीतापुर) ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उसकी बहन सुमन की शादी करीब तीन साल पहले हिंदू रीति-रिवाज से अमरीश गौतम के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। शनिवार को इसी प्रताड़ना के चलते बहन की लोहे की रॉड से हत्या कर दी गई।

कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पति-पत्नी के बीच खाना देने को लेकर विवाद हुआ था। इसी दौरान नाराज पति ने पत्नी पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है

## प्रभारी निरीक्षक ने सुना जन शिकायतें

मसौली बाराबंकी। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह की अध्यक्षता मे शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस मे आधा दर्जन शिकायते आयी शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व एव पुलिस टीम का गठन किया गया है।

थाना समाधान दिवस मे कस्बा मलौली निवासी बद्री सिंह पुत्र नक्छेद ने राजकुमार पुत्र चतुरी पर कंटीले तार लगाने की शिकायत की मलौली के ही सुखदेव प्रसाद पुत्र मैकुलाल ने शिवकरण , राम करन पुत्र अवधराम पर नाली व पाइप डालने की शिकायत की। आदमपुर निवासी अरविन्द पुत्र खेमाई ने नौलीलाल द्वारा दीवार पर मसाला लगाने की शिकायत की। मसौली निवासी संतोष कुमार पुत्र पुत्ती लाल ने राहुल वर्मा निवासी भूलीगंज पर पेड़ काटने का आरोप लगाया, पूरे किन्हौली निवासी नरेंद्र पुत्र राम मिलन ने ब्रजेश पुत्र मुकुंद पर रास्ता अवरुद्ध करने का आरोप लगाया, मलौली निवासी रमेश पुत्र मल्हू ने मेडबंदी की शिकायत दर्ज कराई।

इस मौक़े पर अतिरिक्त प्रभारी सनत मिश्रा, राजस्व स्वामीनाथ सोनी, लेखपाल धर्मानंद, अतुल श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# राज योगिनी की पुण्यतिथि, गोप ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।मानव कल्याण के लिए समर्पित ब्रह्मा कुमारीज संस्था जन कल्याण के लिए निरंतर कार्य करती रहती है चाहे वह प्राकृतिक आपदाओं में राहत पहुचाने का कार्य हो या पर्यावरण संरक्षण संबंधित अनेकानेक कार्य करने के साथ आध्यात्मिक शिक्षा के माध्यम से लाखों लोगों को तनाव मुक्त जीवन जीने की दिशा भी दिखाती है आज का रक्तदान शिविर भी उसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

उक्त बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने ब्रह्मा कुमारीज की द्वितीय संस्थापक राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की18वीं पुण्यतिथि पर ब्रह्मा कुमारीज संस्था बाराबंकी द्वारा जिला अस्पताल में विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होकर दादी प्रकाशमणि जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर उनके कार्यों विचारों को स्मरण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित कर नमन कर संस्था द्वारा जनकल्याण के लिए किये जा रहे कार्यों की विस्तार से चर्चा कर संस्था के सभी पदाधिकारियों दीदियों भाइयों की योगदान की सराहना करते हुए रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन करते हुए व्यक्त किये। पूर्व मंत्री ने आगे कहा कि संस्था के सभी दीदियां भाई निरंतर जन सेवा कार्य में लगे रहते हैं दादी जी की पुण्यतिथि पर बाराबंकी ब्रह्मा कुमारीज द्वारा जरूरतमंदों को जरूरत पर रक्त उपलब्ध कराने के लिए लगाए गए इस रक्तदान शिविर की जितनी भी सराहना की जाए वह कम आज इस शिविर में दर्जनों यूनिट दान किया जाने वाला रक्त सैकड़ो जिंदगियां बचाने के काम आएगा। इस प्रकार के आयोजनों से जरूरतमंदों की जरूरत तो पूरी होती ही है साथ ही सामाजिक कार्यों में भाग लेने की रुचि भी लोगों में उत्पन्न होती है जो अत्यंत सराहनीय है।

शिविर में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रामगोपाल रावत जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा बबलू युवा सपा नेता अविरल सिंह डॉ राजेश कुशवाहा डॉक्टर सुधीर वर्मा सुरेश चंद्र गौतम रविन्न खजांची संतोष रावत सपा जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान सहित संस्था के तमाम पदाधिकारी एवं रक्तदाता उपस्थित रहे। संस्था की दीदी ने गोप जी को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।आज सिविल कोर्ट बाराबंकी के कर्मचारियों ने अपने प्रदेश अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह को फूल माला पहनकर उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। किशोर पर कर्मचारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा किया। इस अवसर पर जलाल मोहम्मद, रत्नाकर देव, अवधेश मिश्रा, आलोक कुमार, आशीष कुमार, राजेश कुमार यादव, अवधेश कुमार, सौरव शुक्ला, मोहम्मद सलमान गंगाराम वर्मा, लवकुश कनौजिया, विजय रस्तोगी, जितेंद्र कुमार सिंह, शिवराम, अंजली जौहरी, रेशू रावत, रजनी जनार्दन, शालिनी, विजय रस्तोगी, नितिन सिंह, विष्णु कुमार, सुधीन पटेल, सूरज सहित तमाम तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारीगण उपस्थित थे। विपिन कुमार सिंह के द्वारा सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए जल्द ही जिला एवं प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करेंगे।

उनके द्वारा इस अवसर पर कहां गया कि वह बगैर किसी पक्षी के सभी कर्मचारियों के लिए सदेव कार्य करते रहेंगे एवं कर्मचारियों की मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए जल्द ही पत्राचार शुरू करेंगे।

# मसौली में सम्पन्न हुई जनपद स्तरीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली, बाराबंकी। रफी मेमोरियल इंटर कॉलेज, मसौली के प्रांगण में दो दिवसीय जनपद स्तरीय माध्यमिक विद्यालयों की कबड्डी प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की बालिका वर्ग की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन किया।अंडर-17 वर्ग की प्रतियोगिता में नेशनल इंटर कॉलेज, फतेहपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रफी मेमोरियल इंटर कॉलेज, मसौली द्वितीय स्थान पर रहा।अंडर-19 वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में रफी मेमोरियल इंटर कॉलेज, मसौली ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं, नेशनल इंटर कॉलेज, फतेहपुर उपविजेता रहा।अंडर-14 वर्ग की प्रतियोगिता में यूपीएस जमुना की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि जनता इंटर कॉलेज, बदोसराय की टीम उपविजेता बनी।प्रतियोगिता के सफल आयोजन में निर्णायक कमेटी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। निर्णायक मंडल में तोहिद हसन खान, प्रदीप सिंह, भूपेंद्र सिंह, धर्मेंद्र पांडे, उमेश पंकज, सदानंद, राजकुमार, अतुल कुमार, कामेश्वर मौर्य, सुनील सरोज एवं श्वेता उपाध्याय शामिल रहे।इसके साथ ही प्रतियोगिता को सफल बनाने में निर्णायकों के साथ-साथ आयोजन विद्यालय के शारीरिक शिक्षक सुशील सिंह का विशेष योगदान उल्लेखनीय रहा।

# जब सड़क का निर्माण पूरा नहीं तो गुणवत्ता चेक कैसे होगी :

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**राजनैतिक उथल पुथल का हिस्सा बना विधायक द्वारा रंगदारी मांगने का आरोप, विपक्ष भी साध रहा निशाना**

सुलतानपुर। सदर विधानसभा में बरौसा-पापरघाट मार्ग में क्षेत्रीय विधायक के विरुद्ध हाल ही में गंभीर आरोप लगे थे। इस संदर्भ में शनिवार को ग्राउंड पर जो तथ्य सामने आए वो विधायक व उनके समर्थकों के दावों से भिन्न था। स्थानीय लोगों ने विधायक के समर्थको पर सड़क निर्माण कंपनी के लोगों से अभद्रता का आरोप लगाया है। दरअस्ल यहां बरौसा-पापरघाट सड़क का टेंडर शशि सिंह को मिला था। आठ किमी लंबी सड़क का निर्माण करोड़ो रुपए की लागत से होना था। चौधरी का पुरवा के पास 700 से 800 मीटर बाईं ओर पटरी के पास गड्ढा खोदकर ठेकेदार ने गिट्टी गिरवाया तभी क्षेत्रीय विधायक 16 अगस्त को पहुंचे और कार्य कर रहे लोगों को धमकाया ऐसा आरोप है। कंपनी की डायरेक्टर शशि सिंह ने सीएम से आईजीआरएस पर शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि 17 अगस्त को विधायक के आदमियों ने मैनेजर व अन्य लोगों से मारपीट कर मोबाइल व रुपए छीने। इसके बाद मामला तूल पकड़ गया। सपा से लेकर अखिलेश यादव तक ने इसे मुद्दा बनाया। जिसके बाद विधायक सामने आए, उन्होने मीडिया से बात करते हुए बताया जनता द्वारा जानकारी देने पर मैं गुणवत्ता चेक करने गया था। उन्होंने स्वयं को जनता का चौकीदार बताया। यही नहीं इसके बाद विधायक समर्थकों ने अपने अनुसार समर्थको को जनता का मुखौटा लगाकर बयान दिलवाते हुए विधायक की छवि सुधारने का प्रयास किया। लेकिन हमारी पड़ताल में चौधरी के पुरवा के स्थानीय लोगों ने विधायक समर्थको और उनकी बयान बाजी को सिरे से खारिज कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोप जो लगे हैं वो गलत नहीं है। स्थानीय लोग कहते हैं कि ज़ब सड़क का निर्माण ही पूरा नहीं हुआ तो गुणवत्ता चेक कैसे हो जाएगी। यही नही लोग मामले को हल कर सड़क के जल्द निर्माण कराने की बात कर रहे हैं।

## कार की चपेट में आया बाइक सवार, मौत

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शुक्रवार की देर रात्रि गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित नेवला करसंडा मजार के पास सिफ्ट डिजायर कार की चपेट मे आने से गंभीर रूप से घायल हुए बाइक सवार युवक की जिला अस्पताल मे इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। देहात कोतवाली जनपद गोंडा के ग्राम पूरे तिवारी बालपुर जाट निवासी 40 वर्षीय रज्जन चौबे पुत्र मनोज चौबे शुक्रवार की देर रात्रि लखनऊ से दवा लेकर बाईक नम्बर यूपी 43 बी ए 5342 से घर वापस लौट रहा था बाईक सवार रज्जन मसौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाइवे पर स्थित नेवला मजार के निकट पीछे से तेज रफ्तार मे आ रही सिफ्ट डिजायर कार नम्बर यूपी 32 वी एन 8561ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे एम्बूलैंस से जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के नाना बलीकरन पुत्र रामेश्वर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शनिवार को ग्राम पंचायत बड़ागांव मे कन्हैया डोल का जुलूस परंपरागत एवं उल्लास के साथ निकाला गया जुलूस के दौरान भगवान श्री कृष्ण के भक्त जय-जय कार के नारे लगाते हुए चल रहथे इससे पूरा क्षेत्र भक्त में सरोवर हो गया जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मसौली पुलिस फोर्स मौजूद रही । जन्माष्टमी की अष्टमी के मौक़ेपर शनिवार को ग्राम बड़ागांव के मोहल्ला पूरब टोला स्थित हनुमान मंदिर से कन्हैया डोल, उठाया गया जो बडी चौक, हरिजन बस्ती,मढ़ीटोला,नालीपर, मंझपटिया,बकसोर टोला होते हुए देर शाम पूर्वी मैय्या मन्दिर पर जाकर समाप्त हुआ।तथा कब्बडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जुलूस में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए उपनिरीक्षक विपिन कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। इस मौके पर रामखेलावन यादव ,ननकऊ यादव, पल्लू यादव, प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, रमेश यादव, कल्लूराम यादव, विजय कश्यप ,दिलीप यादव, जगत वर्मा सुरजन मास्टर, राहुल यादव, अंकित यादव, नितिन यादव, , सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

## सिविल कोर्ट कार्मिकों ने की नेता विपिन का स्वागत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिविल कोर्ट बाराबंकी के कर्मचारियों ने आज अपने प्रदेश अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह को फूल माला पहनाकर उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। किशोर पर कर्मचारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा किया। इस अवसर पर जलाल मोहम्मद, रत्नाकर देव, अवधेश मिश्रा, आलोक कुमार, आशीष कुमार, राजेश कुमार यादव, अवधेश कुमार, सौरव शुक्ला, मोहम्मद सलमान गंगाराम वर्मा, लवकुश कनौजिया, विजय रस्तोगी, जितेंद्र कुमार सिंह, शिवराम, अंजली जौहरी, रेशू रावत, रजनी जनार्दन, शालिनी, विजय रस्तोगी, नितिन सिंह, विष्णु कुमार, सुधीन पटेल, सूरज सहित तमाम तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारीगण उपस्थित थे। विपिन कुमार सिंह के द्वारा सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए जल्द ही जिला एवं प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करेंगे। उनके द्वारा इस अवसर पर कहां गया कि वह बगैर किसी पक्षी के सभी कर्मचारियों के लिए सदेव कार्य करते रहेंगे एवं कर्मचारियों की मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए जल्द ही पत्राचार शुरू करेंगे।

## ससुर से की 20 लाख की ठगी, दामाद पर दर्ज हुआ मुकदमा

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुड़वार थाना क्षेत्र के बांसि गांव निवासी बुजुर्ग चंद्रमान सिंह से 20 लाख रुपये की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।पीड़ित चंद्रमान सिंह ने बताया कि उनकी पुत्री प्रियंका सिंह की शादी हलियापुर के जरईकला निवासी दीपक सिंह से हुई है। हलियापुर निवासी आरोपी रामसिंह ने उनके दामाद दीपक सिंह के सहारे उनसे नजदीकियां बढ़ाईं। आरोप है कि वर्ष 2024 में आरोपी ने झांसा देकर पहले दो लाख रुपये अपनी कथित कंपनी के खाते में जमा कराए और ब्याज के नाम पर रकम लौटाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद धीरे-धीरे अलग-अलग किश्तों में करीब 20 लाख रुपये मार्च 2025 तक आरोपी के खाते में ट्रांसफर करवा लिए।चंद्रमान सिंह का कहना है कि जब उन्होंने रकम वापसी का दबाव बनाया तो आरोपी ने मोबाइल बंद कर लिया। हलियापुर थाने में शिकायत करने के बावजूद सुनवाई न होने पर उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार सिंह ने एफआईआर दर्ज कर मामले

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा, श्री कृष्ण लीला का हुआ

कैनविज टाइम्स संवाददाता





जैदपुर बाराबंकी - श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर ग्राम पंचायत मौथरी में हर साल की तरह इस बार भी परंपरागत तरीके से श्री कृष्णा के जन्मोत्सव से लेकर 8 दिनों तक धूमधाम से भजन कीर्तन अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शनिवार को ऊँट, घोड़े, गाजे बाजे सहित सुंदर सुंदर झांकियों के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा यात्रा मौथरी गाँव के विभिन्न स्थानों से होते हुए भगता तालाब पर पहुँचकर श्री कृष्ण की अलौकिक लीलाओं का मंचन पूतना वध, कालीदह में जाकर कालिया नाग नाथना, धोबी संवाद सहित कंस वध का आयोजित किया गया। कंस का वध होते ही पूरा मेला प्रांगण भगवान श्री कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। वही मेला प्रांगण में भारी संख्या में महिलाएं पुरुष और बच्चे शामिल हुए। सुरक्षा में जैदपुर पुलिस बल मौजूद रहा। सीओ सदर के नेतृत्व में जैदपुर थाना प्रभारी संतोष सिंह ने सुरक्षा का जायजा लिया।इस अवसर पर पं. गायत्री प्रसाद तिवारी, हनुमान प्रसाद, संतोष तिवारी, अशोक तिवारी, आशीष तिवारी, अरविंद तिवारी, मनीष तिवारी 'बाल व्यास कथावाचक',राम प्रताप मौर्या, पत्रकार सन्दीप तिवारी, जितेन्द्र जायसवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## डॉ.भीमराव अंबेडकर पार्क और मूर्ति की स्थापना के लिए धनराशि स्वीकृत

पूरनपुर।डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर इन दिनों विपक्ष भारतीय जनता पार्टी को घेरने का प्रयास कर रहा है इसको लेकर सरकार और भारतीय जनता पार्टी बचाव में जुटे हुए हैं. दूसरी ओर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बहुजन समाज पार्टी के कार्यकाल में बनाए गए स्मारकों और पार्कों और मूर्ति के लिए अपना खजाना खोल दिया है वही पूर्व मे अखिल भारतीय जाटव महासभा ने पूरनपुर नगर पालिका चेयरमैन को पार्क और मूर्ति की मांग कर रहे थे वही मांग को लेकर मुख्यमंत्री दरबार पहुंचे और स्वीकृति मिल गई चेयरमैन द्वारा किये गए प्रयास के फलस्वरूप पूरनपुर नगर पालिका के लिए अम्बेडकर पार्क एवं मूर्ति आदि लगवाने हेतु स्वीकृत हुई धनराशि के अवसर पर अखिल भारतीय जाटव महासभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा राम होटल पूरनपुर में चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता के इस प्रयास के लिए आभार स्वरुप पंचशील का पटका पहनाकर एवं बाबा साहब का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# विश्व कप में भारत की अब तक की सर्वश्रेष्ठ महिला टीम: रीमा मल्होत्रा

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व हरफनमौला रीमा मल्होत्रा ने भारतीय महिला टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों के मिश्रण को शानदार करार देते हुए कहा कि यह विश्व कप में अब तक की सबसे मजबूत और घरेलू परिस्थितियों में चैंपियन बनने की दावेदार टीम है। भारत और श्रीलंका की मेजबानी में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप का आयोजन 30 सितंबर से दो नवंबर तक होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज शुरुआती दिन गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ करेगी। भारत की 15 सदस्यीय टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के शानदार मिश्रण का जिक्र करते हुए रीमा ने 'भाषा' को दिये साक्षात्कार में कहा, '' यह किसी भी महिला विश्व कप को देखे तो भारत की सबसे मजबूत टीम है। इसमें हरमनप्रीत (कौर), स्मृति मंधाना, जैमी (जेमिमा रोड्रिग्स), दीप्ति (शर्मा) जैसी अनुभवी खिलाड़ी है तो वहीं अमनजोत कौर, क्रांति गौड़, श्री चरणी और ऋचा घोष जैसे दमखम वाले युवा भी है।'' उन्होंने कहा, '' टीम में जोश और होश का अच्छा मिश्रण है। मुझे नहीं लगता कि आपको विश्व कप के लिए इससे अच्छी टीम



मिलेगी।'' आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा टीम में जगह बनाने में नाकाम रही लेकिन रीमा ने उनकी जगह प्रतिका रावल के चयन को सही करार देते हुए कहा कि दिल्ली की इस बल्लेबाज के प्रदर्शन में निरंतरता रही है। प्रतिका ने भारत के लिए 14 एकदिवसीय में 54.07 के औसत से 754 रन (एक शतक और पांच अर्धशतक) रन बनाये हैं। शेफाली के नाम 29 एकदिवसीय में लगभग 23 के औसत से 644 रन ( चार अर्धशतक) है। इस दौरान शेफाली का स्ट्राइक रेट 83.20 का रहा है तो वहीं प्रतिका ने इस मामले में भी बेहतर करते हुए 87.43 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं। भारत के लिए 41 एकदिवसीय और 22 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाली रीमा ने कहा, '' शेफाली बड़ा नाम है। वह ऐसा एक्स फैक्टर ( अपने दम पर मैच पासा पलटने वाला खिलाड़ी) है जिसे आप अपनी टीम में चाहते हैं। जब एक्स फैक्टर का सामना प्रदर्शन में निरंतरता से होता है तो मुझे लगता है कि कप्तान और चयनकर्ताओं ने नियमित अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को तरजीह दी है और यह सही भी है।'' उन्होंने कहा, ''प्रतिका ने मौकों को भुनाकर टीम में अपनी जगह बनाई है। उन्होंने पिछली कुछ श्रृंखलाओं में खुद को साबित किया है। उन्होंने दिखाया है कि उनके पास एकदिवसीय में भारत के प्रतिनिधित्व के लिए जरूरी तकनीक और मानसिकता है।'' रीमा ने कहा कि भारत की बल्लेबाजी हमेशा मजबूत रही है लेकिन मौजूदा टीम में अब तेजी से रन बनाने वाले बल्लेबाज के साथ गेंदबाजी भी में काफी विविधता है। उन्होंने कहा , '' इस टीम में तेज गेंदबाजी में रेणुका सिंह ठाकुर, अमनजोत और अरुंधति रेड्डी का विकल्प है तो वहीं स्पिन में दीप्ति और राधा यादव के साथ स्नेह राणा भी है। स्नेह राणा सफ़ेद गेंद के मैचों के लिए काफी परिपक्व हो चुकी है और उन्हें पता है कि वनडे में कैसी गेंदबाजी करनी है। भारतीय परिस्थितियों में यह तिकड़ी काफी कारगर साबित होगी। '' भारत दो बार फाइनल में पहुंचने के बावजूद महिला क्रिकेट विश्व कप अभी तक नहीं जीत पाया है। 2017 के फाइनल में भारत को इंग्लैंड के खिलाफ नौ रनों से हार का सामना करना पड़ा था, जबकि 2005 के फाइनल में उसे ऑस्ट्रेलिया ने 98 रनों से हराया था। आईसीसी टूर्नामेंटों में भारत के निराशाजनक प्रदर्शन के बारे में पूछे जाने पर रीमा ने कहा, '' हम कुछ मौकों पर खिताब के करीब पहुंचे लेकिन चैंपियन बनने से दूर रह गये। लेकिन यह अलग टीम है। जब आप अच्छा करके बड़े टूर्नामेंट में जाते है तो आपका आत्मविश्वास काफी बढ़ा होता है।

# दलीप ट्रॉफी से बाहर हो सकते हैं गिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। शुभमन गिल कुछ दिनों में बेंगलुरु में शुरू होने वाली आगामी दलीप ट्रॉफी से बाहर हो सकते हैं, क्योंकि भारतीय टेस्ट कप्तान कथित तौर पर अस्वस्थ हैं। उन्हें उत्तर क्षेत्र टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था। उत्तर क्षेत्र की चयन समिति पिछले कुछ दिनों से बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में 28 अगस्त से शुरू होने वाली अंतर-क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए गिल की अनुपलब्धता की संभावना पर विचार कर रही है। हालांकि, शुक्रवार (22 अगस्त) तक उन्हें उत्तर क्षेत्र संघों से कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली थी। हालांकि, क्रिकबज को पता चला है कि फिजियो ने हाल ही में उनकी जांच की और लगभग 24 घंटे पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को स्वास्थ्य स्थिति रिपोर्ट सौंपी। फिलहाल, गिल (25) चंडीगढ़ में हैं और घर पर आराम कर रहे हैं। बीसीसीआई और चयन समिति (राष्ट्रीय और क्षेत्रीय) के अधिकारियों ने गिल की उपलब्धता के बारे में पूछे गए विशिष्ट सवालों का तुरंत



जवाब नहीं दिया, लेकिन भारतीय टेस्ट कप्तान के करीबी सूत्रों ने इसकी पुष्टि की। गिल किसी भी हालत में पूरे दलीप ट्रॉफी में नहीं खेल पाते, क्योंकि उन्हें 9 सितंबर से यूएई में शुरू होने वाले एशिया कप में राष्ट्रीय टीम के लिए खेलना था। दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से 15 सितंबर तक चलेगी, और ज्यादा से ज्यादा वह केवल शुरुआती मैच के लिए ही उपलब्ध हो सकते थे। उत्तर क्षेत्र को बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर अपने क्वार्टर फाइनल में पूर्व क्षेत्र का सामना करना है। इस महीने की शुरुआत में, गिल इंग्लैंड के बेहद सफल दौरे से लौटे थे, जहां उन्होंने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पांच टेस्ट मैचों में 754 रन बनाए थे, जिसके बाद राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने उन्हें एशिया कप के लिए भारत की ट्वेंटी-20 टीम में चुना। दरअसल, उन्हें एशिया कप के लिए उप-कप्तान भी नियुक्त किया गया था। उत्तर क्षेत्र के चयनकर्ताओं ने गिल के प्रतियोगिता से बाहर रहने की स्थिति में उनके प्रतिस्थापन की व्यवस्था पहले ही कर ली थी। टीम की घोषणा के समय शुभम रोहिल्ला को गिल की जगह चुना गया था। अंकित कुमार को उत्तर क्षेत्र की टीम का उप-कप्तान बनाया गया है, जिसका अर्थ है कि अब वह दलीप ट्रॉफी में क्षेत्र की कप्तानी करेंगे। एशिया कप टीम में शामिल अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा, दोनों ही पहले मैच के बाद राष्ट्रीय टीम के लिए क्षेत्रीय टीम छोड़ देंगे। अगर उत्तर क्षेत्र पहले मैच, जो एक नॉकआउट मैच है, के बाद आगे बढ़ता है, तो दोनों तेज गेंदबाजों के प्रतिस्थापन के रूप में गुरनूर बरार और अनुज ठकराल को चुना गया है। उत्तर क्षेत्र की चयन समिति में चेतन शर्मा (हरियाणा), निखिल चोपड़ा (दिल्ली), अमित उनियाल (चंडीगढ़), मिथुन मिन्हास (जम्मू-कश्मीर और संयोजक), राज कुमार (सेवा) और मुकेश कुमार (हिमाचल प्रदेश) शामिल हैं।

# दक्षिण क्षेत्र ने बीसीसीआई के निर्देशों की अवहेलना की, दलीप ट्रॉफी टीम से अनुबंधित सितारों को बाहर रखा

एजेंसी

बेंगलुरु। दक्षिण क्षेत्र के चयनकर्ताओं ने बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों को दलीप ट्रॉफी टीम में शामिल करने के निर्देश का पालन नहीं करने का फैसला किया है। केएल राहुल, वाशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज, साई सुदर्शन और प्रसिद्ध कृष्णा, जो पहले से ही टीम से बाहर हैं, को अंतर-क्षेत्रीय रेड-बॉल चैंपियनशिप के लिए टीम में शामिल किए जाने की संभावना नहीं है। बीसीसीआई ने एक महीने पहले राज्य संघों को ईमेल के जरिए अपनी सलाह जारी की थी, लेकिन दक्षिण क्षेत्र के अधिकारियों ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं करने का फैसला किया है। क्षेत्र के सूत्रों ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल वे 26 जुलाई को घोषित टीम के साथ ही रहेंगे। कप्तान तिलक वर्मा टीम में एकमात्र अनुबंधित खिलाड़ी हैं। दक्षिण क्षेत्र के अधिकारियों का तर्क है कि राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की क्षेत्रीय टीमों के चयन में कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए और बीसीसीआई को, यदि हो भी, तो अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए रणजी ट्रॉफी में भागीदारी अनिवार्य कर देनी चाहिए। उनका यह भी तर्क है कि भारत ए टीम के मैचों के लिए स्टार भारतीय खिलाड़ियों को हमेशा शामिल किया जा सकता है। उनका कहना है कि दलीप ट्रॉफी रणजी ट्रॉफी के अच्छे प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए एक मंच बनी रहनी चाहिए। दक्षिण क्षेत्र के एक अधिकारी ने कहा, ''केरल ने रणजी ट्रॉफी के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया (प्रतियोगिता के 90 संस्करणों के इतिहास में पहली बार) और उसे मामूली अंतर से हार गया। उनका सीजन शानदार रहा और उनके खिलाड़ी दलीप ट्रॉफी के लिए चुने जाने के हक़दार थे। अगर भारतीय खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया जाता है, तो केरल के ज्यादातर खिलाड़ियों को क्षेत्रीय टीम में जगह नहीं मिलेगी। 15 सदस्यीय टीम में केरल के चार, हैदराबाद के तीन, आंध्र, तमिलनाडु और कर्नाटक के दो-दो, और पांडिचेरी और गोवा के एक-एक खिलाड़ी शामिल हैं। चयन बैठक में, बहु-दिवसीय प्रतियोगिता के लिए केवल घरेलू खिलाड़ियों को ही मैदान में उतारने का प्रस्ताव पारित किया गया था, और इस निर्णय को समिति के कार्यवृत्त में दर्ज किया गया था। पिछले संस्करण के उपविजेता होने के नाते, दक्षिण क्षेत्र ने 4 सितंबर से शुरू होने वाले सेमीफाइनल में सीधे प्रवेश सुनिश्चित कर लिया है। उनके पहले मैच से पहले अभी कुछ समय बाकी है, यह देखना बाकी है कि क्षेत्रीय अधिकारी नरम पड़ते हैं या नहीं। हालाँकि, उनका कहना है कि यात्रा और आवास व्यवस्था पहले ही तय हो चुकी है, इसलिए बदलाव की संभावना कम है।

# हीरो एशिया कप 2025 के लिए भारत पहुंची मलेशिया की टीम

**कप्तान मरहान जलील ने राजगीर पहुंचने पर जताई खुशी, कहाऽ भारत को हराना आसान नहीं होगा**

एजेंसी

राजगीर। बिहार में होने जा रहे प्रतिष्ठित हीरो एशिया कप 2025 के लिए शनिवार सुबह मलेशिया की टीम राजगीर पहुंच गई है। यह टूर्नामेंट 29 अगस्त को शुरु होगा और 7 सितंबर तक चलेगा। मलेशिया की टीम के यहां पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। पिछली बार जकार्ता में हुए फाइनल में मलेशिया को कोरिया के हाथों 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इस बार मलेशिया के कप्तान मरहान जलील ने साफ कहा कि टीम जीतने के इरादे से आई है। उन्होंने कहा, ह्लराजगीर आकर बेहद उत्साहित हूं। हमारी तैयारियां अच्छी रही हैं और हम



एक शानदार टूर्नामेंट की उम्मीद कर रहे हैं। मेजबान भारत को हराना आसान नहीं होगा क्योंकि उन्होंने प्रो लीग में कई शीर्ष टीमों के साथ खेला है और उनके पास बेहतरीन अनुभव और अंतरराष्ट्रीय हॉकी का एक्सपोजर है। उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा चैंपियन कोरिया भी इस टूर्नामेंट में देखने योग्य टीम होगी। उन्होंने कहा कि इस साल हम उनके खिलाफ खेल चुके हैं और वे बेहद फिट और तेज नजर आ रहे हैं। कुल मिलाकर हमारी कोशिश पहले सुपर 4 में पहुंचने की होगी। टीम के मुख्य कोच सरजीत कुंदन ने गर्मजोशी भरे स्वागत पर खुशी जताते हुए कहा, सबसे पहले तो हम इस शानदार स्वागत के लिए आभारी हैं। हमें खुशी है कि हम समय से पहले यहां पहुंचे और कुछ वॉर्म-अप मैच भी खेल पाएंगे। हम एक युवा टीम हैं और हमारा लक्ष्य 2028 ओलंपिक और अगले साल के एशियाई खेलों की तैयारी करना है। हाल ही में हमने ऑस्ट्रेलिया और कोरिया का दौरा किया और सुल्तान अजलान शाह टूर्नामेंट भी खेलना है। यहां हमारा मकसद अच्छा खेलना है। हम इस प्रतियोगिता में दूसरी वरीयता प्राप्त टीम हैं और उम्मीद है कि पदक जीतेंगे। मलेशिया 29 अगस्त को टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। मलेशिया पूल-बी में कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे के साथ है, जबकि पूल-ए में भारत, जापान, चीन और कजाखस्तान शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### केरल आयेंगे मेस्सी, नवंबर में खेलेंगे दोस्ताना मैच : केरल के खेलमंत्री अब्दुरहमान

**तिरूवनंतपुरम।** केरल के खेलमंत्री वी अब्दुरहमान ने शनिवार को पुष्टि की कि फुटबॉल सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी समेत अर्जेंटीना की टीम इस साल नवंबर में केरल में दोस्ताना मैच खेलने आयेगी। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (एएफए) ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि मैनेजर लियोनेल स्कालोनी की अर्जेंटीना टीम अंगोला के लुआंडा और केरल में दोस्ताना मैच खेलेगी। इसके बाद केरल के खेलमंत्री ने पत्रकारों को बताया कि केरल ने एएफए से मैच इस साल अक्टूबर या नवंबर में खेलने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा , पहले एएफए 2026 में ये मैच खेलना चाहता था। हमने उनसे अनुरोध किया कि केरल में मैच इसी साल खेले। अब एएफए ने इसकी पुष्टि कर दी है। हम 2022 विश्व कप विजेता अर्जेंटीना टीम को यहां लाना चाहते थे। अब्दुरहमान ने कहा , अर्जेंटीना फुटबॉल टीम को केरल लाने के लिये काफी मेहनत की गई है। हमने बाकी बंदोबस्त पर काम शुरू कर दिया है और जल्दी ही मुख्यमंत्री से इसके ब्यौरे पर बात करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लाखों फुटबॉलप्रेमियों को इस मैच का बेताबी से इंतजार है। उन्होंने कहा , हमारा इरादा प्रशंसकों को मेस्सी को केरल में खेलते देखने का मौका देने का है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्रीय खेल मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक ने इस कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है और सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। विरोधी टीम के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा , हम फीफा की शीर्ष 50 में से एक टीम चुनेंगे। कई टीमों ने हमसे संपर्क किया है ।आस्ट्रेलियाई फुटबॉल टीम भी आना चाहती है और हमारा उनके साथ खेल आदान प्रदान का करार भी है। तीन चार और टीमों ने भी संपर्क किया है।

### सिंक्यूफील्ड कप : प्रज्ञानानंदा ने लाग्रेव से , गुकेश ने डुडा से ड्रॉ खेला

**सेंट लुइस (अमेरिका)।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सिनक्यूफील्ड कप शतरंज के पांचवें दौर में फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव से ड्रॉ खेला जबकि विश्व चैम्पियन डी गुकेश हार से बाल बाल बचे और पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ के साथ अंक बांटे। पांचवें दौर में सभी मुकाबले ड्रॉ रहे। अमेरिका के फ़ेबियानो कारूआना ने 3 . 5 अंक के साथ्र एकल बढत बना ली है। उन्होंने हमवतन वेसली सो से ड्रॉ खेला। दूसरे मुकाबलों में अमेरिका के सैमुअल सेवियान ने उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से ड्रॉ खेला जबकि लेवोन आरोनियन और फ्रांस के अलीरजा फिरोजा का मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। प्रज्ञानानंदा दूसरे और आरोनियन तीसरे स्थान पर हैं जबकि गुकेश, फिरोजा, वेसली, सेवियान और वाचियेर लाग्रेव 2 . 5 अंक लेकर संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। ग्रैंड शतरंज टूर से शीर्ष चार खिलाड़ी इस साल के आखिर में होने वाले फाइनल में जगह बनायेंगे।

### सीसीपीए ने भ्रामक विज्ञापनों के लिए वीएलसीसी पर तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने वजन घटाने के इलाजों से जुड़े भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए वीएलसीसी लिमिटेड पर तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सीसीपीए ने शनिवार को एक बयान में कहा कि यह जुर्माना वीएलसीसी पर 'कूलस्कल्प्टिंग' मशीन का उपयोग करके मोटापे और वजन घटाने के उपचार के बारे में भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए लगाया गया है। बयान में कहा गया, जांच में पाया गया कि वीएलसीसी एक ही सत्र में तेजी से वजन घटने के बढ़ा-चढ़ाकर दावे कर रही थी, जो कूलस्कल्प्टिंग मशीन को मिली वास्तविक मंजूरी से काफी ज्यादा थे, जिससे उपभोक्ताओं को गुमराह किया गया। सीसीपीए ने वीएलसीसी पर तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया और कुछ दिशानिर्देश भी जारी किए हैं, जिनका पालन कंपनी को अपने भविष्य के विज्ञापनों में सख्ती से करना होगा।

### दक्षिण कोरियाई कंपनी तमिलनाडु में फुटवियर संयंत्र स्थापित करेगी: सरकार

**चेन्नई।** दक्षिण कोरिया के ह्वासेंग फुटवियर ग्रुप ने तमिलनाडु में 1,720 करोड़ रुपये का निवेश करके गैर-चमड़े के जूते-चप्पल बनाने की फैक्ट्री लगाने का फैसला किया है। यह भारत में समूह की पहली ऐसी फैक्ट्री होगी। उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने बताया कि यह फैक्ट्री तूतीकोरिन में बनेगी, जिससे इस क्षेत्र में 20,000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। राजा ने बताया कि मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने ह्वासेंग फुटवियर ग्रुप के अधिकारियों से मुलाकात की। राजा ने सोशल मीडिया पर बताया कि यह निवेश तमिलनाडु में सबसे बड़े रोजगार पैदा करने वाले फुटवियर क्षेत्र की परियोजनाओं में से एक होगा। उन्होंने कहा कि अन्य कंपनियों के साथ हुए निवेश समझौतों से भी जल्दी ही नई नौकरियां तैयार होंगी।

# महिला विश्वकप से पहले भारतीय टीम का विशाखापत्तनम में एक सप्ताह का शिविर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम का विश्व कप 2025 से पहले विशाखापत्तनम में 25 अगस्त से एक सप्ताह का शिविर शुरु होगा। शिविर के बाद तैयारी के तहत भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेलेगी। एक सप्ताह तक चलने वाला यह शिविर 25 अगस्त से शुरू होगा और इसके लिए खिलाड़ियों को एक दिन पहले रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है। इस शिविर में विश्वकप के लिए चुनी गई 15 सदस्यीय टीम के अलावा, स्टैंड-बाय के रूप में घोषित छह खिलाड़ी भी शामिल होंगे। इनमें सयाली सतघरे भी हैं, जो कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए घोषित टीम में शामिल हैं। वह विश्वकप में ऑलराउंडर अमनजोत कौर की जगह लेगी। वर्तमान में ब्रिस्बेन में लाल गेंद के मैच में भारत ए की कप्तानी कर रही राधा यादव 24 अगस्त को मैच समाप्त होने के बाद सीधे शिविर से जुड़ जायेंगी। इस शिविर में बाद में भारत ए टीम के भी शामिल होने की संभावना है, जिसका अधिकांश हिस्सा वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ एक अनौपचारिक टेस्ट मैच खेल रहा है। भारत ए टीम को अपना पहला आधिकारिक विश्व कप अभ्यास मैच बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंट (सीओई) में न्यूजीलैंड से भिड़ना है। श्रीलंका, पाकिस्तान, बंगलादेश और दक्षिण अफ्रीका की टीमें शुरुआत में सह-मेजबान शहर कोलंबो में ठहरेंगी और अपने दोनों अभ्यास मैच वहीं खेलेंगी। इस शिविर के लिए स्थल का चुनाव एक रणनीतिक कदम है, क्योंकि भारत को घरेलू विश्व कप के राउंड-रॉबिन चरण में विशाखापत्तनम के एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में दो प्रतिद्वंद्वियों, नौ अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका और 12 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ना है। भारतीय महिला टीम ने आखिरी बार 2014 में विशाखापत्तनम में एकदिवसीय मैच खेला था, जिसमें विश्व कप जाने वाली खिलाड़ी हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और स्नेह राणा शामिल हैं। विशाखापत्तनम के अलावा, गुवाहाटी, इंदौर और नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम आठ टीमों के इस वैश्विक आयोजन की मेजबानी करने वाले अन्य भारतीय शहर हैं। 14 सितंबर को मुल्लांपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली घरेलू श्रृंखला से पहले टीम के एक छोटे ब्रेक के लिए रवाना होने से पहले दूधिया रोशनी में कुछ अंतर-टीम मैच भी खेले जाने की उम्मीद है। इस शिविर में मुख्य रूप से खिलाड़ियों का कौशल परखा जायेगा। ऑस्ट्रेलिया के साथ होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम इस प्रकार हैः- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, ऋचा घोष (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, सयाली सतघरे, राधा यादव, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), स्नेह राणा।

# भारत ने सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में बांग्लादेश को हराया



एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम ने सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए भूटान के थिम्पू स्थित चांगलिमथांग स्टेडियम में बांग्लादेश को 2-0 से हरा दिया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, ''बराबरी के मुकाबले के रूप में देखे जा रहे इस मैच में, भारत की अंडर-17 महिला टीम ने संयमित और प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 में अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल की। बयान में आगे कहा गया है कि, ''पर्ल फर्नांडीस (14वें मिनट) और बोनिफिलिया शुलाई (76वें मिनट) ने भारत के लिए गोल किए और हाफ टाइम तक 1-0 की बढ़त बनाए रखी। इस जीत से भारत का ग्रुप में शीर्ष स्थान भी मजबूत हुआ। उसके दो मैचों में दो जीत के साथ छह अंक हो गए हैं।

# भारत की प्रगति से विश्व की महाशक्तियां चिंतित : कुमार विश्वास

एजेंसी

नयी दिल्ली। अमेरिका के साथ जारी व्यापार तनाव के बीच जाने-माने कवि और पूर्व राजनीतिज्ञ कुमार विश्वास ने शनिवार को कहा कि भारत की आर्थिक तरक्की से दुनिया की कुछ महाशक्तियां चिंतित हैं। हेलीकॉप्टर सेवा कंपनी स्यंदन एविएशन द्वारा दिल्ली के रोहिणी हेलीपोर्ट से राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम और चुरू जिले में स्थित सालासर बालाजी के लिए सेवा के शुभारंभ के मौके पर श्री विश्वास उसके पहले यात्री बने। उन्होंने मीडिया से बात करते हुये कहा कि भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना के पुनरुत्थान का यह नया दौर है। उन्होंने कहा, भारत आर्थिक रूप से भी बहुत आगे बढ़ रहा है जिससे विश्व की महाशक्तियां तक चिंतित हैं, और हमारी आध्यात्मिक और धार्मिक चेतना है, उसका विकास हुआ है। देश में अपने धर्म क्षेत्रों के प्रति, अपनी मान्यताओं के प्रति गर्वित होने का, स्वाभिमानी होने का एक युग प्रारंभ हुआ है। पहली बार अंग्रेजी नववर्ष के अवसर पर ताजमहल से ज्यादा लोग अयोध्या में राममंदिर के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि बड़ी आईटी कंपनियों में काम करने वाले लोग भी समय निकालकर बृज जाते हैं। यह एक नया दौर है। उन्होंने नयी सेवा शुरू करने के लिए स्यंदन एविएशन को बधाई देते हुये कहा, ह्लमध्यम वर्ग में और उच्च मध्यम वर्ग में समय की सीमाएं भी तय हैं। ऐसे समय में देवताओं के द्वार तक श्रद्धालुओं को पहुंचाने की एक योजना स्यंदन परिवार ने की है और उसके प्रथम यात्री के रूप में मैं सपरिवार आज जा रहा हूं। मैं आशा करता हूं कि खाटू श्याम और सालासर बालाजी के द्वार तक एक व्यस्त व्यक्ति (एक) दिन में अपना संकल्प पूरा करके आ सकता है। यह बहुत ही शुभ संकल्प है। स्यंदन एविएशन के प्रबंधन निदेशक अभिनव सहाय ने कहा कि लोग छह घंटे में खाटू श्याम जी और सालासर बालाजी के दर्शन कर वापस आ सकते हैं।

# दिल्ली से खाटू श्याम के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू, अब मथुरा-वृंदावन की तैयारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान करने वाली स्यंदन एविएशन ने शनिवार को दिल्ली के रोहिणी हेलीपोर्ट से राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम और चुरू जिले में स्थित सालासर बालाजी के लिए दैनिक उड़ान शुरू की। स्यंदन एविएशन के प्रबंध निदेशक अभिनव सहाय ने इस मौके पर 'यूनीवार्ता' को बताया कि कंपनी देश के पूरे एविएशन इको सिस्टम में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहा है। उसका फोकस हेलीकॉप्टर से तीर्थयात्रा पर है - ऐसे स्थलों की यात्रा जो सनातन धर्म से जुड़े हुये हैं। उन्होंने बताया कि इसी साल मथुरा-वृंदावन के लिए भी सेवा शुरू की जायेगी। रोहिणी-खाटू श्याम जी-सालासर बालाजी-रोहिणी का किराया 95 हजार रुपये प्रति व्यक्ति रखा गया है। लोग छह घंटे में दर्शन करके उसी दिन वापस भी आ सकते हैं। पूरी यात्रा की दूरी करीब 700 किलोमीटर है। इसमें हेलीकॉप्टर के किराये के साथ दोनों मंदिरों तक परिवहन सेवा, मंदिर में वीआईपी दर्शन, प्रसाद और खाटू श्याम में आराम की व्यवस्था शामिल है। हेलीकॉप्टर सुबह 9.30 बजे रोहिणी हेलीपोर्ट से उड़ान भरेगा और अपराह्न 2.30 बजे वापस आ जायेगा। पहली उड़ान में जाने-माने कवि एवं पूर्व राजनेता कुमार विश्वास पहले यात्री बने। श्री सहाय ने बताया कि स्यंदन एविशन चारधाम यात्रा पहले ही शुरू कर चुकी है। आज खाटू श्याम और सालासर बालाजी के लिए सेवा शुरू की गयी है। अगली सेवा मथुरा और वृंदावन के लिए होगी। उन्होंने बताया कि मथुरा और वृंदावन के लिए ह्लयोजना काफी आगे तक पहुंच चुकी है और ...यह जल्द शुरू होगीह्न। उन्होंने बताया कि लॉजिस्टिक्स को लेकर कुछ काम बाकी है और इसके लिए लोगों को अगले साल का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जयपुर-मेहंदीपुर बालाजी मार्ग पर सेवा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह भी पाइपलाइन में है। सभी हितधारकों से बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है। यदि सब ठीक रहा तो हम इस मार्ग पर भी जल्द सेवा शुरू कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि कंपनी देश में एकीकृत हेलीकॉप्टर एंबुलेंस सेवा शुरू करेगी। ऐसे प्रयास पहले भी किये गये हैं, लेकिन वे सफल नहीं रहे हैं क्योंकि यह काफी चुनौतीपूर्ण परियोजना हैं जिसमें काफी चीजों में समन्वय स्थापित करने की जरूरत होती है। साथ ही सरकारी संगठनों के साथ बहुत नजदीकी साझेदारी की भी आवश्यकता होती है, न सिर्फ सरकारी विभागों के साथ बल्कि सरकार का सहयोग करने वाले संगठनों के साथ भी। पहले कंपनी एक पायलट परियोजना शुरू करेगी। कुछ साझेदारियां की जानी हैं जिनके पूरा होने पर इसकी घोषणा कर दी जायेगी।

# देश की प्रगति के लिए 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' जरूरी : चौहान

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को यहां 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को देश की प्रगति के लिए जरूरी बताते हुए देशवासियों से इस अभियान के लिए लोगों में अलख जगाने की अपील की।

राष्ट्रीय राजधानी के अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते श्री चौहान ने कहा कि 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' को लेकर देशभर में अलग-अलग कार्यक्रम हो रहे हैं, लोग इस अभियान से जुड़ रहे हैं और देश में एक साथ चुनाव होना चाहिए इसके लिए लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने इसका समर्थन करते हुए इसे देश की प्रगति और विकास के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि बार-बार होने वाले चुनाव देश के संसाधनों, समय और ऊर्जा की बर्बादी के साथ ही इससे विकास कार्य बाधित होते हैं।




श्री चौहान ने सभा में मौजूद लोगों से अपील करते हुए कहा, ल्लमेरे भाइयों और बहनों, गांव-गांव जाना है, जागरण का मंत्र फूंकना है औरल्लएक राष्ट्र-एक चुनाव' और स्वदेशी की अलख जगाना है। उन्होंने कहा कि इसका परिणाम यह होगा कि देश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ने के साथ दुनिया का नंबर एक देश बन जाएगा। इसलिए हमें हम सभी को इसके लिए संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में सभी वर्ग आगे आ रहे हैं। इससे राष्ट्र के विकास की गति तेज होगी और चुनावी हिंसा में भी कमी आएगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा चुनाव के दौरान आचार संहिता लगने और पूरे देश की मशीनरी चुनाव संपन्न कराने में जुट जाती है जिससे दैनिक कामकाज प्रभावित होता है और विकास कार्य बाधित होता है। चुनाव में कलेक्टर से लेकर शिक्षक, इंस्पेक्टर और पूरा सरकारी महकता मतदाता सूची से लेकर मतगणना होने तक व्यस्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि जब हर पांच साल में एक बार चुनाव होंगे, तो मतदाता सूची एक ही बार बनेगी, जिससे मतदाता सूची पर विवाद खत्म हो जाएगा और इसके साथ ही चुनाव कराने में होने वाले लाखों करोड़ों रुपये का खर्च भी बचेगा। उन्होने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' देशहित में बताते हुए इससे सभी के जुड़ने की भी अपील की।

## अंतरिक्ष विज्ञान के कारण कृषि क्षेत्र में आए हैं चमत्कारिक बदलाव: शिवराज

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के अवसर पर एक कार्यक्रम को अपने मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि आज कृषि क्षेत्र में किसानों की मदद करने में अंतरिक्ष कार्यक्रम का महत्व उभरकर सामने आया है। क्रॉप एवरेज प्रोडक्शन एस्टिमेशन का सवाल हो, फसल प्रणाली हो, गेहूं, धान, सरसों, कपास, गन्ना इत्यादि का उत्पादन, क्षेत्रफल का सटीक रूप से अनुमान लगाना या मौसम की जानकारी सहित अन्य विषय, सभी में अंतरिक्ष विज्ञान की अहम भूमिका है। शिवराज सिंह ने यहां के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), पूसा में 'कृषि परिवर्तन के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अनुसंधान और विकास' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि इसरो द्वारा विकसित 'जियो पोर्टल' के माध्यम से सूखे-बारिश व मौसम की लगभग सटीक जानकारी मिलने लगी है। इसका जनता की जिंदगी में कितना महत्व है, इसका हम सभी को आभास है। किसान भाई-बहन अब इसके अनुसार खेती की योजनाएं बनाने लगे हैं। हम जानते है कि 'जियो पोर्टल' मिट्टी की नमी के बारे में भी जानकारी देता है। फसल के स्वास्थ्य के बारे में भी डेटा को एकीकृत करता है और सटीक जानकारी उपलब्ध कराने का काम करता है। उन्होंने कहा कि नासा इसरो सिन्थेटिक ऐपर्चर रडार मिशन (निसार) की वजह से अब किसान की छोटी जोत क्षेत्रफल से लेकर बड़े क्षेत्रफल भाग तक, मिट्टी की नमी, फसल की सेहत, बायोमास सभी का सटीक अनुमान लगाना संभव हो गया है। उन्होंने कहा कि सही जानकारियां किसानों तक पहुंचनी चाहिए और उन्हें जागरुक करने में हमारी अहम भूमिका अपेक्षित है। कृषि क्षेत्र में विज्ञान ने जो उपलब्धियां अर्जित की हैं, उसकी सीधी जानकारी किसानों तक पहुंचाने के ध्येय से ही 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की शुरुआत की गई थी। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि अभी वर्तमान में हमारे समक्ष यही चुनौती है कि हम रीयल टाइम में किसानों को आवश्यक जानकारी से अवगत कराए, ताकि इन जानकारियों के आधार पर किसान खेती में फायदा उठा सके।

# ईडी ने किया दिल्ली, गुरुग्राम में अवैध कॉल सेंटर घोटाले का भंडाफोड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए गुरुग्राम और दिल्ली में सात ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। ईडी ने अवैध कॉल सेंटर घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग जांच के संबंध में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत सात ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। जिसमें मुख्य रूप से अमेरिकी नागरिक शामिल थे।

ईडी ने केंद्रीय जाँच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज की गयी एक प्राथमिकी (एफआईआर) के आधार पर अपनी जाँच शुरू की। एफआईआर में लिखा था कि अज्ञात आरोपियों ने नवंबर 2022 और अप्रैल 2024 के बीच दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र से अवैध कॉल सेंटर संचालित किए। इन कॉल सेंटर से तकनीक मदद के नाम से धोखाधड़ी को अंजाम दिया। जिससे विभिन्न पीड़ितों से लगभग 1.50 करोड अमेरिकी डॉलर (120 करोड़ रुपये से अधिक) की ठगी की गयी थी। ईडी की जांच में सामने आया कि आरोपियों अर्जुन गुलाटी, दिव्यांश गोयल और अभिनव कालरा ने गुरुग्राम और नोएडा से कॉल सेंटर चलाकर अमेरिकी नागरिकों को तकनीकी मदद के नाम पर धोखाधड़ी की थी। उन्होंने पीड़ितों के बैंक अकाउंट्स में अनधिकृत पहुंच बनायी और करोड़ों की रकम विदेश खातों में भेज दी। फिर जटिल बैंकिंग नेटवर्क के जरिए ये पैसा वापस इंडिया लाकर अपनी ऐशो आराम की जिंदगी पर खर्च किया। गत 20 अगस्त को हुई तलाशी में कई आपत्तिजनक दस्तावेज़ और डिजिटल रिकॉर्ड ज़ब्त किए गए। घोटाले में शामिल प्रमुख लोगों के बयान दर्ज किए गए। जिससे धोखाधड़ी की पूरी प्रक्रिया का पता लगाने में मदद मिली। ईडी ने आरोपियों से जुड़े 30 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है। इसके अलावा अधिकारियों ने आठ लग्ज़री कारें, महंगी लग्ज़री घड़ियाँ और कई कीमती संपत्तियों की पहचान की है, जिनमें कथित तौर पर अपराध की कमाई से खरीदे गए आलीशान घर भी शामिल हैं।

# भारत की प्रगति से विश्व की महाशक्तियां चिंतित : कुमार विश्वास

एजेंसी

नयी दिल्ली। अमेरिका के साथ जारी व्यापार तनाव के बीच जाने-माने कवि और पूर्व राजनीतिज्ञ कुमार विश्वास ने शनिवार को कहा कि भारत की आर्थिक तरक्की से दुनिया की कुछ महाशक्तियां चिंतित हैं।

हेलीकॉप्टर सेवा कंपनी स्यंदन एविएशन द्वारा दिल्ली के रोहिणी हेलीपोर्ट से राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम और चुरू जिले में स्थित सालासर बालाजी के लिए सेवा के शुभारंभ के मौके पर श्री विश्वास उसके पहले यात्री बने। उन्होंने मीडिया से बात करते हुये कहा कि भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना के पुनरुत्थान का यह नया दौर है।

उन्होंने कहा, ल्लभारत आर्थिक रूप से भी बहुत आगे बढ़ रहा है जिससे विश्व की महाशक्तियां तक चिंतित हैं, और हमारी आध्यात्मिक और धार्मिक चेतना है, उसका विकास हुआ है। देश में अपने धर्म क्षेत्रों के प्रति, अपनी मान्यताओं के प्रति गर्वित होने का, स्वाभिमानी होने का एक युग प्रारंभ हुआ है। पहली बार अंग्रेजी नववर्ष के अवसर पर ताजमहल से ज्यादा लोग अयोध्या में राममंदिर के दर्शन करने पहुंचे।ञ्ज उन्होंने कहा कि बड़ी आईटी कंपनियों में काम करने वाले लोग भी समय निकालकर बृज जाते हैं। यह एक नया दौर है। उन्होंने नयी सेवा शुरू करने के लिए स्यंदन एविएशन को बधाई देते हुये कहा, ल्लमध्यम वर्ग में और उच्च मध्यम वर्ग में समय की सीमाएं भी तय हैं। ऐसे समय में देवताओं के द्वार तक श्रद्धालुओं को पहुंचाने की एक योजना स्यंदन परिवार ने की है और उसके प्रथम यात्री के रूप में मैं सपरिवार आज जा रहा हूं। मैं आशा करता हूं कि खाटू श्याम और सालासर बालाजी के द्वार तक एक व्यस्त व्यक्ति (एक) दिन में अपना संकल्प पूरा करके आ सकता है। यह बहुत ही शुभ संकल्प है।

स्यंदन एविएशन के प्रबंधन निदेशक अभिनव सहाय ने कहा कि लोग छह घंटे में खाटू श्याम जी और सालासर बालाजी के दर्शन कर वापस आ सकते हैं। कंपनी की योजना जल्द ही मथुरा-वृंदावन के लिए भी ऐसी ही सेवा शुरू करने की है।

पूरी यात्रा की दूरी करीब 700 किलोमीटर है और इसक किराया 95 हजार रुपये प्रति व्यक्ति रखा गया है। इसमें हेलीकॉप्टर के किराये के साथ दोनों मंदिरों तक परिवहन सेवा, मंदिर में वीआईपी दर्शन, प्रसाद और खाटू श्याम में आराम की व्यवस्था शामिल है। यह एक दैनिक सेवा होगी। हेलीकॉप्टर सुबह 9.30 बजे रोहिणी हेलीपोर्ट से उड़ान भरेगा और अपराह्न 2.30 बजे वापस आ जायेगा।

# कांग्रेस ने पेशेवरों को महत्व दिया तो मनमोहन सिंह जैसे नेता सामने आये : खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि कांग्रेस ने अपने गठन के समय से ही विभिन्न क्षेत्र के पेशेवरों को महत्व दिया है और इसी का परिणाम है कि पार्टी की विचारधारा महात्मागांधी, पंडित नेहरू, सरदार पटेल से लेकर डॉ मनमोहन सिंह तक सिद्ध हाथों से पोषित हुई है।

श्री खरगे ने शनिवार को यहां डॉ मनमोहन सिंह फ़ेलोशिप प्रोग्राम का उद्घाटन करते हुए कहा कि कांग्रेस की विचारधारा को आगे बढाने की जिम्मेदारी युवा प्रोफ़ेशनलों की है। उनका कहना था कि युवा देश का भविष्य हैं और कांग्रेस की विचारधारा के वाहक हैं। डॉ मनमोहनसिंह फ़ेलोशिप के लिए जिन 50 युवा पेशेवरों का चयन हुआ है वे ऐसी प्रतिभाएं हैं जिनका चयन 1300 युवा प्रतिभाओं में से हुआ है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए कहा ल्लप्रोग्राम के पहले बैच के फ़ेलोज़ को मैं बधाई देता हूं और उनका स्वागत करता हूं। आपकी ज़िम्मेदारी कांग्रेस की 140 साल पुरानी गौरवशाली विरासत को आगे बढाना है। मुझे डा. मनमोहन सिंह के साथ काम करने का मौक़ा मिला। वो बातें कम, काम ज़्यादा करते थे लेकिन आज के प्रधानमंत्री बातें ज़्यादा काम जरा कम करते हैं। मनमोहन सिंह जी हमेशा संसद सत्र के दौरान संसद में होते थे। सवालों का जवाब भी देते थे। विपक्ष के बातों का जवाब भी देते थे। आज के पीएम इसे अपनी तौहीन समझते हैं। जितना काम उनके जमाने में हुआ उसका 10 प्रतिशत भी काम पिछले 11 साल में नहीं हुआ। पढ़-लिख कर जो नेता बनते हैं उनको ज्ञान ज़्यादा होता है, वो काम ज़्यादा करते हैं। वो प्रचार में ज़्यादा ध्यान नहीं देते। उन्होंने कहा कि आज़ादी की लड़ाई और राजनीति में पेशेवरों और बुद्धिजीवियों की बड़ी भूमिका रही है। वर्ष 1885 में जब कांग्रेस बनी थी तो वकील, अध्यापक, डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और अफसर उसमें शामिल थे। बाद में महात्मा गांधी, नेहरू जी, सरदार पटेल, सरोजिनी नायडू जैसे सैकड़ों नायकों ने अपना शानदार कैरियर छोड़कर देश की सेवा की। कांग्रेस ही अकेले पार्टी है जिसने हमेशा पेशेवरों को जगह दी और उनकी काबिलियत का सम्मान किया। डॉ. मनमोहन सिंह इसमें सबसे बड़ा उदाहरण हैं। राजीव गांधी भी राजनीति में आने से पहले पायलट थे। प्रधानमंत्री के रूप में उनका शानदार काम रहा। साल 1990 के बाद संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन का शासनकाल सबसे अलग रहा और यह बद्लाव का दौर था। कांग्रेस सरकार ने पेशेवरों की मदद से सूचना अधिकार कानून, मनरेगा, शिक्षा अधिकार, खाद्य सुरक्षा, वनाधिकार जैसे ऐतिहासिक फैसले किये।

श्री खरगे ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह ने 2008 की वैश्विक मंदी की परछाई भारत पर नहीं पड़ने दी और देश की औसत जीडीपी आठ प्रतिशत की वृद्धि दर रही। उसी दौरान आधार कार्ड पर काम शुरु हुआ और 2014 तक आधे से भी ज्यादा ग्रामीण घरों में लोगों के बैंक खाते खुलने और किसानों की 70 हजार करोड़ कर्ज माफ कर दिये थे। आज हालात इतने खराब हैं कि 700 किसान शहीद हो गए हैं लेकिन सरकार की तरफ़ से कोई पूछने वाला नहीं है। आज सार्वजनिक क्षेत्र ख़त्म होने की कगार पर है। नौकरियां ख़त्म हो रही है। स्थिति यह है कि आप सभी 50 फ़ेलोज को 1300 से ज़्यादा लोगों में से चुना गया है।

# हाईड्रोजन भविष्य का ईंधन, इससे हमारे अन्नदाता ऊर्ज़ादाता भी बनेंगे : गडकरी

एजेंसी

भोपाल। केन्द्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि देश को 2047 तक शक्तिशाली और विश्वगुरु बनाने के संकल्प के साथ कार्य जारी है। भारत अभी 22 लाख करोड़ रुपये का ईंधन आयात कर रहा है, लेकिन हाइड्रोजन हमारे भविष्य का ईंधन है। हाइड्रोजन के बल पर हम ऊर्ज़ा का निर्यात करेंगे। हमारा अन्नदाता, ऊर्ज़ा उत्पादक होगा और वह समृद्ध भी होगा। देश में केवल स्मार्ट शहर नहीं, स्मार्ट विलेज भी बनेंगे। गांव का युवा गांव में ही रोजगार पाए, यही हमारा सपना है।



केन्द्रीय मंत्री गडकरी शनिवार को मध्य प्रदेश के जबलपुर में सड़क परियोजनाओं के लोकार्पण-भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ 4250 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 174 किलोमीटर लंबी नौ सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें प्रदेश का सबसे बड़ा दमोह नाका-रानीताल-मदनमहल-मेडिकल रोड फ्लायओवर भी शामिल है। जबलपुर के महानद्दा में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने मध्य प्रदेश के लिये 60 हजार करोड़ से अधिक लागत की विभिन्न सड़क परियोजनाओं की भी घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश कृषि प्रधान राज्य है। देश में 2000 अमृत सरोवर बने हैं, जिनमें से 109 मध्य प्रदेश के हैं। इनसे निकली मिट्टी सड़कों के निर्माण में उपयोग की गई और मिट्टी निकालने से बनीं संरचनाओं को जल संचय कर आसपास के क्षेत्रों का भूजल स्तर बढ़ाने के लिए तालाब के रूप में उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जबलपुर में निर्मित रानी दुर्गावती फ्लाईओवर के लिए देश में पहली बार 1200 करोड़ रुपये का सीआरएफ (सेंट्रल रोड फंड) मंजूर किया गया है। केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि मध्य प्रदेश के लिए तीन लाख करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं स्वीकृत की हैं, जिनमें से 75 हजार करोड़ के कार्य पूरे किए हैं और 65 हजार करोड़ के कार्य प्रगति पर हैं। आगामी समय में डेढ़ लाख करोड़ रुपये लागत से करीब ढाई हजार किलोमीटर के कार्य डीपीआर के लिए रखे हैं। मध्य प्रदेश में 33 हजार करोड़ रुपये की लागत से पांच ग्रीन फील्ड इकोनॉमिक कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। इंदौर से हैदराबाद कॉरिडोर पर ओंकारेश्वर के पास नर्मदा नदी पर एक भव्य ब्रिज का निर्माण किया गया है। जल्द ही इसका उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उज्जैन-गरोठ 4 लेन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे, भोपाल से कानपुर 440 किलोमीटर लंबा 4 लेन इकोनॉमिक कॉरिडोर बनने पर 15 घंटे की यात्रा 8 घंटे में पूरी होगी। आगरा-ग्वालियर एक्सप्रेस-वे का भूमिपूजन भी जल्द होगा। साढ़े 4 घंटे में ग्वालियर से दिल्ली पहुंचेंगे। दिल्ली से मुंबई के बीच बनाए जा रहे एक्सप्रेसवे में मध्य प्रदेश में 245 किलोमीटर का हिस्सा बनकर पूरा हो गया है। मुंबई में भी कार्य अंतिम चरण में है।

# घर पर ही जल शुद्धता जांच के लिए तीन लाख महिलाएं प्रशिक्षित : पाटिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने कहा है कि देश में हर घर पीने का शुद्ध जल का इस्तेमाल करें इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है और इसके तहत अब तक करीब तीन लाख महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

श्री पाटिल ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण पानी देशवासियों को उपलब्ध कराना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता है और उनके ही विजन के आधार पर 'हर घर नल से जल' पहुंचाने का काम अब पूरा होने के चरण की तरफ है। उनका कहना था कि दूर-दराज के इलाकों में शुद्ध जल लोगों को उपलब्ध कराने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है और ग्रामीण महिलाएं विशेष किट के माध्यम से अपने घर पर ही जल का परीक्षण कर रही है। श्री पाटिल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में ग्रामीण महिलाओं की तस्वीर पोस्ट करते हुए कहा, यह तस्वीर आत्मनिर्भर भारत के आत्मनिर्भर नारीशक्ति की एक सशक्त झलक है। ये महिलाएँ स्वयं पानी की गुणवत्ता की जाँच कर रही हैं, ताकि प्रत्येक परिवार तक पहुँचने वाला जल न केवल उपलब्ध हो, बल्कि स्वच्छ और सुरक्षित भी हो। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में जल जीवन मिशन ने घर-घर नल से जल पहुँचाने के संकल्प के साथ ग्रामीण भारत की महिलाओं को जल गुणवत्ता की प्रहरी और संरक्षिका बनाया। इसके तहत अब तक 24.80 लाख से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका ताकि वे फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से जल की शुद्धता की जाँच कर सकें। देश के हर गाँव में पांच महिलाओं की पहचान कर उन्हें यह प्रशिक्षण दिया गया, जिससे नल से मिलने वाला हर बूंद जल सुरक्षित और विश्वसनीय बना रहे। यह केवल जल आपूर्ति की बात नहीं बल्कि महिला सशक्तिकरण, सामुदायिक सहभागिता और ग्राम नेतृत्व का उज्ज्वल उदाहरण है।

# पेज एक का शेष

## अमेरिका से कोई...

दोहराया अमेरिका की ओर से फ़ोन कॉल किए गये गये थे, अन्य देशों द्वारा भी फ़ोन कॉल किये गये थे। यह कोई रहस्य नहीं है। कम से कम मेरे मामले में, मेरे द्वारा किया गया प्रत्येक अमेरिकी फ़ोन कॉल मेरे 'एक्स' के पृष्ठों में मौजूद है...। श्री जयशंकर ने मध्यस्थता के अमेरिकी दावे को खारिज करते हुए कहा कि बातचीत करना और यह दावा करना कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत का जो परिणाम निकला वह उसका नहीं बल्कि मध्यस्थता का परिणाम है, यह सही नहीं है।

## अंतरिक्ष यात्रियों...

वैज्ञानिक लगातार नये मील के पत्थर स्थापित कर रहे हैं। दो साल पहले भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला पहला देश बना था और इस साल अंतरिक्ष में डॉकिंग की क्षमता हासिल करने वाला चौथा देश बन गया है। भारत के अपने मानव-अंतरिक्ष मिशन की तैयारियों के बीच एक्सिओम-4 मिशन में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले देश के पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से अपनी मुलाकात का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि सरकार अंतरिक्ष यात्रियों का एक 'पूल' तैयार करने की योजना बना रही है जो देश के युवाओं के सपनों को पंख देगा। उन्होंने युवाओं से इससे जुड़ने का आग्रह किया। वैज्ञानिकों के अंतरिक्ष में और गहरे झांकने की चुनौती देते हुए उन्होंने कहा, ''आप सब वैज्ञानिकों की मेहनत से, भारत गगनयान की उड़ान भी भरेगा, और आने वाले समय में अपना अंतरिक्ष स्टेशन भी बनायेगा। अभी हम चांद और मंगल तक पहुंचे हैं। अब हमें गहरे अंतरिक्ष में उन हिस्सों में भी झांकना है, जहां मानवता के भविष्य के लिए कई जरूरी रहस्य छिपे हैं! हमारा क्षितिज आकाशगंगाओं से भी आगे है! इस कार्यक्रम में अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन के अलावा भारत के गगनयान मिशन के लिए चुने गये चारों संभावित अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला, प्रशांत नायर, अजित कृष्णन और अंगद प्रताप मौजूद थे। चारों वायु सेना में ग्रुप कैप्टन हैं। कई वरिष्ठ वैज्ञानिक और अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्टअप तथा अन्य हितधारक भी कार्यक्रम में शामिल हुये। इस बार अंतरिक्ष दिवस की थीम थी - आर्यभट्ट से गगनयान तक! श्री मोदी ने उनकी सरकार के दौरान अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने के बाद हुई प्रगति का जिक्र करते हुये कहा कि नीतिगत स्तर पर कहीं कोई पाबंदी नहीं है। इस क्षेत्र में युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर अवसर पैदा होंगे। बीते 11 वर्षों में देश ने स्पेस सेक्टर में एक के बाद एक लगातार बड़े सुधार किये हैं। आज इस क्षेत्र में 350 से ज्यादा स्टार्टअप काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि निजी सेक्टर द्वारा बनाया गया पहला पीएसएलवी रॉकेट भी जल्द ही लॉन्च किया जायेगा। देश का पहला निजी संचार उपग्रह भी बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने सवाल किया, ''क्या हम अंतरिक्ष के क्षेत्र में अगले पांच साल में पांच यूनिकॉर्न खड़े कर सकते हैं? अभी हम देश की धरती से साल में पांच-छह बड़े लॉन्च देखते हैं। मैं चाहूंगा कि निजी क्षेत्र आगे आये और अगले पांच साल में हम उस स्थिति में पहुंचे कि हर साल 50 रॉकेट लॉन्च कर पायं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, सरकार हर कदम पर आपके साथ खड़ी है।''

## अंतरिक्ष यात्रियों...

चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शंकर कनौजिया आजमगढ़ के रौनापार का रहने वाला था। घटनास्थल से पुलिस ने एक कार्बाइन , एक 9 एमएम पिस्टल, एक खुखरी और भारी मात्रा में जिंदा व खोखे कारतूस बरामद किए। शंकर कनौजिया ने अपने गिरोह के साथ वर्ष 2011 में दोहरीघाट क्षेत्र में लूट के दौरान विंध्याचल पांडे की हत्या कर उनका सिर काटकर गायब कर दिया था। तब से वह फरार था और लगातार लूट जैसे अपराधों को अंजाम देता रहा। इसी क्रम में जुलाई 2024 में उसने महाराजगंज जनपद निवासी शैलेंद्र सिंह का अपहरण कर उनकी लोडर गाड़ी लूटी और हत्या कर उनका सिर धड़ से अलग कर दिया था।

## कर्नाटक के...

जुड़े परिसरों पर कई जगहों पर छापेमारी की थी। केसी वीरेंद्र कुमार पप्पी चित्रदुर्ग विधानसभा सीट से विधायक हैं। कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है। विधायक और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग से जुड़े एक मामले में छापेमारी की गई। प्रवर्तन निदेशालय के बंगलूरू क्षेत्रीय कार्यालय के मुताबिक, मामले में चित्रदुर्ग जिले (छह परिसर), बंगलूरू शहर (10 परिसर), जोधपुर (तीन परिसर), हुबली (एक परिसर), मुंबई (दो परिसर) और गोवा (पांच कैसीनो पपीज कैसीनो गोल्ड, ओशन रिवर्स कैसीनो, पपीज कैसीनो प्राइड, ओशन 7 कैसीनो और बिग डैडी कैसीनो सहित आठ परिसर) में 30 स्थानों पर तलाशी ली गई। एक अधिकारी ने बताया कि अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी से जुड़े मामले में तलाशी ली जा रही है।

## न्यायिक व्यवस्था सुगम...

उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ ने अनेक उपलब्धियां हासिल की है और मुझे विश्वास है कि यहां मौजूद सभी न्यायिक अधिकारी न केवल न्यायिक सेवा से जुड़े हुए हैं बल्कि, परस्पर सहयोग, एकता और व्यावसायिक दक्षता का भी एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करने में सफल होंगे। मुख्यमंत्री योगी ने जोर देकर कहा कि सुशासन का लक्ष्य तभी प्राप्त हो सकता है, जब न्यायिक व्यवस्था समयबद्ध, सस्ती और सुलभ हो। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में जनपद और ट्रायल कोर्ट में 72 लाख मामलों का निस्तारण हुआ, जो एक बड़ी उपलब्धि है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि अभी भी 1.15 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं, जो एक चुनौती है। योगी ने कहा कि हमारी गति जितनी तेज होगी, आम जनमानस में विश्वास उतना ही मजबूत होगा। इसके लिए सरकार हर स्तर पर सहयोग करने को तैयार है। सीएम ने नए आपराधिक कानूनों, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने का उल्लेख किया, जो 1 जुलाई 2024 से प्रभावी हुए। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक आशंकाओं के बावजूद, न्यायिक अधिकारियों ने इन्हें तत्परता से लागू किया, जिससे ये कानून दंड पर आधारित न होकर न्याय की सुदृढ़ व्यवस्था पर केंद्रित साबित हुए। योगी ने विश्वास जताते हुए कहा कि ये कानून भारत की न्यायपालिका और लोकतंत्र को और मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होंगे। सीएम ने डिजिटल बुनियादी ढांचे और आधुनिक तकनीक को न्यायिक व्यवस्था में शामिल करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि ई-कोर्ट, ई-पुलिसिंग, ई-प्रिजन, ई-प्रॉसीक्यूशन और ई-फोरेंसिक के एकीकरण के लिए इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम पर काम चल रहा है। डेटा-बेस्ड विश्लेषण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से लंबित मामलों को कम करने और न्याय प्रक्रिया को तेज करने की योजना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न्यायिक अधिकारियों की सुविधाओं और कल्याण के लिए कई घोषणाओं का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग को उत्तर प्रदेश ने पूर्ण रूप से लागू किया है, और इसके लिए 1,092.37 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा, लखनऊ में न्यायिक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान में 400 बेडेड हॉस्टल (54.28 करोड़ रुपये), स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (14.22 करोड़ रुपये), लेक्चर हॉल, प्रशासनिक भवन और ऑडिटोरियम के लिए 8.77 करोड़ और 2.36 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय प्रयागराज के निर्माण के लिए भी 387 करोड़ रुपये से अधिक की राशि उपलब्ध करवाई गई है जिस पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा प्रदेश में 110 ग्राम न्यायालय क्रियाशील किया जा चुके हैं और अन्य जगह जहां से हमें प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं उसे प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने की कार्रवाई प्रारंभ की गई है। मुख्यमंत्री ने न्यायिक सेवा संघ के लिए 50 करोड़ रुपये का कॉर्पस फंड देने की घोषणा की, जो 2018 में शुरू किए गए 10 करोड़ रुपये के फंड को और मजबूत करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जनपद न्यायालयों में लंबित मामलों के निस्तारण के लिए डिस्पोजीशन क्लर्क की नियुक्ति के लिए आउटसोर्सिंग पर सैद्धांतिक सहमति दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मी में न्यायिक अधिकारियों को बेहतर कार्य वातावरण देने के लिए सभी जनपद न्यायाधीशों के चैंबर में एयर कंडीशनर लगाने का प्रस्ताव स्वीकार किया गया है। इसके अलावा, सभी जनपद न्यायालयों में सीसीटीवी, फायर फाइटिंग उपकरण और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं के लिए 20 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश इलाहाबाद हाईकोर्ट न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता, न्यायमूर्ति राजन राय, न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान, उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के रणधीर सिंह, सभी जनपदों के न्यायाधीश समेत अवकाश प्राप्त न्यायमूर्ति गण व कई न्यायिक अधिकारी गण मौजूद रहे।

